वर्ष- 13 अंक - 159
लखनऊ, सोमवार 09 फरवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार



samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

भाजपा पीडीए समाज को वोट के अधिकार से वंचित करना चाहती है : अखिलेश कटियार 03

दलहन उत्पादकता बढ़ाने के लिए सरकार के प्रयास तेज 03

## -: सर्राफा बाजार :-

गोल्ड 24 कैरेट = **1,56,750**/10 ग्राम
22 कैरेट = **1,43,700**/10 ग्राम
18 कैरेट = **1,17,600**/10 ग्राम
चांदी = **2,85,000**/किग्रा



## संक्षिप्त समाचार

### प्राइवेट जेट क्रैश, दो लोग घायल

**कर्नाटक।** विजयपुरा कर्नाटक के विजयपुर जिले में रविवार दोपहर एक छोटा निजी विमान एक खुले मैदान में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि, विमान में सवार पायलट सहित दोनों लोग दुर्घटना से पहले ही उससे बाहर निकलने में सफल रहे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दो सीट वाला विमान विजयपुर के बाबलेश्वर तालुक के मंगलुरु गांव में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने कहा कि विमान में सवार दोनों व्यक्ति हादसे से पहले उससे बाहर निकलने में सफल रहे। सूत्रों के मुताबिक, हादसे में विमान के तीन टुकड़े हो गए। विमान में सवार पायलट सहित दोनों लोगों को चोटें आई हैं जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है। प्रशिक्षण विमान ने कलबुर्गी से बेलगावी के लिए उड़ान भरी थी।

### 15 वीं मंजिल से छलांग लगाकर छात्र ने की आत्महत्या

**नोएडा।** थाना एक्सप्रेसवे क्षेत्र के सेक्टर 168 स्थित एक सोसाइटी में रहने वाले 12वीं कक्षा के छात्र ने अपनी सोसाइटी के 15 वीं मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना एक्सप्रेसवे के प्रभारी अमित खारी ने रविवार को बताया कि सेक्टर 168 स्थित एक सोसाइटी में रहने वाले 17 वर्षीय छात्र ने बीती रात को अपनी सोसाइटी के 15वीं मंजिल से नीचे को छलांग लगा दिया। इस घटना में उसकी मौत हो गई। वह दिल्ली स्थित एक निजी स्कूल से पढ़ाई कर रहा था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि छात्र ने आत्महत्या करने से पहले लिफ्ट में चढ़कर कैमरे के सामने मुंह कर विक्ट्री का निशाना बनाया, उसके बाद उसने 15 वीं मंजिल से छलांग लगा दिया।

### यूआईडीएआई ने एक करोड़ स्कूली बच्चों का बायोमेट्रिक अपडेट किया पूरा


**नई दिल्ली।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने अपने विशेष मिशन-मोड अभियान के तहत यूआईडीएआई ने रविवार को देश भर के 83 हजार स्कूलों में शिविर आयोजित कर 1 करोड़ से अधिक अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं। इलेक्ट्रानिक्स एवं आईटी मंत्रालय के अनुसार यूआईडीएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश कुमार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों के साथ समन्वय स्थापित कर इस पहल को गति दी। क्षेत्रीय कार्यालयों और शिक्षा विभागों के अथक परिश्रम से मात्र 5 महीनों में इस विशाल लक्ष्य को प्राप्त किया गया। आधार नियमों के मुताबिक, 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों के फिंगरप्रिंट और आइरिस (पुतली) स्कैन नहीं लिए जाते क्योंकि वे उस समय परिपक्व नहीं होते। इसलिए 5-15 की आयु वर्ग में प्रवेश करने पर बायोमेट्रिक्स को अपडेट करना अनिवार्य है। अपडेट न होने की स्थिति में बच्चों को सरकारी योजनाओं, स्कॉलरशिप और नीट, जेईई, सीयूईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के पंजीकरण में बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

### बिहार में मेडिकल छात्रा की मौत को लेकर परिजनों का जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** बिहार की राजधानी पटना में मेडिकल छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के विरोध में दिल्ली के जंतर-मंतर पर रविवार को छात्रा के परिजनों और संघर्ष समिति ने धरना प्रदर्शन किया। बिहार पुलिस के साक्ष्यों के साथ कथित छेड़छाड़ को लेकर स्थानीय नागरिकों में गहरा रोष है। इस मामले में निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली-एनसीआर के नागरिकों के एक समूह ने प्रधानमंत्री को प्रतिवेदन भेजकर व्यक्तिगत हस्तक्षेप की अपील की है।

# आतंकवाद से कोई समझौता नहीं : मोदी

**एजेंसी, कुआलालंपुर।**



भारत और मलेशिया ने आतंकवाद से निपटने, खुफिया जानकारी साझा करने, समुद्री सुरक्षा मजबूत करने, रक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल प्रौद्योगिकी और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में सहयोग बढाने पर सहमति व्यक्त की है। दोनों देशों का मानना है कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र दुनिया के विकास इंजन के रूप में उभर रहा है और वे आसियान के साथ पूरे हिन्द प्रशांत क्षेत्र में विकास, शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं। आतंकवाद पर उनका स्पष्ट संदेश है कि इस पर दोहरा मापदंड मंजूर नहीं तथा आतंकवाद से कोई समझौता नहीं किया जायेगा।

मलेशिया की दो दिन की यात्रा पर आये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को यहां अपने मलेशियाई समकक्ष के साथ व्यापक वार्ता के बाद यह बात कही। प्रधानमंत्री ने मलेशिया में भारत के कामगारों के संरक्षण के लिए सामाजिक सुरक्षा समझौते ,पर्यटन के लिए ग्रैटिस ई वीजा और डिजिटल पेमेंट इंटरफेस यूपीआई के मलेशिया में लागू होने को बड़ा कदम बताया।

▸ रक्षा, सुरक्षा, सेमीकंडक्टर व डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ायेंगे भारत-मलेशिया

▸ हमारी सभ्यताएं, साझा सांस्कृतिक विरासत व लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़ी हुई हैं

श्री मोदी ने वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य में कहा कि भारत और मलेशिया के संबंध विशेष हैं। हम समुद्री पड़ोसी हैं। सदियों से हमारे लोगों के बीच गहरे और आत्मीय रिश्ते रहे हैं। आज मलेशिया, भारतीय मूल की आबादी वाला दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है। हमारी सभ्यताएँ, साझा सांस्कृतिक विरासत और लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़ी हुई हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सुरक्षा के क्षेत्र में हम आतंकवाद रोधी, खुफिया जानकारी साझा करने, समुद्री सुरक्षा में सहयोग मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि दोनों देश रक्षा सहयोग को भी और व्यापक बनाएंगे। साथ ही उन्होंने रक्षा, ए आई, डिजिटल प्रौद्योगिकी और सेमिकंडक्टर के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। श्री मोदी ने कहा कि मलेशिया में भारत के कामगारों के संरक्षण के लिए सामाजिक सुरक्षा समझौते, पर्यटन के लिए ग्रैटिस ई वीजा और डिजिटल पेमेंट इंटरफेस यूपीआई का मलेशिया में लागू होना ये सभी कदम, दोनों देशों के नागरिकों के जीवन को सरल बनाएंगे।

### शांति के सभी प्रयासों का करते रहेंगे समर्थन

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और मलेशिया को तमिल भाषा के प्रति साझा प्रेम भी जोड़ता है। उन्होंने कहा कि मलेशिया में तमिल भाषा की मजबूत और जीवंत उपस्थिति शिक्षा, मीडिया और सांस्कृतिक जीवन में दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र विश्व के विकास इंजन के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि हम आसियान के साथ पूरे हिन्द प्रशांत क्षेत्र में विकास, शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत आसियान को केन्द्र के रूप में प्राथमिकता देता है। प्रधानमंत्री ने वैश्विक संस्थाओं में सुधारों को जरूरी बताया और आतंकवाद पर दोहरे मानदंडों का विरोध करते हुए आतंकवाद से कोई समझौता नहीं करने की बात कही। श्री मोदी ने कहा कि हमारा साझा मत है कि आज की चुनौतियों का समाधान करने के लिए वैश्विक संस्थाओं में सुधार जरूरी है। हम शांति के सभी प्रयासों का समर्थन करते रहेंगे और आतंकवाद पर हमारा संदेश स्पष्ट है, आतंकवाद पर दोहरे मानदंडों का विरोध और आतंकवाद से कोई समझौता नहीं।

# भारत-अमेरिका टैरिफ समझौता उ.प्र. के लिए अवसर : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



भारत-अमेरिका प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत जारी टैरिफ ज्वाइंट स्टेटमेंट को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम बताते हुए कहा कि यह समझौता भारतीय निर्यातकों, एमएसएमई और श्रम-प्रधान उद्योगों के लिए वैश्विक अवसरों का विस्तार करेगा।

उन्होंने कहा कि समझौते में किसानों, खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के हितों को पूर्ण रूप से संरक्षित रखा गया है, साथ ही 'मेक इन इंडिया' को मजबूती मिलेगी और युवाओं व महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ में प्रस्तावित कटौती से उत्तर प्रदेश के निर्यात-आधारित क्लस्टर्स को संरचनात्मक बढ़त मिलेगी। चुनिंदा कृषि उत्पादों और प्रोसेस्ड फूड पर शून्य शुल्क से मूल्यवर्धित निर्यात को बढ़ावा मिलेगा, जबकि फार्मा, मशीनरी और ऑटो कंपोनेंट्स को वैश्विक सप्लाई चेन से जुड़ने का अवसर मिलेगा। इससे एमएसएमई इकाइयों की सीधे निर्यात में भागीदारी बढ़ने की संभावना है। उन्होंने कहा कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग और डेटा सेंटर निवेश को भी इस समझौते से प्रोत्साहन मिलेगा। संवेदनशील कृषि क्षेत्रों में संतुलन बनाए रखते हुए किसानों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। मुख्यमंत्री ने इसे उत्तर प्रदेश के लिए निर्यात, निवेश और रोजगार सृजन के लिहाज से दीर्घकालिक अवसर करार देते हुए कहा कि यह समझौता राज्य की अर्थव्यवस्था को नई गति देगा।

# यूपी विधानमंडल का बजट सत्र आज से

▸ सता व विपक्ष दोनों पक्षों ने बजट सत्र को लेकर कसी कमर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



**11 फरवरी को पेश होगा बजट**

उत्तर प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र नौ फरवरी यानी आज से प्रारंभ होगा। सत्र की औपचारिक शुरुआत राज्यपाल के अभिभाषण से की जाएगी। इसके बाद 11 फरवरी को योगी सरकार वित्तीय वर्ष 2026-27 का आम बजट विधानसभा में प्रस्तुत करेगी। सता और विपक्ष दोनों पक्षों ने ही बजट सत्र को लेकर कमर कस ली है। विपक्ष ने सरकार को घेरने की पूरी तैयारी कर ली है। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि 9 फरवरी को विधानसभा का बजट सत्र शुरू होगा और 11 फरवरी को बजट पेश किया जाएगा।

बजट सत्र के दौरान सरकार की आर्थिक नीतियों, विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों पर व्यापक चर्चा होने की संभावना है। माना जा रहा है कि इस बजट में बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, महिला सशक्तिकरण और युवाओं के लिए रोजगार से जुड़े प्रावधानों पर विशेष फोकस रहेगा।

सत्र के दौरान विभिन्न विभागों के अनुदान मांगों पर भी विचार किया जाएगा, वहीं विपक्ष द्वारा सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने की रणनीति भी देखने को मिल सकती है।

### सदन में सभी सदस्यों को अपनी बात रखने का दिया जाएगा अवसर : सतीश महाना



उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने 09 फरवरी से प्रारम्भ हो रहे 18वीं विधान सभा सत्र को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सभी दलीय नेताओं से सहयोग का अनुरोध किया है। श्री महाना ने कहा कि सभी सदस्यों को अपनी बात रखने का पर्याप्त अवसर दिया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर देर शाम तक सदन की कार्यवाही संचालित की जाएगी, ताकि प्रत्येक सदस्य को अपनी बात रखने का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि संसदीय व्यवस्था में संवाद तथा सकारात्मक चर्चा-परिचर्चा के माध्यम से लोकतंत्र सुदृढ़ होता है। विधानसभा चर्चा और परिचर्चा का मंच है, शोर-शराबे का नहीं। सहमति और असहमति लोकतंत्र का अभिन्न अंग है। शोर-शराबे से न तो सरकार की बात सामने आती है और न ही विपक्ष की। विधान भवन में आयोजित सर्वदलीय बैठक में सभी दलीय नेताओं ने विधान सभा अध्यक्ष को सदन संचालन में सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक में विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि यह देश की सबसे बड़ी विधान सभा है। स्वाभाविक रूप से उत्तर प्रदेश विधान सभा की कार्यवाही पूरे देश के विधान मंडलों के लिए एक मानक एवं आदर्श प्रस्तुत करती है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि पूर्व के इतिहास पर दृष्टि डाली जाए तो विगत चार वर्षों में इस विधानसभा में सर्वाधिक चर्चा हुई है। विधान सभा अध्यक्ष ने सभी दलों के नेताओं से अनुरोध किया कि वे अपने-अपने पक्ष को सदन में शालीनता एवं संसदीय मर्यादा के अंतर्गत रखें और प्रेमपूर्ण वातावरण में बहस करें। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि जिस प्रकार पूर्व के सत्रों में सभी का सहयोग प्राप्त हुआ है, उसी प्रकार इस सत्र में भी सहयोग की आशा है।

# 31 मार्च 2026 से पहले देश पूरी तरह नक्सल-मुक्त हो जाएगा : अमित शाह

**एजेंसी, रायपुर।**



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज रविवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में वामपंथी उग्रवाद पर सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। साथ ही, गृह मंत्री ने छत्तीसगढ़ में विभिन्न विकास कार्यों पर भी एक समीक्षा बैठक की।

बैठक को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि, नक्सलवाद अंत के कगार पर पहुँच चुका है और 31 मार्च 2026 से पहले देश पूरी तरह नक्सल-मुक्त हो जाएगा। माओवादियों के खिलाफ चल रही लड़ाई बिखरी हुई नहीं होनी चाहिए। विभिन्न राज्यों और केन्द्रीय एजेंसियों के बीच सुचारू समन्वय की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि, शेष बचे माओवादियों को अन्य राज्यों में भागने नहीं दिया जाना चाहिए। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि,

▸ केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की छत्तीसगढ़ में वामपंथी उग्रवाद पर सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता

छत्तीसगढ़ ने सुरक्षा और विकास दोनों मोर्चों पर उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को विकास के समान अवसर प्राप्त हों। केन्द्र और छत्तीसगढ़ सरकार की सुरक्षा केन्द्रित रणनीति, इंफ्रास्ट्रक्चर, नक्सल फाइनेंशियल नेटवर्क पर प्रहार व आत्मसमर्पण नीति के सकारात्मक परिणाम आए हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवा खेल, फॉरेंसिक और तकनीकी शिक्षा को गति देते हुए अपनी संस्कृति व परंपराओं को भी सहेज रहे हैं। समीक्षा बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा, केन्द्रीय गृह सचिव, आसूचना ब्यूरो (IB) के निदेशक, गृह मंत्रालय के विशेष सचिव (आंतरिक सुरक्षा), छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF), राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA), सीमा सुरक्षा बल (BSF), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) के महानिदेशक तथा छत्तीसगढ़, तेलंगाना, झारखंड, ओडिशा और महाराष्ट्र के गृह सचिव एवं पुलिस महानिदेशक उपस्थित थे।

### असम सरकार ने लिया अली तौकीर की जांच केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंपने का निर्णय

**एजेंसी, गुवाहाटी।** असम सरकार ने पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख से जुड़े मामले की जांच केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंपने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की अध्यक्षता में शनिवार को यहां हुई कैबिनेट की बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया। श्री सरमा ने बैठक के बाद संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार गृह मंत्रालय से इस मामले की आगे की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) या राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) जैसी किसी भी केंद्रीय एजेंसी से करवाने का अनुरोध करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने एक ब्रिटिश नागरिक एलिजाबेथ कोलबर्न गोगोई के साथ मिलकर अली तौकीर शेख की कथित भारत विरोधी साजिश की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है।

# हुमायूं कबीर का बड़ा ऐलान : बंगाल में निकलेगी 'बाबरी यात्रा'

**एजेंसी, मुर्शिदाबाद।**



पश्चिम बंगाल के भरतपुर विधानसभा से विधायक हुमायूं कबीर ने ऐलान किया है कि बाबरी मस्जिद के निर्माण कार्य की शुरुआत आगामी 11 फरवरी से की जाएगी। इसके ठीक अगले दिन यानी 12 फरवरी से वे 'बाबरी यात्रा' की शुरुआत करेंगे, जो राज्य के कई हिस्सों से होकर गुजरेगी। इस यात्रा के जरिए उत्तर से दक्षिण बंगाल को जोड़ने का संदेश देने की कोशिश की जा रही है। इस संबंध में रविवार को मुर्शिदाबाद में आयोजित एक पत्रकार सम्मेलन में हुमायूं कबीर ने विस्तृत जानकारी दी।

हुमायूं कबीर पहले ही मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद के निर्माण की घोषणा कर चुके हैं। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस से उनकी दूरी खुलकर सामने आ चुकी है और वे पार्टी को हराने के लिए सक्रिय रणनीति बना रहे हैं। ऐसे में बंगाल में बाबरी मस्जिद निर्माण का मुद्दा आगामी विधानसभा चुनावों से पहले कितना प्रभाव डालेगा, इस पर राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है।

# समान नागरिक संहिता का विचार अच्छा : डॉ. मोहन भागवत

▸ कहा- स्वातंत्र्यवीर सावरकर को भारत रत्न मिला तो उस सम्मान का सम्मान ही बढ़ेगा

**एजेंसी, मुंबई ।**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने रविवार को मुंबई में कहा कि समान नागरिक संहिता का विचार अच्छा है। विविधता में भी हमारा कोई विरोध नहीं है। यदि समानता से देश की एकता मजबूत होती है तो हमारा उसे समर्थन है। उन्होंने यह भी कहा कि स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर को भारत रत्न मिला तो उस सम्मान का सम्मान ही बढ़ेगा। संघ प्रमुख डॉ. भागवत आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मुंबई में आयोजित नए क्षितिज कार्यक्रम के दूसरे दिन के दूसरे सत्र को संबोधित कर रहे थे। संघ प्रमुख ने अपने संबोधन में कहा कि समान नागरिक संहिता का विचार अच्छा है। विविधता में भी हमारा कोई विरोध नहीं है।

यदि समानता से देश की एकता मजबूत होती है तो हमारा उसे समर्थन है। उसके लिए संघर्ष की स्थिति पैदा न हो। उत्तराखंड राज्य ने समान नागरिक संहिता के संबंध में पहले प्रस्ताव किया, फिर लोगों के सुझाव मांगे, तीन लाख सुझाव आए। उसके बाद उन्होंने कानून बनाया। कानून बन जाना पर्याप्त नहीं है।

कानून का पालन होना चाहिए। इस सबके बावजूद हम विविधता में एकता के पक्षधर हैं। हम एक समाज है, हमें अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक मानकर विचार नहीं करना चाहिए। अलग-अलग होने पर हम सब अल्पसंख्यक ही हैं। संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने कहा कि बुद्ध ने अपने धर्म को भी सनातन धर्म ही कहा है। हिन्दू अपने आप में कोई धर्म नहीं है। सनातन धर्म की दो शाखाएँ-वैदिक धर्म और बौद्ध धर्म हैं।

### परमहंस सच्चिदानंद जी महाराज 102 वर्ष की आयु में ब्रह्मलीन



**एजेंसी, चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जनपद की सीमा से लगे मध्य प्रदेश के सतना जिले स्थित धारकुंडी आश्रम के संस्थापक, महान संत पूज्य स्वामी परमहंस सच्चिदानंद जी महाराज के ब्रह्मलीन होने से आध्यात्मिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई। 102 वर्ष की आयु में मुंबई में उपचार के दौरान उन्होंने देह त्याग दी। उनके निधन से देश-विदेश में फैले लाखों श्रद्धालु और अनुयायी शोकाकुल हैं। रविवार को धारकुंडी आश्रम में महाराज का पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए लाया गया, जहां मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव समेत तमाम नामचीन हस्तियों ने महाराज जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

# सरयू में मिला लापता एसएसआई अजय का शव

▸ 72 घंटे से थे लापता

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**



बस्ती जनपद के परशुरामपुर थाने से लापता हुए सब इंस्पेक्टर अजय कुमार गौड़ का शव अयोध्या में सरयू नदी से बरामद किया गया है। उनके शव मिलने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

शव अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के तिहुरा माझा इलाके में सरयू नदी से मिला। सूचना मिलते ही अयोध्या कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की। मृतक सब इंस्पेक्टर अजय कुमार गौड़ मूल रूप से देवरिया जनपद के निवासी थे। वह बस्ती जनपद के परशुरामपुर थाने में तैनात थे। गौड़ 5 फरवरी को किसी काम से बाहर निकले थे और उसके बाद से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए थे। उनका निजी मोबाइल फोन और थाने का सीयूजी नंबर लगातार बंद आ रहा था, जिससे परिजनों और पुलिस विभाग में चिंता बढ़ रही थी। लापता होने के बाद से बस्ती पुलिस लगातार उनकी खोजबीन कर रही थी। सरयू नदी में शव मिलने की सूचना से इस मामले ने दुखद मोड़ ले लिया। प्रारंभिक पहचान के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल पाएगा। सब इंस्पेक्टर अजय गौड़ के मौत से पुलिस विभाग में शोक की लहर है। इस घटना ने कई सवाल भी खड़े कर दिए हैं, जिनके जवाब विस्तृत जांच के बाद ही सामने आ पाएंगे।

# पुलिस के डर से युवक ने किया आत्मदाह का प्रयास

**कानपुर, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश में कानपुर के कल्याणपुर क्षेत्र में पुलिस के डर से एक युवक ने आत्मदाह का प्रयास किया। करीब 25 फीसदी झुलसे युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कल्याणपुर कला निवासी कार चालक राहुल दीक्षित का पिछले महीने क्षेत्र के दबंग लोगों से विवाद हुआ था जिसकी रिपोर्ट उसने थाने में करा दी थी। मारपीट के इस मामले में नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि विपक्षी उसे मुकदमा वापस लेने का दवाब बना रहे थे और क्षेत्रीय पुलिस को बात बात पर बुला लेते थे।

इसी क्रम में बीती देर रात विपक्षियों ने पथराव की सूचना देकर पुलिस को बुला लिया जिस पर पुलिसकर्मियों ने पहुंच कर राहुल से थाने चलने को कहा। डर की वजह से राहुल घर के अंदर गया और खुद को आग लगा ली। मौके पर मौजूद पुलिसजनों ने तत्परता से आग बुझा कर उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। इस बारे में पुलिस उपायुक्त पश्चिम एसएम कासिम आबिदी ने बताया कि शनिवार रात लगभग 09:30 बजे थाना कल्याणपुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक द्वारा आत्मदाह का प्रयास किया गया है। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची और घायल अवस्था में युवक को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ से उसे आगे उपचार के लिये उर्सला अस्पताल रेफर किया गया। वर्तमान में घायल का प्राथमिक उपचार चल रहा है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में यह तथ्य सामने आया है कि दिनांक 11/01/2026 को घायल पक्ष का विपक्षियों से विवाद हुआ था, जिसमें विपक्षीगण द्वारा उसके साथ मारपीट की गई थी। इस घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना कल्यानपुर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। उक्त प्रकरण में कुल नौ अभियुक्त नामजद किए गए थे, जिनके विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। आज पुनः विपक्षीगण द्वारा घायल के साथ विवाद किए जाने की बात सामने आई है, जिससे आहत होकर मजरूब ने यह कदम उठाया। वर्तमान घटना के संबंध में उपलब्ध सभी प्रासंगिक साक्ष्य संकलित किए जा रहे हैं तथा घायल के भाई से तहरीर प्राप्त कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे पर बेकाबू कार ने सात को रौंदा, चार की मौत

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



रायबरेली में निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे पर एक बेकाबू कार ने पैदल जा रही सात युवतियों-किशोरियों को रौंद दिया। इसमें चार युवतियों की मौत हो गई। जबकि तीन घायल हो गईं। रविवार देर शाम जगतपुर थाना क्षेत्र के कोडर गांव निवासी शालिनी (20) पुत्री जंगबहादुर अपनी बहन साधना (15) और भदोखर थाना क्षेत्र के अलीगंज की हिमांशी (22) पुत्री दल बहादुर और गांव की रश्मि (15) पुत्री रामरतन, आसमां (18) समेत सात युवतियां चूली गांव में आयोजित भंडारे में शामिल होने गई थीं। भंडारे में प्रसाद खाने के बाद सभी निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे पर चलकर पैदल ही घर लौट रही थीं।

एक्सप्रेसवे पर अचानक आई एक बेकाबू कार ने एक के बाद एक सभी युवतियों को रौंद दिया। सभी गंभीर रूप से घायल हो गईं। जानकारी पर आसपास के लोगों की मदद से पुलिस ने उन्हें सीएचसी, जगतपुर पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद शालिनी, हिमांशी, आसमा व रश्मि पुत्री राम रतन को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पुलिस उपाधीक्षक गिरजाशंकर त्रिपाठी का कहना है कि कार के रौंदने से हादसा हुआ है। घटना की जांच कराई जा रही है। कार को कब्जे में लिया गया है।

# केंद्रीय बजट विकसित भारत की मजबूत नींव : दारा सिंह चौहान

- राष्ट्र प्रथम की सोच से प्रेरित है केंद्रीय बजट 2026-27
- केंद्रीय बजट में युवाओं, किसानों व मध्यम वर्ग को समान प्राथमिकता



गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।

उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री, कारागार विभाग एवं जनपद गोण्डा के प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान ने रविवार को सर्किट हाउस, गोण्डा में आयोजित प्रेस वार्ता में केंद्रीय बजट वित्त वर्ष 2026-27 को राष्ट्र प्रथम की सोच से प्रेरित, सुधारों और जनकल्याण का संतुलित बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत ञ्च2047 के लक्ष्य की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि कर्तव्य भवन से प्रस्तुत यह पहला बजट आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को और मजबूत करता है।

बजट में युवाओं, किसानों, महिलाओं, मध्यम वर्ग और उद्यमियों सभी वर्गों का समान रूप से ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने लोकलुभावन घोषणाओं के बजाय संरचनात्मक सुधारों, रोजगार सृजन और दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता को प्राथमिकता दी है।

प्रभारी मंत्री ने बताया कि बजट में राजकोषीय अनुशासन बनाए रखते हुए विकास की गति को तेज किया गया है। राजकोषीय घाटे को नियंत्रित करने, ऋण-से-जीडीपी अनुपात घटाने और राज्यों को अधिक संसाधन उपलब्ध कराने से संघीय ढांचे को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे उत्तर प्रदेश सहित सभी राज्यों को विकास योजनाओं को गति देने में सहायता मिलेगी।

मध्यम वर्ग को राहत देते हुए कर व्यवस्था को सरल बनाया गया है। शिक्षा और चिकित्सा के लिए टीसीएस में कमी, 12 लाख रुपये तक आय पर शून्य कर और कैंसर व दुर्लभ रोगों की दवाओं पर शुल्क छूट से आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। प्रभारी मंत्री ने इसे विवाद से विश्वास की ओर सरकार की स्पष्ट सोच बताया।

उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए कौशल विकास, शिक्षा से रोजगार की कड़ी, टियर-2 और टियर-3 शहरों में अवसरों का विस्तार तथा स्वास्थ्य क्षेत्र को सशक्त करने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। बायोफार्मा, सेमीकंडक्टर, वस्त्र और आधारभूत संरचना में निवेश से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 न केवल वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करता है, बल्कि आने वाले दशकों के लिए भारत की आर्थिक और सामाजिक दिशा तय करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह बजट जनपद गोण्डा सहित पूरे प्रदेश के विकास को नई गति देगा। प्रेस वार्ता में जनपद के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने मोहा मन




गोंडा-इटियाथोक, समृद्धि न्यूज।

विकास खंड इटियाथोक क्षेत्र के ईश्वर नंद कुट्टी स्थिति सिटी कान्वेंट पब्लिक स्कूल मे रविवार को भव्य वार्षिक उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि के तौर पर कुट्टी के महंत चन्द्र भूषण महाराज व विशिष्ट अतिथि के रूप मे मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी, हाईकोर्ट के पूर्व उपाध्यक्ष गणेश नाथ मिश्रा, धानेपुर चेयरमैन प्रतिनिधि मंशाराम वर्मा, मुजेहना ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शेषराम बारी, उपस्थित रहे, सभी ने संयुक्त रूप से विद्या की देवी माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। उसके बाद स्कूली छात्राओं के अतिथियों के स्वागत मे गीत प्रस्तुति किया।

इसी क्रम मे छोटे बच्चो की श्रृंखला ने अहा टमाटर बड़े मजेदार की प्रस्तुति दे कर सबका मन मोह लिया, उपस्थित अतिथियों ने बच्चो की प्रतिभा के प्रसन्न हो कर पुरस्कृत किया, अधिवक्ता गणेश नाथ मिश्रा ने अपनी ओर से बच्चो को कलम भेंट कर उनका उत्साह वर्धन किया।

विद्यालय के प्रबंधक मनोज मिश्रा की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा की ग्रामीण क्षेत्र मे शिक्षा की गुणवत्ता की अलख जगाते हुए इतना बेहतरीन कार्यक्रम आयोजित किया गया है, इससे बच्चो मे छुपी प्रतिभा को बड़ा मंच मिलने मे सहायता मिलेगी, साथ ही अन्य विद्यार्थियों को प्रेरणा भी मिलती है।

विद्यालय प्रबन्धक श्री मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया की बच्चो द्वारा ग्रुप बना कर 48 कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए जिसमे सोशल मीडिया के उपयोग, साइबर अपराध से जुड़ी जागरूकता का मंचन देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति तथा हास्यात्मक प्रेरनादाई मंचन बच्चो द्वारा किया गया।

## खबरें एक नजर में

### थ्रेसिंग फ्लोर के लिए 13 फरवरी तक ऑनलाइन बुकिंग

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** उप निदेशक कृषि श्याम नारायण श्याम ने बताया है कि जनपद के किसान बन्धुओं को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन एवं पोषण मिशन योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 के अंतर्गत चावल एवं गेहूँ घटक अवशेष प्रबंधन हेतु थ्रेसिंग फ्लोर के 04 लक्ष्य जनपद को प्राप्त हुए हैं। थ्रेसिंग फ्लोर के लाभार्थियों का चयन जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के माध्यम से पूर्णत: पारदर्शी ढंग से ई-लॉटरी पद्धति द्वारा किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत थ्रेसिंग फ्लोर का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक कृषकों को कृषि दर्शन-2 पोर्टल पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन बुकिंग/आवेदन करना होगा।

**महत्वपूर्ण बिंदु :-** एक कृषक केवल एक थ्रेसिंग फ्लोर का लाभ प्राप्त कर सकेगा। केवल कृषि विभाग में पंजीकृत कृषक ही आवेदन करने के पात्र होंगे। लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से चयन किया जाएगा। अंत में उप निदेशक कृषि ने जनपद के समस्त कृषकों से अपील की है कि वे निर्धारित समयावधि में अपना आवेदन/बुकिंग सुनिश्चित करें एवं इस योजना का अधिकतम लाभ उठाएं।

### इल्म की रोशनी से सजी दस्तारे मदरसा गुलशने तय्यबा फातमा



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला सुभाष नगर स्थित मदरसा गुलशने तय्यबा फ़ात्मा द्वारा रविवार, 8 फरवरी 2026 को मोहम्मद यूसुफ उस्मानी इंटर कॉलेज के मैदान में भव्य दस्तारपोशी समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र भर से आए हजारों लोगों की मौजूदगी ने आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान कर दिया। पूरा मैदान दुआओं, तकरीरों और तालियों की गूंज से भरा रहा। यह दस्तारपोशी उन 37 बच्चियों के सम्मान में आयोजित की गई, जिन्होंने कुरआन शरीफ की तालीम, इस्लामी शिक्षा तथा नैतिक मूल्यों को पूर्ण अनुशासन और मेहनत के साथ हासिल किया। बच्चियों के सिर पर दस्तार सजते ही अभिभावकों की आंखें खुशी से नम हो उठीं और उपस्थित लोगों ने खड़े होकर तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। आयोजन में लगभग ढाई हजार लोगों के लिए सम्मानपूर्वक खान-पान की व्यवस्था की गई। अंत में सभी दस्तारपोशी प्राप्त बच्चियों को प्रमाण-पत्र एवं उपहार प्रदान कर दुआओं के साथ विदा किया गया।

### जिले में सपा ने अल्पसंख्यक सभा जिलाध्यक्ष को निकाला बाहर

- एआईएमआईएम प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करने की फोटो आने के बाद हुई कार्रवाई



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी ने बहराइच जनपद के अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष अनवारुल हसन को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में उनके पद से हटा दिया है। यह कार्रवाई अनवारुल हसन की एक तस्वीर वायरल होने के बाद की गई। इस तस्वीर में वह ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन ( एआईएमआईएम ) के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते हुए दिखाई दे रहे थे। जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने अनवारुल हसन की इन गतिविधियों की सूचना शीर्ष नेतृत्व को दी थी। इसके बाद, अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी ने अनवारुल हसन को जिलाध्यक्ष पद से हटाने का पत्र जारी किया। रामहर्ष यादव ने बताया कि शीर्ष नेतृत्व के आदेश पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जल्द ही नए जिलाध्यक्ष की नियुक्ति की जाएगी।

### आठ साल के बच्चे पर जंगली जानवर का हमला



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के खैरीघाट इलाके में शनिवार रात एक आठ वर्षीय बच्चे पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया। बच्चे की चीख सुनकर परिजन और ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर दौड़े, जिसके बाद उसकी जान बच सकी। घायल बच्चे को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। यह घटना खैरीघाट थाना क्षेत्र के बेलामकान ग्राम में हुई। गांव निवासी आठ साल का उमेश शनिवार रात पड़ोस के एक मकान से अपने घर लौट रहा था। तभी झाड़ियों से निकले एक जंगली जानवर ने उस पर हमला कर दिया। उमेश की चीख सुनकर उसके परिजन और आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने शोर मचाया और लाठी-डंडे लेकर जानवर की ओर दौड़े, जिसके बाद जानवर उसे छोड़कर भाग गया। इस हमले में मासूम उमेश के गले पर गहरा घाव हो गया है। परिजन उमेश को तुरंत स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों द्वारा उसका इलाज किया जा रहा है, लेकिन उसकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। हमला करने वाला जानवर कौन था, इसका अभी तक पता नहीं चल सका है। वन विभाग ने क्षेत्र के लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

# अंशकालिक अनुदेशकों में खुशी की लहर



गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अंशकालिक अनुदेशको को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिलने से लंबे समय से संघर्ष कर रहे हजारों अनुदेशकों ने खुशी जताई है।

इस अवसर पर परिषदीय अनुदेशक कल्याण एसोसिएशन जिला गोंडा के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार महामंत्री दिनेश कुमार कोषाध्यक्ष अतुल कुमार यादव जिला महासचिव/ मीडिया प्रभारी शिव शंकर आर्य जिला प्रवक्ता विजय शंकर त्रिपाठी और अन्य साथी रवि कुमार यादव मंजुल मयंक शिव प्रकाश चौधरी मनोज कुमार जोशना यादव आरती सिंह बंसी लाल यादव अखिलेश गोस्वामी निर्मल मिश्रा नितेश मौर्य नरेंद्र चौधरी संदीप शुक्ला अमरनाथ सिंह पवन कुमार अमित कसौधन सूबेदार मौर्य आदि अनुदेशक शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

# करोड़ों के घोटाले को लेकर आक्रोश, ग्रामीणों ने किया पैदल मार्च

- पानी टंकी बनी शोपीस, डीएम से मिलने के बाद हरकत में आया प्रशासन




बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जनपद के तेजवापुर ब्लॉक में जल जीवन मिशन के तहत हुए कार्यों में कथित भ्रष्टाचार को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया है।

ग्राम पंचायत बालासराय के मेला पुरवा में चल रहे धरने के दूसरे दिन शनिवार को दर्जनों ग्रामीण मुख्यमंत्री से मिलने के लिए पैदल ही लखनऊ रवाना हो गए। ग्रामीणों का आरोप है कि बालासराय, रमपुरवा, सुरजना, ऊंचगांव और उदवापुर ग्राम सभाओं में करोड़ों रुपये की लागत से पानी की टंकियां और पाइपलाइन बिछाई गईं, लेकिन घरों तक पानी नहीं पहुंचा। उनका दावा है कि लगभग पांच करोड़ रुपये खर्च होने और पांच साल बीत जाने के बाद भी ये टंकियां केवल शोपीस बनकर रह गई हैं।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे रोहित दीक्षित ने बताया कि सरकारी दस्तावेजों में काम पूरा दिखाया गया है, जबकि जमीनी स्तर पर स्थिति शून्य है। ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। पैदल मार्च के दौरान हरदी थाना पुलिस ने ग्रामीणों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वे अपने संकल्प पर अड़े रहे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन हरकत में आया। तहसीलदार महसी समेत कई अधिकारियों ने ग्रामीणों को शनिवार देर रात तिकोरामोड़ से बहराइच स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचाया।

जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की मांगों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल एक जांच टीम गठित करने के आदेश दिए। गठित टीम रविवार सुबह मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है।

प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि उनकी लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक उन्हें पानी नहीं मिल जाता। उनका कहना है कि यह मामला अब केवल पानी की आपूर्ति का नहीं, बल्कि जनता के अधिकारों और करोड़ों रुपये के कथित घोटाले से जुड़ा है।

# केडीसी महाविद्यालय मे आयोजित हुआ वृहद चिकित्सा शिविर

- गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6.0 के अन्तर्गत आयोजित हुआ कार्यक्रम
- शिविर में जिले सहित प्रदेश के डाक्टरों ने दर्ज की उपस्थिति



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन के तत्वाधान में गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6.0 के अंतर्गत रविवार को नगर के किसान डिग्री कॉलेज परिसर में मेगा स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रांत के प्रांत प्रचारक कौशल, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रांत प्रचारक कौशल किशोर ने कहा कि गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य यात्रा 2019 में प्रारंभ हुआ था, इस यात्रा के माध्यम से सीमावर्ती सुदूर क्षेत्रों में आयोजन कर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। इन स्वास्थ्य कैंपों में 80 मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक छात्र भाग लेते हैं उन्होंने कहा की सेवा का कार्य पुनीत कार्य है।

मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री भाजपा संजय राय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह संघ की अद्भुत दृष्टि है कि बड़े-बड़े मेडिकल कॉलेज छात्र सुदूर सीमावर्ती गांव में जाकर चिकित्सा सेवा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा का मुख्य उद्देश्य सेवा है।

इसी मिशनरिया सेवा के माध्यम से लोग धर्मांतरण का कार्य करते थे किंतु गुरु गोरखनाथ सेवा यात्रा का उद्देश्य का नर सेवा नारायण सेवा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केवल शरीर की स्थिति नहीं यह शरीर एक साधना है। इस शरीर का उपयोग सेवा और समाज निर्माण के किया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेडिकल कॉलेज बहराइच के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ संजय खत्री ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ बृजेश शुक्ला, डॉ पुष्पेंश मिश्रा ने किया।

### शिविर में किया रक्तदान

गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6.0 के अंतर्गत नगर के किसान डिग्री कॉलेज परिसर में आयोजित मेगा स्वास्थ्य कैंप में रक्तदान शिविर में जिला अधिकारी बहराइच अक्षय त्रिपाठी, डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के सीएमएस डॉक्टर विक्रम सिंह, डॉक्टर रंजन वर्मा एवं कृष्ण कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट आदि ने रक्तदान किया।

### बशीरगंज वार्ड में शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का हुआ उद्घाटन



- नागरिकों को बेहतर व सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं होंगी उपलब्ध

बहराइच समृद्धि न्यूज़ बशीरगंज वार्ड में शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद बहराइच के चेयरमेन प्रतिनिधि श्याम करण टेकड़ीवाल रहे।जबकि कैसरगंज भाजपा विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड पार्षद हर्षित राज श्रीवास्तव ने की।इस अवसर पर समाजसेवी सचिन श्रीवास्तव, पार्षद अफसर हुसैन, पुष्पनाथ तिवारी, शकील मिर्जा, सुरेश गुप्ता, अकरम सनी, अब्दुल रज्जाक, मेराज चुन्नू, शादाब अहमद, राजीव सिंह, शकील, विनोद श्रीवास्तव राजू, चांद बाबू, पुनीत गुप्ता, विशाल कुमार, मोहम्मद जावेद, तमसील वारसी अन्नू, सीताराम यज्ञसेनी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉ. पी के वर्मा, समन्वयक अरुण कुमार मौर्य,प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय सेन, स्टाफ नर्स स्वर्णिमा मिश्रा, आशा कार्यकर्ता तथा क्षेत्र के सैकड़ों नागरिकों की सहभागिता रही।अतिथियों ने शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे वार्ड के नागरिकों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी।

# पांचवी बार श्रमजीवी के अध्यक्ष बने संजय मिश्र

- डीएम बोले - खबरें निगेटिव नहीं, कमियों को दूर करने का मिलता है मौका



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

शहर के एलआरपी कालोनी में श्रमजीवी संगठन की वार्षिक बैठक रविवार को आयोजित हुई। मुख्य अतिथि डीएम अक्षय त्रिपाठी रहे। डीएम की मौजूदगी में नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। बैठक में मौजूद लोगों की सहमति से संजय मिश्रा को पांचवी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। डीएम समेत अन्य पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को पुष्पगुच्छ भेंटकर बधाई दी।?डीएम ने कहा कि व्यस्तता के बावजूद भी ऐसे कार्यक्रम को हम छोड़ना नहीं चाहते है। उन्होने कहा कि अक्सर लोग कहते है कि आज अखबार व चैनल में निगेटिव खबरें चल रही है, मेरा मानना है कि खबरें निगेटिव नहीं होती है। हमें पत्रकार के माध्यम से कमियों को दूर करने का मौका मिलता है। हम उन कमियों को भी पत्रकार के माध्यम से जान पाते है, जिन्हें सही समय पर कार्य करने की जरुरत होती है। डीएम ने सभी नई कार्यकारिणी के लिए सभी को बधाई दिया। अध्यक्ष ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया।

# डायट में सामाजिक विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) पयागपुर में सामाजिक विषय पर आधारित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विकास खंड पयागपुर, चित्तौरा, तजवापुर, हुजूरपुर, विशेश्वरगंज के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।प्रशिक्षण का शुभारंभ डायट प्राचार्य आशीष कुमार सिंह के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के नोडल/प्रवक्ता रामपाल वर्मा ने प्रशिक्षण की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सामाजिक विषय के शिक्षण में गतिविधि आधारित पद्धतियों को अपनाकर विद्यार्थियों में विषय के प्रति रुचि विकसित की जा सकती है। प्रशिक्षण में कक्षा 6,7 एवं 8 के सामाजिक विषय से संबंधित पाठ्यक्रम, शिक्षण विधियों, मूल्यांकन प्रक्रिया तथा कक्षा-कक्ष में नवाचार पर विशेष चर्चा की गई। संदर्भदाता के रूप में शिव कुमार चौधरी, सुरभि पाण्डेय, विनोद कुमार सिंह एवं पंकज चतुर्वेदी ने सामाजिक विषय से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर सारगर्भित प्रस्तुतियाँ दीं। उन्होंने सामाजिक विज्ञान को दैनिक जीवन से जोड़ते हुए पढ़ाने के व्यावहारिक उपायों पर जोर दिया। समापन अवसर पर डायट प्राचार्य आशीष कुमार सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के आलोक में सामाजिक विषय का शिक्षण बच्चों की रुचि और सहभागिता पर आधारित होना चाहिए। शिक्षक यदि नवाचार अपनाएं तो सामाजिक विषय बच्चों के लिए रोचक और प्रभावी बन सकता है। उन्होंने प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को विद्यालयों में व्यवहार में लाने का आह्वान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डायट प्रवक्ता रमेश कुमार, गोविंद किशोर, इश्तियाक अहमद, आशीष कुमार, दशरथ यादव तथा वरिष्ठ सहायक वीरेंद्र कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

### रोजाना जाम से जूझता उतरौला जनजीवन अस्त-व्यस्त

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** उतरौला नगर इन दिनों भीषण ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझ रहा है। सुबह स्कूल-कॉलेज खुलने के समय से लेकर देर शाम बाजार बंद होने तक श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा, अंबेडकर चौराहा तथा मुख्य बाजार मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें आम दृश्य बन चुकी हैं। स्थिति यह है कि राहगीरों, व्यापारियों और छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन अपने गंतव्य तक पहुंचने में अतिरिक्त समय और परेशानी झेलनी पड़ रही है।

अब यह समस्या किसी एक दिन या त्योहार विशेष तक सीमित नहीं रही, बल्कि नगरवासियों की दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बन चुकी है।

जाम का सीधा असर - पढ़ाई, व्यापार और स्वास्थ्य पर पड़ रहा है स्कूल समय में जाम लगने से बच्चे देर से विद्यालय पहुंचते हैं। कई अभिभावक छोटे बच्चों को सड़क पार कराने में जोखिम महसूस करते हैं। पैदल चलना भी कठिन हो गया है क्योंकि सड़कें वाहनों के साथ-साथ अस्थायी पार्किंग में बदल चुकी हैं। और दुकानदारों के अनुसार ग्राहक जाम के कारण बाजार आने से बचते हैं, जिससे बिक्री प्रभावित हो रही है। एम्बुलेंस या अग्निशमन वाहन के लिए रास्ता बनाना मुश्किल हो जाता है यह सबसे गंभीर चिंता है। उतरौला में जाम अब सामान्य असुविधा नहीं बल्कि शहरी अव्यवस्था का संकेत बन चुका है। यदि समय रहते प्रशासनिक योजना, यातायात प्रबंधन और नागरिक अनुशासन लागू नहीं किया गया तो आने वाले समय में समस्या और विकराल रूप ले सकती है। नगर की रफ्तार बहाल करने के लिए प्रशासन, व्यापारी और नागरिक — तीनों की संयुक्त भागीदारी ही स्थायी समाधान साबित होगी।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** पयागपुर थाना क्षेत्र के इमलियागंज गांव निवासी तहसीलदार की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई वह दरगाह इलाके में स्थित मालानी एग्रो मिल में काम करता था। शनिवार देर रात काम खत्म होने के बाद वह अपने तीन साथियों विजय, राजराज और दिलीप (निवासी इकौना, जनपद श्रावस्ती) के साथ बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान, दरगाह थाना क्षेत्र के गगनचक के पास घने कोहरे के चलते ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। अस्पताल में चिकित्सकों ने तहसीलदार को मृत घोषित कर दिया। अन्य तीनों घायलों का इलाज जारी है। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# नगर में बढ़ा बंदरों का आतंक, छतों-सड़कों पर डेरा, दहशत में लोग, कार्रवाई की मांग

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

उतरौला नगर क्षेत्र में इन दिनों बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित होने लगा है। गांधीनगर, रफी नगर, सुभाष नगर और पटेल नगर मोहल्लों में सुबह से शाम तक घरों की छतों पर बंदरों के झुंड मंडराते दिखाई देते हैं। हालत यह हो गई है कि कई लोग अपने घरों की छत पर जाने से भी कतराने लगे हैं। सिर्फ छतों तक ही नहीं, बल्कि सड़कों पर भी बंदरों ने डेरा जमा लिया है, जिसके कारण राहगीरों, छात्रों और व्यापारियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। स्कूल आने-जाने वाले बच्चों और महिलाओं में खासा भय का माहौल है, क्योंकि बंदर अचानक झपट्टा मार देते हैं। गांधीनगर पुलिस चौकी, कस्बा चौकी, ज्वाला महारानी मंदिर, गोंडा मोड़ और हनुमानगढ़ी मंदिर क्षेत्र में बंदरों की संख्या सैकड़ों तक पहुंच चुकी है। दर्जनों बंदर छोटे शावकों के साथ घरों की छतों से लेकर बिजली के तारों और सड़कों पर उछल-कूद करते देखे जा रहे हैं।

**स्कूल आने-जाने वाले बच्चों व महिलाओं में खासा भय का माहौल**

स्थानीय दुकानदारों के अनुसार बंदर दुकानों से फल, बिस्कुट और अन्य खाद्य सामग्री उठा ले जाते हैं तथा विरोध करने पर आक्रामक हो जाते हैं। कई घरों में घुसकर रसोई का सामान



बिखेरने की घटनाएं भी सामने आई हैं। हाल ही में बंदरों के हमले में एक बच्चा और एक बुजुर्ग महिला घायल हो गईं, जिससे लोगों में दहशत और बढ़ गई है। नगरवासियों का कहना है कि नगर पालिका परिषद और वन विभाग को कई बार शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों का आरोप है कि समस्या लगातार बढ़ रही है, जबकि प्रशासनिक स्तर पर सिर्फ आश्वासन मिल रहा है।

स्थानीय लोगों ने मांग की है कि बंदरों को पकड़कर सुरक्षित जंगल या संरक्षित क्षेत्र में छोड़ा जाए तथा नगर में नियमित अभियान चलाया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

विशेषज्ञों के अनुसार छोटे शहरों में बंदरों की बढ़ती संख्या के पीछे कई कारण होते हैं जैसे शहरों में भोजन की आसान उपलब्धता, मंदिरों और बाजारों में लोगों द्वारा खाना खिलाना, जंगल क्षेत्र कम होना और कूड़ा प्रबंधन की कमी। जब बंदरों को शहर में लगातार भोजन मिलता है, तो वे स्थायी रूप से वहीं रहने लगते हैं और धीरे-धीरे आक्रामक भी हो जाते हैं।

नगरवासियों का कहना है कि यदि जल्द प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में गंभीर दुर्घटना हो सकती है, क्योंकि बंदर अक्सर बच्चों के हाथ से सामान छीनते समय काट या खरोंच देते हैं। उतरौला में बंदरों की बढ़ती समस्या अब सामान्य परेशानी नहीं बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा का विषय बन चुकी है। नगरवासियों की मांग है कि प्रशासन जल्द ठोस कार्रवाई करे, अन्यथा यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है। लोगों का कहना है समय रहते समाधान ही सुरक्षा की गारंटी है।

# दलहन उत्पादकता बढ़ाने के लिए सरकार के प्रयास तेज

- भारत के कुल उत्पादन में 12 प्रतिशत का योगदान
- कृषि मंत्री ने प्रधानमंत्री व केंद्रीय कृषि मंत्री का जताया आभार





**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा उत्तर प्रदेश में दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 125 करोड़ रुपए का प्रतीकात्मक चेक प्रदान करने के निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने विशेष सहयोग के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री का हृदय से आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि यह वित्तीय सहायता प्रदेश के किसानों की आय वृद्धि, पोषण सुरक्षा और दलहन आत्मनिर्भरता के संकल्प को सिद्ध करने में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने उत्तर प्रदेश में दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाई गई रणनीति पर भी विशेष जानकारी दी है।

उत्तर प्रदेश वर्तमान में देश के शीर्ष दलहन उत्पादक राज्यों में शामिल है और वर्ष 2024-25 में 30.82 लाख मीट्रिक टन उत्पादन के साथ चौथे स्थान पर रहा है। भारत के 256.83 लाख मीट्रिक टन दलहन उत्पादन में यूपी का योगदान 12 प्रतिशत है।

प्रदेश में दलहनी फसलों की औसत उत्पादकता 12.01 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है, जो राष्ट्रीय औसत 9.26 क्विंटल प्रति हेक्टेयर से काफी अधिक है। 2024-25 में 25.66 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में बुवाई की गई थी, जिसे 2025-26 में बढ़ाकर 30.77 लाख हेक्टेयर करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के तहत उन्नत बीजों के वितरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। 2025-26 में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 1,05,642 कुंतल प्रमाणित बीज वितरित किए गए हैं। राज्य सरकार द्वारा संचालित निःशुल्क बीज मिनीकिट योजना के तहत 12,413 कुंतल बीज वितरित कर 92,517 किसानों को लाभान्वित किया गया, जबकि भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए 17,297 कुंतल बीज मिनीकिट से 2,04,693 किसान लाभान्वित हुए हैं। दलहन खरीद के क्षेत्र में भी प्रदेश बेहतर प्रदर्शन कर रहा है, जहाँ वर्ष 2024-25 में 75.85 हजार मीट्रिक टन की खरीद की गई।

उन्होंने कहा कि गन्ने के साथ अंतःफसली खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। 2025-26 के रबी सीजन में 40,000 हेक्टेयर में मसूर तथा जायद में 1,00,000 हेक्टेयर क्षेत्रफल में उर्द एवं मूँग की खेती का विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जायद 2026 में 20,000 कुंतल उर्द एवं मूँग के प्रमाणित बीज अनुदान पर वितरित करने का लक्ष्य है।

# मंत्री नरेंद्र कश्यप ने स्पेशल ओलंपिक विजेता दिव्यांग खिलाड़ी वासु तिवारी को किया सम्मानित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

स्पेशल ओलंपिक में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और प्रदेश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी वासु तिवारी(32)को रविवार पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री(स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने अपने लखनऊ स्थित आवास पर मेडल पहनाकर सम्मानित किया। मंत्री कश्यप ने वासु की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और भविष्य में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

मंत्री नरेंद्र कश्यप ने बताया कि वासु तिवारी ने मार्च 2025 में इटली के ट्यूरिन शहर में आयोजित स्पेशल ओलंपिक स्नोशूइंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 50 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक तथा 25 मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल किया। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में लगभग 150 देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। वासु की इस उपलब्धि पर इटली से लौटने के बाद संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भी उन्हें सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी वासु को सम्मान प्रदान कर चुकी हैं।



मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि कम उम्र में वासु ने असाधारण साहस, अनुशासन और मेहनत के बल पर यह मुकाम हासिल किया है, जो दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने आश्वस्त किया कि वासु की शीघ्र ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मुलाकात कराई जाएगी। साथ ही उन्होंने वासु को आगामी ओलंपिक प्रतियोगिताओं में भाग लेकर देश और उत्तर प्रदेश का नाम और ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।

## खबरें एक नजर में

### चाइनीज मांझे से युवक की कटी नाक, चार दिन में एक मौत, चार घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में चाइनीज मांझे से कटने-घायल होने की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। ठाकुरगंज इलाके में रविवार को एक बाइक सवार की नाक चाइनीज मांझे से कट गई। गनीमत रही कि बड़ी घटना होने से बच गई। इससे पहले शनिवार को यहियागंज उद्योग व्यापार मंडल कार्यालय सचिव की नाक भी चाइनीज मांझे से कट गई थी। शनिवार को ही चौक इलाके में एक बाइक सवार युवक की गर्दन में घाव हो गया था। इससे पहले 5 फरवरी की शाम करीब 5 बजे गोमती नगर विस्तार में बिजली कर्मी का गला कट गया था। इसके कुछ घंटे पहले गोमती नगर विस्तार में ही शहीद पथ पर रिटायर्ड फौजी का गाल और होंठ कट गए थे। 4 फरवरी को पुराने लखनऊ में 2 मासूम बेटियों के पिता की मौत हो गई थी। घायल युवक गुड्डू पोर्टर में नौकरी करता है। ग्राहक का ऑर्डर लेकर चौक जा रहा था। तभी रास्ते में अचानक से मांझा हेलमेट में आकर फंसा और नाक कट गई। गनीमत रही कि हेलमेट पहनने की वजह से ज्यादा गहरा घाव नहीं हुआ। नजदीकी क्लीनिक में उपचार के बाद डॉक्टरों ने छुट्टी दे दी है। पुलिस घायल युवक की जानकारी जुटा रही है।

### ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुसी कार, महिला समेत दो लोग घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** निगोहां थाना क्षेत्र के उदयपुर गांव के पास रविवार दोपहर भीषण हादसा हो गया। एक वैगनआर कार ईंट से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से घुस गई। हादसे में कार सवार महिला पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए उनकी पहचान सरोजनीनगर के विकास और संगीता गंभीर रूप से घायल हो गई। टक्कर इतनी भीषण रही कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रॉली पलट गई। इस दौरान पूर्व जल शक्ति मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह निगोहां क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। हादसा देखकर उन्होंने अपना काफिला रोका। अपनी सुरक्षा में लगे एस्कॉर्ट वाहन से घायलों को मोहनलालगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। सीएचसी में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद संगीता और विकास की हालत गंभीर देखते हुए दोनों को ट्रॉमा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। इस दौरान पूर्व मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह अस्पताल में मौजूद रहे। घायलों के रेफर होने तक व्यवस्था संभाली। पूर्व मंत्री ने एम्बुलेंस से घायलों को ट्रॉमा सेंटर भेजवाने की व्यवस्था कराई। पीजीआई ट्रॉमा सेंटर प्रशासन से बात कर दोनों घायलों का तत्काल और बेहतर इलाज सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाया और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### स्मैकियों ने ट्रैफिक बूथ फूंका, नशा करने से रोकने पर लगाई आग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के चौक इलाके में देर रात स्मैकियों ने उत्पात मचाया। नशा करने से मना करने पर उन्होंने ट्रैफिक पुलिस के एक लोहे के बूथ में आग लगा दी। इस घटना में बूथ के अंदर रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। यह घटना देर रात की बताई जा रही है। सुबह जब पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे, तब उन्हें जले हुए ट्रैफिक बूथ के बारे में पता चला। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने तत्काल उच्च अधिकारियों को मामले की सूचना दी। ट्रैफिक बूथ में पुलिस कर्मियों के बैठने के लिए चार कुर्सियां थीं। एक टेबल थी। जो कि गायब है। स्मैकिए उसे भी अपने साथ ले गए हैं। इसके साथ कुछ विभागीय दस्तावेज थे जोकि जल कर राख हो गए। चौक इलाके में पक्का पुल से लेकर चौक चौराहे को जाने वाली रोड स्मैकियों का अड्डा बन चुकी है। सड़क किनारे कई गुटों में लोग बैठ कर शाम को नशा करते हैं। करीब 1 किमी के दायरे में कई जगह गुट बना कर नशेबाजी की जाती है। इसको लेकर समय समय पर अभियान भी चलाया गया है। इंस्पेक्टर चौक ने बताया कि बीती रात कुछ अराजक तत्वों द्वारा चौकी के पीछे आग लगाकर तापी जा रही थी। इसके बाद बूथ में आग लगी है। आरोपियों की पहचान की जा रही है।

### तस्कर मिया-बीवी गिरफ्तार, 63 लाख की हेरोइन-अफीम बरामद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने ड्रग्स तस्कर मिया-बीवी को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से भारी मात्रा में हेरोइन और अफीम बरामद की है। बरामद नशीले पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 63 लाख रुपए है। ठाकुरगंज थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई। टीम ने लखनऊ के गऊघाट दौलतगंज इलाके से दो सक्रिय तस्करों श्रवण कुमार निषाद और उसकी पत्नी मीना देवी को गिरफ्तार किया गया। दोनों लंबे समय से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में सक्रिय बताए जा रहे हैं। अभियुक्तों के कब्जे से 310 ग्राम अवैध हेरोइन और 135 ग्राम अवैध अफीम बरामद की गई है। इसके अलावा एक मोबाइल फोन और 2,860 रुपए नकद भी जब्त किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक बरामद मादक पदार्थों की अनुमानित कीमत करीब 63 लाख रुपए है। पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे हाल ही में जमानत पर जेल से बाहर आए थे। मुकदमे और घरेलू खर्च चलाने के लिए उन्होंने दोबारा अफीम और हेरोइन की तस्करी शुरू कर दी थी। गिरफ्तारी के समय पति-पत्नी ग्राहक का इंतजार कर रहे थे, तभी एएनटीएफ की टीम ने उन्हें धर दबोचा। इस मामले में थाना ठाकुरगंज, कमिश्नरेट लखनऊ में मुकदमा ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है और आगे और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

# भाजपा के इशारे पर फार्म 7 भरवाकर पीडीए के काटे जा रहे वोट : अखिलेश

- मतदाता सूची के लिए चल रहे एसआईआर के माध्यम से बिहार का चुनाव भाजपा ने जीत लिया, बंगाल में भी कर रही यही कोशिश



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को पार्टी मुख्यालय लखनऊ में प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इशारे पर मतदाता सूची से पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) वोट काटने के आरोप लगाए। उन्होंने चुनाव आयोग से फॉर्म 7 न भरवाने की मांग की।

अखिलेश ने कहा कि मतदाता सूची के लिए चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के माध्यम से बिहार का चुनाव भाजपा ने जीत लिया। बंगाल में भी यही कोशिश कर रही है। वहां मजबूरी में भाजपा की काली करतूत के खिलाफ काला कोट पहनना पड़ा।

आज हमारे साथ नंदलाल हैं, ये वही नंदलाल हैं जिनके भारतीय जनता पार्टी ने फॉर्म 7 पर दस्तखत कराए थे। जबकि वो दस्तख़त करता ही नहीं है बल्कि अंगूठा लगाता है। नंदलाल की इस बहादुरी के लिए हम लोग एक लाख रुपये और लोकतंत्र को बचाने के लिए दे रहे हैं। ये अपने घर पर मंदिर का निर्माण कर रहे हैं, हम समाजवादी लोग इनके मंदिर को बनाने में भी सहयोग करेंगे।

अखिलेश यादव ने कहा कि हमारी मांग है कि चुनाव आयोग फॉर्म 7 भरवाना बंद करे। जिस सरकार से कोई उम्मीद न हो, उनके आखिरी बजट से क्या उम्मीद होगी। भारतीय जनता पार्टी की हर काली करतूत, हर बेइमानी पकड़ी जा रही है। आप सिस्टम को खत्म कर रहें, इसका मतलब आप लोकतंत्र को खत्म कर रहे हैं। बीएलओ अपनी नौकरी बचाने के लिए लोकतंत्र को खत्म नहीं होने देंगे।

सपा अध्यक्ष ने इस दौरान कहा कि पूर्व विधायक अरुण वर्मा जैसे सभी जागरूक और सक्रिय पीडीए प्रहरियों और उनके सभी सहयोगियों का अभिनंदन जो 'लोकतंत्र सेनानी' के रूप में, इतिहास में दर्ज़ होने लायक अपनी सजग भूमिका बखूबी निभा रहे हैं। वे सभी सच्चे पत्रकार भी प्रशंसा के हक़दार हैं जो लोकतंत्र को बचाने में लगे हैं, उन सबका भी अभिनंदन। इस दौरान वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव, राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल, आशु मलिक आदि उपस्थित रहे।

# एनबीएफजीआर की टीम पहुंची जनभवन देखी फल, सब्जी व फूल प्रदर्शनी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

एससीएसपी सब-प्लान प्रोजेक्ट के तहत अनुसूचित जाति समुदाय के कर्मचारियों के लिए स्किल अपग्रेडेशन और एक्सपोजर के तहत आईसीएआर-नेशनल ब्यूरो ऑफ फिश जेनेटिक रिसोर्सेज लखनऊ की एक टीम ने आज जनभवन राज्यपाल के आवास का दौरा किया, जहाँ 6 से 8 फरवरी के दौरान 57वां क्षेत्रीय फल, सब्जी और फूल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह वार्षिक कार्यक्रम है जो ऐतिहासिक परिसर और उसके खूबसूरती से सजाए गए बगीचों को आगंतुकों के लिए खोलता है, जिसमें शानदार फूलों की सजावट, रचनात्मक व्यवस्थाएं और नवीनतम बागवानी तकनीकें प्रदर्शित की जाती हैं। आईसीएआर- एनबीएफजीआर की टीम, जिसमें बागवानी स्टाफ की छह



महिलाएं और 14 पुरुष शामिल थे, उन्होंने फूलों की विस्तृत सजावट को देखा और फूलों और गमलों की रचनात्मक व्यवस्था के लिए नए आइडिया मिले। वे प्राकृतिक सामग्रियों के इनोवेटिव इस्तेमाल से खास तौर पर प्रभावित हुए, जैसे कि सूखी पत्तियों से आकर्षक मछली के डिजाइन बनाना। खास आकर्षणों में क्लाउन फिश, स्टारफिश और डॉल्फिन को दर्शाने वाली बड़ी फूलों की मूर्तियां शामिल थीं, जो पूरी तरह से फूलों से बनी थीं, जिन्हें देखने से उन्हें प्रेरणा व व्यावहारिक पुष्प साज सज्जा सीखने का मौका मिला।

# पाकिस्तान को आतंकी मुल्क घोषित करने की मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

हैदरी टास्क फोर्स ने पाकिस्तान के इस्लामाबाद में शिया समुदाय की मस्जिद पर हुए हमले का विरोध किया। प्रदर्शनकारियों ने नाराजगी जताते हुए पाकिस्तान का झंडा इमामबाड़ा के गेट पर लगाया जिसपर लोग जूता चप्पल पहनकर गुजरे।

हमले का विरोध करते हुए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और सेना अध्यक्ष आसिफ मुनीर का पुतला फूंका। पाकिस्तान मुर्दाबाद का नारा लगाते हुए आतंकी देश घोषित करने की मांग किया। शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष अली जैदी ने कहा कि विगत 3 महीनों में पाकिस्तान में शिया समुदाय पर ये दूसरा बड़ा हमला है। इसमें बड़ी संख्या में बेगुनाहों की मौत हुई हुआ। हम लोग लगातार इसके खिलाफ आवाज उठा रहे हैं मगर पाकिस्तान सरकार पर कोई असर नहीं हो रहा है। पहले पाराचीनार और अब इस्लामाबाद में हमले हो रहे हैं। मासूम बच्चे महिलाएं और बुजुर्ग हर रोज मारे जा रहे हैं। हालात ऐसे हो गए है कि घरों में दरवाजा खटखटा कर, नाम पूछ कर हत्या की जा रही है।

अली जैदी ने कहा कि पाकिस्तान खुद को इस्लामिक मुल्क कहता है मगर वो इस्लामिक नहीं आतंकी देश है। बेगुनाहों की हत्याओं पर पाकिस्तान सरकार खामोश तमाशाई बनी है। पाकिस्तान सरकार मुसलमान तो दूर की बात है इंसान कहलाने के लायक भी नहीं है। ये हत्याएं आतंकी संगठन कर रहे है जिसको सरकार का पूरा समर्थन हासिल है। आतंकी संगठन



चलाने वाले पाकिस्तान के आतंकियों को सरकार सुरक्षा दे रही है। हत्या करने वालों को सऊदी अरब और अमेरिका से पूरी मदद मिल रही है। पाकिस्तान ने शिया मुसलमानों के खिलाफ जंग ऐलान कर दिया है। वहां पर शिया समुदाय के पुश्तों को खत्म करने की कोशिश है।

यूएनओ समेत तमाम मानव अधिकार के संगठनों को इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए। दिल्ली में बांग्लादेश और पाकिस्तान दोनों की एंबेसी में भारत सरकार को ताला लगा देना चाहिए क्योंकि दोनों ही देश में अल्पसंख्यकों का खून बहाया जा रहा है। प्रदर्शन में शामिल मीसम रिजवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस मामले को लेकर पत्र लिखा है। पीएम मोदी जब इस मामले में हस्तक्षेप करेंगे तभी शिया मुसलमान पाकिस्तान में सुरक्षित रह सकता है। जब तक भारत सरकार कड़ा कदम नहीं उठाएगी यह हत्या रुकने वाली नहीं। जल्द ही दिल्ली में पूरे देश के शिया मुसलमान पाकिस्तान एंबेसी का घेराव करेंगे। पाकिस्तान को पूरे दुनिया में प्रतिबंधित कर देना चाहिए।


# विधायक बेदी राम के खिलाफ हो एफआईआर : सपा पार्षद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

सपा पार्षद ममता रावत अपने समर्थकों के साथ बीबीडी थाने पर धरना शुरू कर दिया है। वह सुभासपा विधायक बेदी राम पर मुकदमा नहीं दर्ज होने को लेकर आक्रोशित हैं। उन्होंने साफ कह दिया है कि जब तक विधायक के खिलाफ मुकदमा नहीं दर्ज हो जाएगा, थाने से नहीं हटेंगी। उनके समर्थकों में भी भारी आक्रोश है। वे विधायक बेदी राम मुर्दाबाद के नारे लगा रहे हैं। समर्थकों का कहना है टेंट मंगवाकर धरना देंगे। इससे थाने पर गहमागहमी की स्थिति बनी हुई है।

वहीं, नगर निगम की ओर से भी आज विधायक बेदी राम के खिलाफ शिकायत दी जा सकती है। सपा पार्षद ममता रावत ने 7, फरवरी, शनिवार को विधायक बेदी राम के खिलाफ बीबीडी थाने में शिकायत दी थी। उनका आरोप है कि पुलिस ने मामले में मुकदमा नहीं दर्ज किया है। इस पर आज, 8 फरवरी को वह अपने समर्थकों के साथ बीबीडी थाने आई हैं।

पार्षद ममता रावत का कहना है कि सुभासपा विधायक बेदीराम ने मेरे लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। गालियां दी हैं। उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से भी इस संबंध में अवगत कराया है। मेयर सुषमा खर्कवाल को भी लिखित में शिकायत दे चुकी हैं। ममता चौधरी ने इस प्रकरण को लेकर काफी आक्रोशि हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा विधायक बेदी राम ने मुझे गालियां दी हैं। मैं इसकी



एफआईआर कराउंगी। कार्रवाई नहीं होने पर धरना दूंगी। विधायक का यह अधिकार नहीं है कि एक महिला पार्षद को गालियां दें। गोमतीनगर के भरवारा के गंगोत्री विहार फेज-टू में नाले पर अवैध कब्जे को लेकर विवाद चल रहा है। यहां सुभाषपा विधायक बेदीराम का मैरिज हॉल है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विधायक ने नाले की जमीन पर कब्जा कर रखा है। 6 फरवरी को बेदीराम का एक वीडियो सामने आया था।

आरोप है कि इस वीडियो में विधायक फोन पर लेखपाल कौशल को डांट-फटकार रहे हैं। कह रहे हैं कि तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई, वहां जाने की? नौकरी करना मुश्किल कर दूंगा। इस पर जब लेखपाल स्थानीय महिला पार्षद ममता चौधरी के कहने पर कार्रवाई की बात कहते हैं तो विधायक महिला पार्षद को भी गालियां देते हैं। लेखपाल कौशल ने पुलिस से शिकायत कर मुकदमा दर्ज कराने की बात कही थी। वहीं, विधायक बेदीराम ने सभी आरोपों को नकारा था। उनका कहना है कि हमने अपने बच्चों से बात की थी। नगर आयुक्त ने कार्रवाई रुकवाई थी, हमने नहीं।

# पत्रकारिता की ताकत ही लोकतंत्र की असली आवाज : आलोक

- राष्ट्रीय विस्तार की ओर लखनऊ जर्नलिस्ट एसोसिएशन के मजबूत कदम
- पत्रकार सुरक्षा आयोग व पेंशन जैसे मुद्दों पर हुआ मंथन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ जर्नलिस्ट एसोसिएशन की मासिक बैठक का आयोजन राजधानी लखनऊ में गरिमामय वातावरण में किया गया। बैठक में पत्रकारों के समक्ष मौजूद चुनौतियों, संगठन के विस्तार और पत्रकारों की सुरक्षा जैसे ज्वलंत मुद्दों पर गंभीर मंथन हुआ। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार त्रिपाठी ने अपने विचारों से पत्रकारों में नई ऊर्जा और स्पष्ट दिशा का संचार किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकारिता अपने आप में एक कठिन, जोखिमभरा और जिम्मेदारीपूर्ण कार्य है, लेकिन सत्य को सामने लाना ही पत्रकार का सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि जिस दिन पत्रकार शांत हो जाएंगे, उस दिन समाज को यह पता ही नहीं चलेगा कि देश और समाज में क्या घट रहा है। उन्होंने कहा कि पत्रकार सत्ता की कमियों को उजागर करता है, इसलिए चौथे स्तंभ को कमजोर करने के प्रयास लगातार होते रहे हैं, लेकिन संगठन की एकजुटता ही इसका सबसे बड़ा जवाब है। पत्रकारों पर हो रहे हमलों को लेकर आलोक कुमार त्रिपाठी ने गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि ईमानदारी और समझदारी के साथ कार्य करते हुए पत्रकार खुद को कई हद तक सुरक्षित रख सकता है, लेकिन इसके बावजूद पत्रकार सुरक्षा आयोग का गठन समय की सबसे बड़ी मांग है। उन्होंने अभियान चलाकर पत्रकार सुरक्षा कानून, पत्रकारों की पेंशन और इलाज जैसी मांगों को लेकर विधायकों, सांसदों के माध्यम से मुख्यमंत्री तक ज्ञापन पहुंचाने की रणनीति पर भी जोर दिया।

### संघ शताब्दी लखनऊ में होगी संगीत साधकों की गोष्ठी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 09 फरवरी को सायंकाल भागीदारी भवन के प्रेक्षागृह में संगीत साधकों की गोष्ठी होगी। इस अवसर पर शास्त्रीय संगीत और पाश्चात्य संगीत सहित संगीत के विविध स्वरूपों का समागम होगा। गोष्ठी में कलाकार अपने गायन व वादन कला का प्रदर्शन भी करेंगे। यह जानकारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग शारीरिक शिक्षण प्रमुख अतुल सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस गोष्ठी में भजन व कीर्तन मण्डली, जागरण पार्टी, ब्रास बैंड, मार्चिंग बैंड, स्कूल बैंड व संघ का घोष वादन करने वाले कार्यकर्ताओं को बुलाया गया है। सबका पंजीकरण किया जा रहा है। अतुल सिंह ने बताया कि संगीत साधकों की गोष्ठी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय शारीरिक शिक्षण प्रमुख जगदीश प्रसाद उपस्थित रहेंगे।

**तैयारी**

## संवरेगा मंदिर, पर्यटन विभाग खर्च करेगा एक करोड़

# कोनेश्वर महादेव मंदिर को मिलेगा नया वैभव

- कोनेश्वर महादेव मंदिर के विकास से लखनऊ की धार्मिक विरासत को मिलेगी विशिष्ट पहचान : जयवीर

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चौक में स्थित प्राचीन कोनेश्वर महादेव मंदिर अब अपने वैभव के नए शिखर की ओर अग्रसर है। मंदिर के कोने में विराजमान शिवलिंग की विशिष्ट पहचान और सदियों पुरानी मान्यताओं को केंद्र में रखते हुए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग इस पौराणिक धरोहर के पर्यटन विकास को गति दे रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों पर एक करोड़ रुपये की धनराशि व्यय की जाएगी।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि रामायण काल और भगवान राम के भाई लक्ष्मण से जुड़ी मान्यताएं मंदिर को विशेष बनाती हैं। गोमती नदी के तट पर स्थित यह कौण्डिन्य ऋषि का आश्रम था, जिनका उल्लेख प्राचीन धार्मिक ग्रंथों में मिलता है। यहां बड़ी संख्या में प्रदेश ही नहीं, बल्कि दूर-दराज क्षेत्रों से शिव भक्तों का आगमन होता है। मंदिर परिसर में आगंतुकों की सुविधा हेतु आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय, पेयजल सुविधा तथा श्रद्धालुओं के



लिए विश्राम स्थल निर्माण कार्य होंगे। धर्मग्रंथों के अनुसार, माता सीता को वन में छोड़ने आए शोक संतप्त लक्ष्मण गोमती तट पर स्थित कौण्डिन्य ऋषि के इसी आश्रम में ठहरे थे। उन्होंने लक्ष्मण को आश्रम में स्थापित शिवलिंग का अभिषेक करने को कहा था। इस कथा का वर्णन वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण में भी है। मंदिर में शिवलिंग कोने में स्थित है। कौण्डिन्य ऋषि आश्रम में स्थापित शिवलिंग को कौण्डिन्येश्वर महादेव के नाम से जाना गया, जो कालांतर में कोनेश्वर महादेव के नाम से प्रसिद्ध हुआ। सावन के महीने में मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि धार्मिक आस्था, ऐतिहासिक विरासत और अवधी व्यंजनों की त्रिवेणी से सजा लखनऊ आज वैश्विक पहचान बना चुका है। पर्यटन विभाग के सतत प्रयासों का ही प्रतिफल है कि यूनेस्को ने हाल ही में लखनऊ को प्रतिष्ठित क्रिएटिव सिटी ऑफ़ गैस्ट्रोनॉमी का दर्जा प्रदान किया। सरकार द्वारा विकसित आधुनिक पर्यटक सुविधाओं, बेहतर कनेक्टिविटी और सुव्यवस्थित प्रबंधन के चलते वर्ष 2025 में लखनऊ में लगभग 1.5 करोड़ पर्यटकों का आगमन दर्ज किया गया, जिनमें बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक शामिल रहे। यह शहर की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय लोकप्रियता और सांस्कृतिक आकर्षण को सशक्त रूप से रेखांकित करता है।

# न्यू लेबर कोड्स विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

टी.एस. मिश्रा विश्वविद्यालय, लखनऊ के विधि संकाय द्वारा लेबर लॉ 2.0 रीइमैजिनिंग वर्क, राइट्स एंड रेगुलेशन इन द एज ऑफ इंडियास न्यू लेबर कोड्स विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। न्यू लेबर कोड्स के लागू होने के पश्चात इस विषय पर इतने व्यापक स्तर पर अकादमिक विमर्श आयोजित करने वाला टी.एस. मिश्रा विश्वविद्यालय देश का प्रथम विश्वविद्यालय बनकर उभरा है, जो समकालीन विधिक शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

हाल ही में लागू न्यू लेबर कोड्स भारत के श्रम कानून ढांचे में एक ऐतिहासिक परिवर्तन का प्रतिनिधित्व करते हैं। 29 केंद्रीय श्रम कानूनों को समाहित कर चार संहिताओं–कोड ऑन वेजेज, इंडस्ट्रियल रिलेशंस कोड, ऑक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशंस कोड तथा सोशल सिक्योरिटी कोड–में परिवर्तित किया गया है। इन सुधारों का उद्देश्य पारदर्शी, प्रभावी एवं संतुलित प्रणाली स्थापित करना है, जिससे श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा, उचित वेतन, कार्यस्थल सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित हो सके, साथ ही व्यवसाय करने में सुगमता भी बढ़े। किसी भी विधायी सुधार की सफलता उसके सही क्रियान्वयन और समझ पर निर्भर करती है।



- न्यू लेबर कोड्स पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित करने वाला भारत का प्रथम विश्वविद्यालय बना टी.एस. मिश्रा विश्वविद्यालय का विधि संकाय

इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय ने एक ऐसा मंच प्रदान किया, जहाँ इन संहिताओं के अवसरों, चुनौतियों और व्यावहारिक प्रभावों पर शोध एवं संवाद के माध्यम से विचार-विमर्श किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति राजीव भारती, न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय, लखनऊ पीठ थे।

लीड कॉन्वेंट स्कूल का मनाया गया 20वां वार्षिकोत्सव

# राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार और एडीएम एफआर अरविंद ने किया शुभारंभ

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

लीड कॉन्वेंट स्कूल का 20वां वार्षिकोत्सव 'उड़ान (द विंग्स ऑफ लीड) अपने निराले अंदाज में गांधी भवन प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया। लीड शाइनिंग स्टार का अवार्ड माहिरा खान, ईशान गुप्ता, माहिरा खान, रूमैसा, अब्रुज़र, नील मिश्रा, आयांश स्वस्ति, अथर्व यादव, शौर्य सक्सेना, मोहम्मद यायाह, अनिकेत सिंह, अजीरा फातिमा, मुगीज, आद्या, सृष्टि, सुमेरा, बरिशा, श्रेष्ठ,आयशा, मानसी, अजान, जोहा ताज, एंजेल सक्सेना, नवाज अहमद खान, हुरिया, इनाया फातिमा, जोहा ताहिर, जोया फातिमा,एवं सत प्रतिशत उपस्थिति के लिए शिक्षिका श्रीति सिंह, फराह खान आस्था मिश्रा लोचन मिश्रा एवं बेस्ट टीचर की ट्रॉफी से फराह खान एवं चांदनी अनवर को सम्मानित किया गया। 7 फरवरी दिन शनिवार को लीड कान्वेंट स्कूल का 20 वां वार्षिक उत्सव अपने रंग बिरंगे निराले अंदाज में बड़े ही धूमधाम से अटल बिहारी वाजपई ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। समारोह में मिथिलेश कुमार राज्यसभा सांसद, विशिष्ट अतिथि डी पी एस राठौड़ अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक, अरविंद कुमार सिंह एडीएमएफ आर, सचिन बाथम, शिल्पी गुप्ता सिटी प्रेसिडेंट ऑफ़ बीजेपी एवं इंदु अजनबी रहे। आकर्षक ढंग से सजाए गए अटल बिहारी वाजपई ऑडिटोरियम में स्वागतोत्सुक विद्यालय ने अपनी परम्परा को निभाते हुए सर्वप्रथम आमंत्रितों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके बाद मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि सहित स्कूल की प्रधानाचार्या तराना जमाल, निदेशक मोहम्मद जमाल ने चारों धर्म के समक्ष दीप प्रज्वलित करके उत्सव का शुभारंभ किया। तत्पश्चात कक्षा 4 की छात्राओं शानवी शर्मा, अमोली, अनिका, हर्षी, अमायरा, आराध्या, इरफात रुशति पाल, आदि ने गणेश वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कक्षा 2 के छात्र-छात्राओं जुनेरा फातिमा, रिद्धिमा सक्सेना, मरियम, श्रेया, हिबा, अलिशबा, आयजा अंसारी, आयजा बारिश, सिदरा, मुंतहा, अफ़जा, हादिया, व्योम वाजपेई, प्रथम, अभिराम अग्निहोत्री, अरशान, हुसैन ने वेलकम डांस प्रस्तुत कर कार्यक्रम को गति प्रदान की। इसी कड़ी में कक्षा प्री नर्सरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने चले जैसे हवाएं गाने पर नृत्य करके सभी अभिभावकों , अतिथियों का मन मोह लिया । तत्पश्चात कक्षा 4 की छात्राओं ने लेडी सिंघम एक्ट प्रस्तुत



कर महिला सशक्तिकरण का उदाहरण प्रस्तुत किया। तत्पश्चात नर्सरी के बच्चों ने चंदा चमके...., अल्फाबेट गाने पर नृत्य और मोबाइल एडिक्शन पर जागरूकता एक्ट प्रस्तुत कर अपने विचारों को व्यक्त करने का छोटा सा प्रयत्न किया। इसके बाद शिक्षिकाओं ने विद्यालय गीत प्रस्तुत कर विविधता में एकता का संदेश दिया साथ है मां और बेटी के रिश्ते पर एक इमोशनल एक्ट प्रस्तुत किया। कक्षा तीन व कक्षा नर्सरी की कुछ छात्राओं ने बेटी बचाओ पर सुंदर प्रस्तुति देकर सभी की आंखों को नम कर दिया।कक्षा के .जी के छात्र-छात्राओं ने मेड इन इंडिया, हवा हवाई और अपना हर एक दिन ऐसे जियो गाने पर नृत्य प्रस्तुत कर जिंदगी को सकारात्मक विचारों से भरे रहने का संदेश दिया। तत्पश्चात कक्षा 2 के छात्रों ने हमारे भारतीय सैनिकों के देश भक्ति गुण नन्हा मुन्ना राही हूं गाने पर नृत्य प्रस्तुत कर मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके बाद कक्षा 1 की कुछ छात्र-छात्राओं ने मैंने कहा फूलों से गाने पर सुंदर प्रस्तुति दी। कक्षा 6,7 और 8 के छात्र-छात्राओं ने मिलकर सेव अरावली पर सुंदर एक्ट प्रस्तुत दी। इसी कड़ी में कक्षा 3 की कुछ छात्राओं ने पेड़ बचाओ जीवन बचाओ पर नृत्य के माध्यम से जागरूकता एक्ट प्रस्तुत किया। इसके बाद कक्षा 1 के कुछ छात्रओं ने जय जयकारा गाने की प्रस्तुति द्वारा सकारात्मक विचारों को प्रस्तुत किया । तत्पश्चात स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती तराना जमाल ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विगत वर्ष में विद्यालय द्वारा अर्जित उपलब्धियों की जानकारी दी ।कार्यक्रम की अगली प्रस्तुति में कक्षा चार के छात्रों द्वारा शिव तांडव कक्षा 2 के छात्रों द्वारा मंजिल तलाश कर और कक्षा 5 की छात्राओं द्वारा पंजाबी डांस कक्षा एक की छात्राओं द्वारा फैरी डांस प्रस्तुत कर हिंदू मुस्लिम सिख इसाई भाईचारे का एक सुंदर दृश्य प्रस्तुत किया। इसके बाद कक्षा चार के छात्राओं द्वारा जल ही जीवन है पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया गया जिससे जल संरक्षण की शिक्षा दी गई। उसके बाद शिक्षिकाओं एवं कक्षा 2 की छात्राओं ने प्यार की गंगा बहे पर प्रस्तुति देकर भाईचारे का संदेश दिया तत्पश्चात कक्षा 3 के छात्र-छात्राओं ने से नो टू प्लास्टिक पर संदेशवाहक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए कक्षा 1 व 2 की छात्राओं ने हुला हुप डांस की आकर्षक प्रस्तुति दी। तत्पश्चात कक्षा 5 की छात्राओं ने पर्दा है पर्दा कव्वाली प्रस्तुत कर कार्यक्रम में रंग-बिरंगे रंग भर दिए। तत्पश्चात कक्षा 6 , कक्षा 7 व 8 की छात्राओं ने हर तरफ हर जगह गाने पर क्लासिकल डांस की प्रस्तुति देकर सभी को भाव विभोर कर दिया। इसके बाद कक्षा 5 के छात्र-छात्राओं ने ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित नाटक प्रस्तुत कर महिला सशक्तिकरण का एवं देशभक्ति का उदाहरण देकर सभी की आंखों को नम दिया। तत्पश्चात कक्षा 6,7 व 8 के छात्रों ने कॉमेडी डांस प्रस्तुत कर जिंदगी की चुनौतियों से लड़ने की सीख दी। तत्पश्चात कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के छात्र छात्राओं ने रैंप वॉक में भी प्रतिभाग किया। रंग बिरंगे परिधानों में सजे नन्हे-नन्हे बच्चों ने अपनी मोहक प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।उड़ान (द विंग्स ऑफ लीड 2026) की ट्रॉफी से शिक्षिका तरन्नुम आज़मी एवं शोएबा परवेज को सम्मानित किया गया। साथ ही बेस्ट शिक्षक की ट्रॉफी चांदनी अनवर और फराह खान को प्रदान किए गई। शिक्षिका श्रीति सिंह, फराह खान,आस्था मिश्रा और लोचन मिश्रा, नीतू सक्सेना को शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। क्लास ऑफ़ द ईयर के लिए कक्षा नर्सरी की शिक्षिका राहत जहां और नाजिया जबी एवं कक्षा के जी की शिक्षिका रूपा सिंह, अपर्णा, ऋतु सक्सेना को सम्मानित किया गया एवं बेस्ट सपोर्टिंग टीचर ऑफ़ द ईयर की ट्रॉफी से प्राची सक्सेना, निदा अंसारी, वर्णिका, सबा, अंजलि अग्निहोत्री, रीमा सक्सेना, वारिशा इजाज, शाहवर चांदनी, शबेनूर, शाइस्ता, शिवानी, सायमा, इकरा, नाजरीन को सम्मानित किया। ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी ग्रीन हाउस, डिस्प्ले बोर्ड ट्रॉफी रेड हाउस, स्पोर्ट की ट्रॉफी ब्लू हाउस एवं पूरे साल बेस्ट परफॉर्मेंस की ट्रॉफी येलो हाउस को दी गई। कार्यक्रम को आकर्षक बनाने मे मान्या, रमशा, प्रिंस, अयान, आरना, आहिल, वैष्णवी, शानवी, आरिश, जमीला, आयशा, अभिक मिश्रा, नवा खान आदि बच्चों का योगदान रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का सहयोग रहा। कार्यक्रम में सचिन बाथम , अश्वनी कुमार सिंह एस एच ओ कोतवाली चौक, विनय पांडे यातायात प्रभारी, विमला बहन, नमिता सिंह, अमित सिंह (फाउंडर ऑफ़ रानी लक्ष्मी बाई महिला विंग्स), स्वाति सिंह (प्रेसिडेंट ऑफ़ भोर फाउंडेशन एंड ब्रांड एंबेसडर ऑफ़ हंगामा टाइम्स) शाहनवाज खान (फाउंडर ऑफ़ सहयोग संस्था) अनिल गुप्ता, शिखा जैन, पदमा गुप्ता, रजनी गुप्ता, स्तुति गुप्ता, सत्य प्रकाश मिश्रा, अशोक अग्रवाल, ओमकार मनीषा, नरेंद्र सक्सेना, सुनीता खन्ना मौजूद रहे। अंत में निदेशक मोहम्मद जमाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## अवैध खनन पर रौजा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो डंपर व एक जेसीबी मशीन सीज

रौजा, शाहजहांपुर। जनपद में अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रौजा पुलिस ने शनिवार देर रात सख्त और प्रभावी कार्रवाई करते हुए खनन माफियाओं पर करारा प्रहार किया है। पैंतापुर गांव के समीप पुलिस ने छापेमारी कर अवैध खनन में संलिप्त दो डंपर और एक जेसीबी मशीन को मौके से पकड़ लिया। प्रभारी निरीक्षक रौजा राजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पकड़े गए तीनों वाहनों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें सीज कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस को लंबे समय से इस क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायतें मिल रही थीं, जिस पर कार्रवाई करते हुए यह सफलता हासिल हुई है। पुलिस की इस कार्रवाई से न सिर्फ सरकारी राजस्व को हो रहे नुकसान पर रोक लगेगी, बल्कि पर्यावरण को पहुंचाए जा रहे नुकसान पर भी अंकुश लगेगा। अचानक हुई इस कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है और क्षेत्र में अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। रौजा पुलिस का कहना है कि अवैध खनन किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे तत्वों के खिलाफ आगे भी सख्त अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि यदि कहीं अवैध खनन या इससे जुड़ी कोई गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।


## खबरें एक नजर में

### शायर इशरत सगीर फख्र-ए- हिंदुस्तान अवार्ड से सम्मानित



शाहजहांपुर। रविवार को लखनऊ की साहित्यिक संस्था फख्र–ए– हिंदुस्तान के तत्वावधान में आयोजित मुशायरा एवं कवि–सम्मेलन में शायर इशरत सगीर को फख्र–ए– हिंदुस्तान साहित्यिक अवार्ड से सम्मानित किया गया। इशरत सगीर को यह सम्मान उनकी साहित्यिक उपलब्धियों के लिए प्रदान किया गया। इशरत सगीर अपने जनपद के उभरते चर्चित शायर हैं और प्रतिष्ठित मचों पर अपनी काव्य प्रस्तुति देते रहते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रसिद्ध गीतकार पीयूष शर्मा, आरिफ़ अल्वी, देशराज देसाई, इक़बाल अकरम वारसी, यासीन इब्ने उमर, हिना कौशल गोरखपुरी, डा. रेनू द्विवेदी, डॉ. सीमा श्रीवास्तव, डॉ. अंश प्रताप सिंह, सुनील मल्होत्रा ने काव्यपाठ किया। इशरत सग़ीर को उनकी इस उपलब्धि पर वरिष्ठ कवि ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान, विकास सोनी ऋतुराज, विकास शर्मा पारस, आतिश मुरादाबादी, अभिषेक ठाकुर अधीर ने बधाई देते हुए हर्ष जताया।

### हिन्दू जाति में बंट रहे है उन्हें एक होने की जरूरत: अनिल पाण्डेय




पुवायां, शाहजहांपुर। विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बाला जी मंदिर खुटार के पुजारी अनिल पाण्डेय ने हिन्दू सम्मेलन में कहा कि हिंदुओ को एक होने की आवश्यकता है क्योंकि आए दिन हिन्दू जातियों में बंट रहे है। जो अधिक घातक है। रविवार को ग्राम बड़ागांव में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमे कार्यक्रम के अध्यक्ष शैलेश वैश्य ने मुख्य अतिथि बालाजी मंदिर के पुजारी अनिल पाण्डेय का जोरदार स्वागत किया। पुजारी अनिल पाण्डेय ने हिन्दू सम्मेलन में कहा कि हिन्दू समाज मे कई बुराइयां आ गई है जो सभी हिंदु जाति, धर्म मे बंट रहे है उन्हें एकजुट होने की आवश्यकता है। वर्ना इस देश मे हिंदुओ का बहुत नुकसान होगा। मुख्य वक्ता प्रीतम ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि विराट हिन्दू सम्मेलन केवल एक आयोजन नही है बल्कि हिन्दू समाज को एक सूत्र में पिरोने का अभियान है। इसका उद्देश्य समाज मे आत्मगौरव, संस्कार, राष्ट्रप्रेम ओर संस्कृतिक चेतना को मजबूत करना है। जब समाज संगठित और जागरूक रहेगा तभी तो राष्ट्र सशक्त बनेगा। रमेश दीक्षित ने युवाओं का आवाहन किया कि वे अपनी संस्कृति, परंपराओं और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें तथा समाज सेवा को जीवन का लक्ष्य बनाएं। इस कार्यक्रम में तुलाराम बाबा हिन्दू सम्मेलन समिति, एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता, संजीव बंसल, दीपारानी समेत तमाम हिन्दू संगठन मौजूद रहे।

### सड़क सुरक्षा जागरूकता पर स्लोगन में मोहिनी प्रथम, द्वितीय स्थान पर दीपांजलि




शाहजहांपुर। आर्य महिला डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं द्वितीय इकाई द्वारा प्रथम एक दिवसीय शिविर का शुभारंभ प्राचार्य के द्वारा किया गया। प्रथम इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डा.रानू दुबे एवं द्वितीय इकाई की कार्यक्रम अधिकारी ऋतु शर्मा ने स्वयंसेविकाओं को एनएसएस के उद्देश्य के बारे में बताया। शिविर के प्रथम सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना का सिद्धान्त वाक्य (मोटो) के विषय में बताया मैं नहीं आप यह सिद्धान्त वाक्य वसुधैव कुटुम्बकम् का सार बताता है । निःस्वार्थ सेवा की आवश्यकता का समर्थन करता है कि हम दूसरे के दृष्टिकोण की सराहना करने वाले बनें तथा प्राणी मात्र के लिये सहानुभूति रखें। यह वाक्य लोकतांत्रिक जीवन के सार को दर्शाता है और शिविर के द्वारा राष्ट्र सेवा की भावना से सभी को जागरूक करने हेतु प्रेरित किया। शिविर के प्रथम सत्र में स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें स्वयंसेविकाओं ने सड़क सुरक्षा जागरूकता पर स्लोगन बनाकर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया, जिसमें प्रथम स्थान पर मोहिनी द्वितीय स्थान पर दीपांजलि एवं तृतीय स्थान पर मानसी रही। इसी श्रृंखला में शिविर के द्वितीय सत्र में प्रथम इकाई की स्वयंसेविकाए डा. रानू दुबे के निर्देशन में सरायं खिरनीबाग एवं द्वितीय इकाई की स्वयंसेविकाए ऋतु शर्मा के निर्देशन में हाजी बिल्डिंग में एक रैली लेकर गई। सड़क सुरक्षा के प्रति जानकारी देते हुए आसपास के लोगों एवं राहगीरों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। हेलमेट का उपयोग करने हेतु, एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु सभी से अपील। इसी के साथ सड़क सुरक्षा पर नारे लगाते हुए सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, मत करो सुरक्षा के साथ मस्ती लाइफ नहीं है इतनी सस्ती आदि नारे लगाते हुए सभी को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। प्रथम एक दिवसीय शिविर में शालिनी श्रीवास्तव का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में रिया, दीपांजलि, मोहिनी, प्रिया, सौम्या, मानसी, पारुल, तनु, शिखा आदि छात्राओ ने प्रतिभाग किया।

# सेंटमेरी में मनाया गया फेयरवेल फेस्टिवल

**एक पौधा व सामूहिक तस्वीर देकर किया गया छात्र छात्राओं को सम्मानित**

तिलहर - शाहजहांपुर। सेंटमेरी कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में फेयर फेस्टिवल मनाते हुए मैनेजर फादर लायजू एंटोनी व प्रिंसिपल सिस्टर अविला ने बच्चों को सामूहिक तस्वीर देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर की गई। इस मौके पर 11वीं कक्षा के छात्रों ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का बेहतर प्रदर्शन किया। वहीं 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए विशेष रूप से खेलों का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में उत्कृष्ट क्षमता का प्रदर्शन व योगदान करने वाले छात्र सूर्यांश को मिस्टर फेयरवेल और छात्र सृष्टि का मिस फेयरवेल के लिए चयन किया गया। फॉदर लाइजू एंटोनी और सिस्टर अविला ने छात्रों को एक एक पौधा एवं समूह तस्वीर देकर सम्मानित किया। मैनेजर रेव फादर लाएजू एंटोनी के प्रेरणादायक भाषण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के साथ अभिभावक व स्कूल स्टाफ भी शामिल रहा।




# नेता को नैतिकता नहीं त्यागिनी चाहिएः डॉ. सिंह

**प्रबंधकीय विकास कार्यक्रम का छठवां दिन**

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के वाणिज्य विभाग में चल रहे प्रबंधकीय विकास कार्यक्रम के छठे दिन विभाग के डॉ देवेंद्र सिंह ने ÷नेतृत्व में नैतिकता के मूल्य÷ विषय पर व्याख्यान दिया। डॉ सिंह ने कहा कि नेतृत्वकर्ता को नैतिकता का त्याग नहीं करना चाहिए। उसे दूसरों के सामने आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए क्योंकि उसका अनुसरण अनेक लोग करते हैं। प्रभावशाली लीडर बनने के लिए अपने चरित्र को स्वच्छ रखना, अनुशासित रहना, परमार्थी होना, सर्वसुलभ रहना आवश्यक होता





है।उन्होंने कहा कि लीडर में ईमानदारी, जिम्मेदारी , निष्ठा, निष्पक्षता और जवाबदेही का गुण भी होना चाहिए। निष्पक्ष निर्णय और निरंतर विकास का प्रयास एक सफल और विश्वसनीय नेता की पहचान होते हैं। डॉ सिंह ने आत्ममंथन, अनुभव से सीखने और गलती स्वीकार करने की आवश्यकता पर भी बल दिया । व्याख्यान से पूर्व डॉ. के. बी.गौतम ने पटका पहनाकर डॉ देवेंद्र का सम्मान किया। इस अवसर पर डॉ विनीता राठौर, अखंड प्रताप सिंह, व्याख्या सक्सेना, डॉ सुखदेव, अभिषेक बाजपेई, डॉ गौरव शर्मा, राजीव कुमार, सोमना पाण्डेय आदि शिक्षक उपस्थित रहें।

# बंदर के खाना ले जाने पर पति ने पत्नी को पीटकर घर से निकाला, मुकदमा दर्ज

मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर। क्षेत्र के ग्राम इंद्रपुर में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। घर में रखा खाना बंदर द्वारा उठा ले जाने की बात से नाराज़ पति ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति के विरुद्ध मारपीट, जान से मारने की धमकी देने व घर से निकालने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव इंद्रपुर निवासी विजेन्द्र की पत्नी सरोजनी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि घर में रखा खाना अचानक बंदर उठा ले गए थे। कुछ देर बाद जब उसका पति विजेन्द्र घर पहुंचा तो उसने पूरी घटना की जानकारी दी। आरोप है कि यह बात सुनते ही पति आपा खो बैठा और बिना किसी कारण पत्नी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। पीड़िता का आरोप है कि मारपीट के दौरान पति ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी और घर से जबरन निकाल दिया। भयभीत हालत में महिला थाने पहुंची और पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी पति के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है तथा मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि घटना के बाद से आरोपी पति फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सैयद दादा मियां का सालाना उर्स 12 से 14 फरवरी तक



शाहजहांपुर। मोहल्ला महमंद हद्दफ स्थित बेरी वाले कब्रिस्तान में हज़रत सैयद दादा मियां का सालाना उर्स आगामी 12 से 14 फरवरी तक श्रद्धा, अनुशासन और सूफियाना परंपरा के अनुरूप आयोजित किया जाएगा। उर्स के कार्यक्रमों और तैयारियों को लेकर उर्स कमेटी द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रेस वार्ता में बताया गया कि उर्स की शुरुआत 12 फरवरी को मिलाद शरीफ से होगी। इस अवसर पर उलेमा–ए–किराम द्वारा नात–ए–पाक, दुआ और तकरीरों के माध्यम से हज़रत सैयद दादा मियां के जीवन, उनकी सूफ़ियाना शिक्षाओं और सामाजिक सौहार्द के संदेश पर प्रकाश डाला जाएगा। उर्स के दूसरे दिन 13 फरवरी को कमेटी द्वारा दरगाह पर शाम 8 बजे चादरपोशी की जाएगी। इसके पश्चात 9.30 बजे शाम महफिल–ए–समा का आयोजन होगा, जिसमें देश के प्रतिष्ठित कव्वाल सरफराज चिश्ती अपने सूफ़ियाना कलाम से आध्यात्मिक समां बांधेंगे। आयोजकों के अनुसार यह दिन उर्स का प्रमुख आकर्षण रहेगा। तीन दिवसीय उर्स का समापन 14 फरवरी को सुबह 10 बजे कुल शरीफ के साथ किया जाएगा। इसके बाद परंपरागत रूप से लंगर का आयोजन भी किया जाएगा। उर्स कमेटी ने बताया कि आयोजन को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए साफ–सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं के पुख्ता इंतज़ाम किए गए हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उर्स कमेटी के सदस्य निहाल खां, शाहनवाज खां, दानिश खां, गुड्डे खां, फूल मियां, रहमान खां सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। कमेटी ने नगरवासियों से उर्स में सहभागिता कर सूफी परंपरा और भाईचारे के संदेश को आगे बढ़ाने की अपील की।

# बाजार में दो दुकानदारों में हिंसक झड़प, एक घायल

रौजा,शाहजहांपुर। अटसलिया ओवरब्रिज के समीप स्थित मछली बाजार में मछली बेचने को लेकर दो दुकानदारों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला जमकर मारपीट में तब्दील हो गया। घटना से बाजार में अफरा-तफरी मच गई और कुछ देर के लिए स्थिति तनावपूर्ण हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मारपीट में निजामुद्दीन पुत्र लाल मोहम्मद, उम्र लगभग 30 वर्ष, निवासी रुकनपुर, थाना रोजा, तथा सोमेन्द्र पुत्र मनफूल, निवासी गांव कहेलिया, थाना सेहरामऊ दक्षिणी, एक-दूसरे से भिड़ गए। दोनों के बीच मछली बेचने को लेकर कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते हाथापाई में बदल गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना रोजा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। मारपीट में गंभीर रूप से घायल हुए निजामुद्दीन को पुलिस द्वारा तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक रोजा राजीव कुमार ने बताया कि घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है तथा मामले की जांच कर दोनों पक्षों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद से स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों में चर्चा का विषय बना हुआ है, वहीं पुलिस क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क है।

# निःस्वार्थ भाव से दूसरों की सहायता करना सच्चा धर्मः पूनम

**भोजनालय में सौ जरूरतमंदों को भोजन कराकर किये वस्त्र वितरित**

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

अंतरराष्ट्रीय खत्री सभा की ओर से आज परी भोजनालय में सेवा भाव के साथ सौ जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरण किया साथ ही संस्था के सदस्यों द्वारा अपने-अपने घरों से लाए गए ऊनी वस्त्रों का भी वितरण किया गया। वितरण सामग्री में कंबल, स्वेटर, शॉल, जर्सी, पैंट, शर्ट, सूट, साड़ी, सोफा सेट कवर एवं बिस्कुट के पैकेट शामिल रहे। जरूरतमंद लोगों




ने अत्यंत उत्साह के साथ वस्त्र ग्रहण किए और सभी के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। इस सेवा कार्य से संस्था के सदस्यों को भी गहरा आत्मिक सुख एवं संतोष का अनुभव हुआ। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष पूनम टंडन ने कहा कि निःस्वार्थ भाव से दूसरों की सहायता करना ही सर्वोच्च मानवीय कर्तव्य और सच्चा धर्म है। यह सिद्धांत जाति, धर्म या क्षेत्र से ऊपर उठकर करुणा और प्रेम के साथ पीड़ित मानवता की सेवा करने का संदेश देता है, जो मन में संतोष और सकारात्मकता लाता है। इस अवसर पर संस्था की सेक्रेटरी पूनम कपूर, मीडिया प्रभारी रिद्धि बहल, रोली टंडन, डिंपल टंडन, शांति, राखी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों के प्रति संस्था ने हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

# एक बनो, नेक बनो, नेकी करो का दिया संदेश

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

सावन कृपाल रूहानी मिशन की स्थानीय शाखा कृपाल आश्रम में परम सन्त कृपाल सिंह जी महाराज का 132वां जनमदिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शुभारम्भ गुरू वन्दना के साथ हुआ। सन्त कृपाल सिंह महाराज द्वारा नाम दान की प्राप्ति किए हुए उन लोगों को जोकि इस समय मौजूद हैं, सुभाष चन्द्र रस्तोगी, हरपाल अग्रवाल, नीलम मेहता, राममूर्ती अग्रवाल, मीरा रस्तोगी, जय भगवान अग्रवाल, सरला अरोड़ा, विद्या देवी रस्तोगी डा. कैलाश चन्द्र रस्तोगी को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। गोष्ठी का शुभारम्भ करते हुए सचिव डा.कैलाश चन्द्र रस्तोगी ने बताया कि सन्त कृपाल सिंह महाराज उस उच्च कोटि के सन्त थे, जिन्होंने अध्यात्म को पूरे विश्व में फैलाया। आपने विश्व मानव एकता सम्मेलन का आयोजन दिल्ली में किया जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गाँधी ने भाग



लिया और बताया इतना बड़ा मानव एकता सम्मेलन सम्राट अशोक के बाद हुआ। सन्त कृपाल सिंह महाराज का कहना था कि एक बनो, नेक बनो, नेकी करो। संस्था अध्यक्ष गिरीश चन्द्र गुप्ता ने बताया कि सन्त कृपाल सिंह महाराज का कहना था कि अपने आपको सही रूप में जानकर अपनी आत्मा का मिलाप परमात्मा से करवाओ। संस्था उपाध्यक्ष हरपाल अग्रवाल ने बताया कि मानुष जन्म अनमोल है और यह जन्म प्रभू प्राप्ति के लिये मिला है और प्रभू की प्राप्ति, बिना पूर्ण गुरू के सानिध्य के बगैर प्राप्त नहीं होता। इसके अतिरिक्त निर्मल कौर, गौरीशंकर, प्रदीप गुप्ता, अनिल अग्रवाल, जोन सचिव प्रेम सेठी, लल्लू सिंह, माया, हरनन्दी आदि ने भी भजन आदि के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किये। तत्पश्चात कृपाल आश्रम के बाल सत्संग के बच्चों ने बड़े सुन्दर भजन के माध्यम से अपने उद्गार व्यक्त किये। अर्पित अग्रवाल ने टीम के साथ सन्त दर्शन सिंह महाराज की गज़लों के माध्यम से संगतको भाव विभोर कर दिया। सैकड़ों लोगों ने लंगर एवं प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दर्शन सिंह, लल्लू सिंह, पवन धवन, सोनू मेहता, महेन्द्र सिंह, सुशील रस्तोगी, सोनू गुप्ता, विजय शर्मा, महेश जी, ओमप्रकाश, रामभजन, रेशु सहगल, राज, मोनू मेहता, सन्तोष, गुरूमीत सिंह, संगीत तिवारी, लक्ष्मी राठौर, अलका राठौर, प्रीति वर्मा, रामकटोरी, विनय कुमरा, रामआसरे प्रजापति, प्रीति भारतीय, पूनम धवन, शीला अग्रवाल, नीतू वर्मा, रज्जन यादव, लता अरोड़ा, रेनू, शिवानी आदि का विशेष सहयोग रहा।

# दो ग्रामीण महिलाओं को टेंपों ने मारी टक्कर

**गम्भीरावस्था में दोनों जिला मेडिकल कॉलेज रेफर**

तिलहर–शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

हाइवे स्थित बाईपास चौराहे पर दो महिलाओं को टेंपो ने टक्कर मारकर किया घायल कर दिया ।जिन्हें सीएचसी भिजवाया गया।जहां से गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया । वहीं पुलिस ने टेंपो को कब्जे में लिया है। बाईपास चौराहे पर एक तेज रफ्तार टेंपो ने दो ग्रामीण महिलाओं को टक्कर मारकर घायल कर दिया है। घायल महिलाओं की पहचान गांव कपसेडा निवासी देवी पत्नी लालाराम व रीमा देवी पत्नी दयाराम के रूप में हुई है।

दोनों महिलाएं एक साथ गांव से नगर समान खरीद दारी करने के लिए आई थी । वापस जाने के लिए बाईपास चौराहे पर दुर्घटना का शिकार हो गई हैं। जिन्हें आनन फानन में सीएचसी भिजवाया गया । जहां से दोनो को रेफर कर दिया गया। पुलिस ने टेंपो को कब्जे में ले लिया है। कोतवाल जुगल किशोर पाल ने बताया कि महिलाओं को इलाज के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

# आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसो. का प्रतिनिधिमंडल उप मुख्यमंत्री से मिला

## आगामी बजट सत्र में शिक्षा मित्र की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने की मांग की

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोशियशन उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधि मंडल निवर्तमान विधायक मानिकपुर आनंद शुक्ला के साथ कार्यकारी अध्यक्ष अमरेंद्र दुबे, महामंत्री यदुवीर यादव, संगठन मंत्री अनूप मिश्रा द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से लखनऊ में मिला गया। प्रतिनिधि मंडल द्वारा मांग पत्र सौंपते हुए,आगामी बजट में शिक्षा मित्रों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने का अनुरोध किया गया।जिस पर उप मुख्यमंत्री द्वारा प्रतिनिध मंडल को आश्वस्त किया गया कि सरकार आप लोगों के लिए बेहतर व्यवस्था पर काम कर रही है। जिस दिन से संगठन की जिम्मेदारी मिली, पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ बिना किसी प्रचार प्रसार के अपने शिक्षा मित्र समाज के हित में हमारी पूरी टीम समर्पित है। प्रयास करना संगठन का फ़र्ज़ और धर्म दोनों है, जिसे पूरी टीम तन मन धन से कर रही है।परिणाम भगवान बाबा विश्वनाथ जी महराज पर छोड़कर, हम निरंतर प्रयासरत है। हमें पूर्ण भरोसा है कि उत्तर प्रदेश की लोकप्रिय सरकार द्वारा हमारे लिए इस बजट सत्र में कुछ बेहतर करके आयेगी। कितना बढ़ेगा,कब से बढ़ेगा, इसका उत्तर फिलहाल मेरे पास नहीं है। मुझे लगता है कि अति उत्साह में बोलना ठीक नहीं।

### सीटीईटी परीक्षा में दूसरे दिन 387 अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**शाहजहांपुर।** जनपद में केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा सीटीईटी रविवार को सकुशल संपन्न हो गई। दो पालियों में आयोजित परीक्षा में कुल 387 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा के लिए व्यापक तैयारियां की गई थीं ताकि परीक्षा नकल विहीन और पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सके। जिले भर में 14 केंद्र बनाए गए थे, जहां 3610 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। पहली पाली में 6 केंद्रों पर पंजीकृत 2310 परीक्षार्थियों में से 2169 उपस्थित हुए, जबकि 141 ने परीक्षा छोड़ दी। इसी प्रकार, दूसरी पाली में 8 केंद्रों पर 3300 परीक्षार्थियों को बैठना था, लेकिन 3054 ने ही परीक्षा दी और शेष 246 अनुपस्थित रहे। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से ऑनलाइन निगरानी की गई। सुरक्षा के मद्देनजर स्टेटिक मजिस्ट्रेट और पुलिस कर्मियों की भी तैनाती की गई थी। सिटी कोर्डिनेटर सीबीएसई राजीव मोहन पाण्डेय ने बताया कि जनपद में सीटेट परीक्षा दोनों पाली में सकुशल व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई है। जिसके लिए शासन-प्रशासन का पूरा सहयोग रहा।

# महिलाओं और बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अंतर्गत जनपद के समस्त थानों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अंतर्गत जनपद के समस्त थानों की महिला सुरक्षा टीमों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। उक्त अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं विषयों जैसे–घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम तथा महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध होने वाले प्रमुख अपराधों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त महिला हिंसा एवं अन्य आपात स्थितियों में सहायता हेतु उपलब्ध विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं वीमेन पावर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, वन स्टॉप सेंटर-181, साइबर हेल्पलाइन-1930, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थानों की हेल्प डेस्क आदि की जानकारी देकर जागरूक किया गया। मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा महिलाओं एवं छात्राओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों एवं सहायता उपलब्ध कराने वाले संसाधनों के संबंध में जागरूक किया गया।

# शराब के रूपये न मिलने पर युवक ने अपने सिर पर कील ठोकी



**गंभीर हालत में राजकीय मेडिकल कॉलेज में कराया गया भर्ती**

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र में शराब के लिए रूपये न मिलने एक युवक ने अपनी मां से हुए विवाद के बाद ईट से अपने सिर में कील ठोक ली। कील सिर के अंदर धंस जाने से उसकी हालत गंभीर हो गई, जिसके बाद उसे तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

यह घटना रविवार सुबह करीब दस बजे रोजा थाना क्षेत्र की आईटीआई कॉलोनी में हुई। लगभग 25 वर्षीय विशाल उर्फ विक्की अपनी मां मोहिनी के साथ रहता है। बताया जाता है कि विशाल शराब का आदी है और कोई काम नहीं करता। परिवार का गुजारा मुश्किल से होता है, फिर भी वह अक्सर शराब पीने के लिए मां से पैसे मांगता रहता है, जिस पर आए दिन विवाद होता है। रविवार को भी विशाल ने मां से शराब के लिए पैसे मांगे। मां ने पैसे देने से इनकार कर दिया, जिसके बाद दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। जिस जगह विशाल खड़ा था, वहीं एक ईंट और कील पड़ी थी। विवाद बढ़ने पर विशाल ने ईंट और कील उठाकर खुद को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी। जब विवाद शांत नहीं हुआ, तो उसने कील अपने सिर पर रखी और ईंट से ठोक दी। बताया जा रहा है कि लगभग तीन इंच की कील का आधा हिस्सा उसके सिर में धंस गया। इसके बाद चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से विशाल को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। वही ईएमओ डॉ. मेहराज अहमद ने बताया कि युवक के सिर में कील लगी थी और उसका उपचार किया गया है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने पुष्टि की कि युवक शराब का आदी है और शराब के लिए पैसे मांगने पर मां से विवाद हुआ था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पीलीभीत में मंत्री बलदेव सिंह औलख ने केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर की प्रेस कॉन्फ्रेंस

**पीलीभीत।** केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर जनपद में उत्साह का माहौल है। राज्य सरकार में कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री बलदेव सिंह औलख ने आज यहां एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में प्रस्तुत बजट के प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की।यह प्रेस वार्ता पत्रकार बंधुओं के साथ आयोजित की गई, जिसमें बजट के जनकल्याणकारी प्रावधानों, आर्थिक विकास की दिशा और पीलीभीत सहित उत्तर प्रदेश के लिए इसके सकारात्मक प्रभावों पर सार्थक संवाद हुआ। मंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि यह बजट विकसित भारत की दिशा में ठोस कदम है, जो युवाओं, किसानों, छोटे उद्यमियों और वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने पर केंद्रित है। उन्होंने पीलीभीत के विकास के संदर्भ में बजट की कई योजनाओं से लाभ होने की उम्मीद जताई, जैसे कृषि सुधार, इंफ्रास्ट्रक्चर और रोजगार के नए अवसर।प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, भाजपा के अन्य पदाधिकारीगण, समर्पित कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे। सभी ने गरिमापूर्ण माहौल में बजट की सराहना की और इसके क्रियान्वयन पर सकारात्मक चर्चा की।

# वंदेभारत ट्रेन से टकराकर 12वीं के छात्र की मौत

**रौजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



**इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर परिजनों का हंगामा**

तेज रफ्तार वंदेभारत ट्रेन से टकराकर 12वीं कक्षा के एक छात्र की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजनों ने जमकर हंगामा और तोड़फोड़ की। इस दौरान पुलिस पर भी मारपीट का आरोप लगाया गया है, वहीं पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

मृतक छात्र की पहचान अंकित के रूप में हुई है, जो थाना निगोही क्षेत्र के ढकिया तिवारी गांव का निवासी बताया जा रहा है। परिजनों के अनुसार अंकित 12वीं कक्षा का छात्र था और भविष्य को लेकर गंभीर था।

हादसे के बाद गंभीर हालत में अंकित को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि समय पर और सही उपचार न मिलने के कारण छात्र की जान गई। इसी बात से आक्रोशित परिजनों ने मेडिकल कॉलेज परिसर में जमकर हंगामा किया और तोड़फोड़ कर दी। स्थिति बिगड़ती देख मौके पर पहुंची पुलिस ने हालात को काबू में करने का प्रयास किया, लेकिन परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने उनके साथ मारपीट की। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिससे मामला और तूल पकड़ता जा रहा है। घटना के बाद मेडिकल कॉलेज और आसपास के क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा दी है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि वीडियो की भी जांच कराई जा रही है और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, लगाई न्याय की गुहार

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

**दामाद की मृत्यु क कारण स्पष्ट नहीं कर रही पुलिस न ही कराया पीएम**

पीड़ित ने बताया कि पीड़ित राम गोपाल शर्मा पुत्र श्री राम शर्मा रघुनाथपुर मजरा ग्राम खंडहर थाना जलालाबाद जिला शाहजहांपुर का निवासी है पीड़ित ने अपनी पुत्री अनुपम शर्मा का विवाह हिंदू रीति रिवाज के अनुसार 28 अप्रैल को प्रिंस शर्मा पुत्र उमेश शर्मा निवासी ग्राम तरसुरा थाना उसहैंत जिला बदायूं के साथ किया था अपनी समर्थ के अनुसार दान दहेज देकर अपनी पुत्री को विदा कर दिया था किंतु विवाह के तुरंत से लड़की की सास व उसके ससुर उमेश शर्मा लगातार लड़की व दामाद से कहते थे कि मैंने 500000 तुम दोनों की शादी में खर्च किए तेरे बाप ने कुछ भी नहीं दिया है मैं यह रुपया कहां से लाऊंगा और मेरी बेटी व दामाद को मारते पीटते थे तथा पीड़ित ने एक जिओ का मोबाइल दिया था जिससे वह अपने घर वालों से सुख दुख की बात बताती थी वह भी उसकी सास सपना व सुनीता ने फोड़ डाला था जिससे कोई भी बात पता नहीं चल सकती थी अतः अधिक मारपीट करते व पैसे का उत्पीड़न करते व लड़की को रात रात भर खड़ा रखते व लड़के से मां-बाप से अलग मकान बनाकर रहने जैसी परिस्थितियों के उत्पीड़न से मेरे दामाद प्रिंस शर्मा ने 23 अक्टूबर शाम 6ः00 बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ये आत्महत्या प्रार्थी अपनी तरफ से नहीं परिवार वालों की तरफ से बताने पर पता लगा है प्रार्थी को पूरी जानकारी नहीं है कि प्रिंस शर्मा ने फांसी लगाई अथवा परिवार वालों ने लगा दी क्योंकि परिवार वालों ने उमेश शर्मा पुत्र सूरजपाल शर्मा ब सूरजपाल पुत्र नामालूम व श्रीपाल पुत्र नमालूम व मुकेश शर्मा पुत्र वीर बहादुर व सपना पत्नी उमेश शर्मा व इंद्रजीत पुत्र श्रीपाल सर्व निवासी ग्राम तरसुरा थाना उसहैंत जिला बदायूं में उसी समय 7.8 बजे शाम अंतिम संस्कार कर दिया तथा प्रार्थी को रात 11 12 बजे के समय फोन पर बताया कि तुम्हारे दामाद ने फांसी लगा ली है रात में सवारी न मिलने के कारण प्रार्थी के परिवार वाले व प्रार्थी वहां पहुंचने मे असमर्थ रहा को प्रार्थी सुबह 10 11 बजे थाना उसहैत को गया तथा लिखित प्रार्थना पत्र दिया प्रार्थी के साथ 5.6 लोग भी गए थे थाना प्रभारी निरीक्षक से अपने दामाद के बारे में पूरा हाल बताया व प्रार्थना पत्र दिया तो प्रभारी निरीक्षक ने प्रार्थी से कहा कि तुम्हारा दामाद मर गया है प्रार्थी ने कहा कि श्रीमान जी मर नहीं गया तो और क्या हुआ प्रभारी निरीक्षक ने फटकार लगाकर आवेदन प्रार्थी से कहा तुम वहां पर जाकर क्या करोगे प्रार्थी ने कहा कि मुझे मेरी लड़की को मेरे साथ भेजवा दो। प्रार्थी के बहुत कहने पर प्रभारी निरीक्षक उसहैत ने हलका इंचार्ज उपेंद्र यादव मोबाइल नंबर 9720825194 को 2 सिपाहीयो साथ ग्राम तरसुरा गांव भेजा वहां जाकर हलका इंचार्ज ने तो परिवार वालों से पूछा की प्रिंस शर्मा ने कहां फांसी लगाई व कहा इसकी अंत्येष्टि की गयी कितने समय फांसी लगाई तथा लड़की को बुलाया उससे पूछा की बेटी तुम अपने घर जाना चाहती हो या यहां रहना चाहती हो लड़की ने कहा मैं अपने पिता व माता के साथ जाऊंगी। मुख्यमंत्री को प्रार्थी ने इस आशय का एक प्रार्थना पत्र दिनांक 31.102025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं को दिया जिससे दिनांक 10.11.2025 सीओ उझानी के सामने सीओ ऑफिस कर्मचारी मनोज तोमर मोबाइल नंबर 8218 61 9536 में प्रति राम गोपाल शर्मा पुत्री अनुपम शर्मा को पेश किया सी ओ उझानी जाने ने मनोज तोमर से कहा इन्हें ले जाओ बयान करवा लो रामगोपाल व अनुपम दोनों ने बयान किए प्रार्थी ने बयानों की रिसीविंग मांगी तो कर्मचारी मनोज तोमर ने कहा तुम्हे इसका क्या करना तथा इसकी रिसीविंग नहीं दी जाती हैं। प्रार्थी ने एक प्रार्थनना पत्र वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं को इसी प्रकरण के बारे में दिया लेकिन कोई भी सुनवाई नहीं हुई पीड़ित ने मुख्य मंत्री जनता दरबार में लगाई न्याय की गुहार है।

### कार की टक्कर लगने से बाइक सवार की हुई मौत, परिवार में कोहराम

**पूरनपुर, पीलीभीत।** दो युवक बाइक पर सवार होकर अपने घर आ रहे थे इसी बीच रास्ते में तेज गति से आ रहा है फोर व्हीलर चालक ने बाइक को टक्कर मार दी । बताया जा रहा है कि फोर व्हीलर चालक नशे में था। जिससे फोर व्हीलर की टक्कर लगने से बाइक पर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसमें से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक का सब कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है युवक की मौत से परिवार के लोगों में कोहरा मचा है। रविवार को केसरपुर कला निवासी अली जान का पुत्र मोहम्मद हुसैन उम्र लगभग 28 वर्ष अपने दोस्त के साथ बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था। इसी बीच खांडेपुर ईट भट्टे के समीप सड़क की मोड पर तेज रफ्तार से आ रहे फोर व्हीलर चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। फोर व्हीलर की टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। बाइक पर सवार मोहम्मद हुसैन और उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि मोहम्मद हुसैन की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचनाओं मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई पुलिस ने मृतक की युवक का सब कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक फोर व्हीलर चालक नशे में था जिससे फोर व्हीलर चालक सही समय पर फोर व्हीलर को कंट्रोल नहीं कर पाया और नियंत्रण नहीं होने के कारण बाइक में फोर व्हीलर चालक ने टक्कर मार दी जिससे एक बाइक सवार की मौत हो गई जबकि उसका दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# पुलिस की मौजूदगी में संपन्न हुई कुआं बारा की रस्म

**कुएं के स्थान पर कब्जा करके रस्म को न होने देने को लेकर पुलिस ने दी सख्त हिदायत**

**तिलहर - शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



शादी के दौरान होने बाली कुआं बार की रस्म कुएं पर न होने देने के चलते मोहल्ले बालों की शिकायत पर पुलिस ने मामले में हस्तक्षेप का न केवल रस्म अदा करवाई । बल्कि आइंदा किसी को कुआं बारा करने से न रोके जाने की सख्त हिदायत भी दी।

गौरतलब है कि कुएं की जगह के कब्जे को लेकर एक परिवार द्वारा कुआं बारा की रस्म अदा करने का विरोध कर उसे होने से रोक दिया गया। मोहल्ले बालों की शिकायत पर पहुंची पुलिस ने स्वयं की मौजूदगी में रस्म पूरी कराई गई। बता दें कि हिंदूपट्टी मोहल्ले मे एक प्राचीन कुआं है। वाशिंदों ने बताया कि उक्त कुएं पर पुराने समय से शादी के दौरान होने वाली कुआं बारा की रस्म की जाती रही है । सात फरवरी को मोहल्ले के ही रिंकू जौहरी की शादी थी। लोग कुआं बारा की रस्म करने के लिए कुएं के पास पहुंचे । तो एक व्यक्ति द्वारा कुएं की जगह अपनी बताते हुए शादी की रस्म करने से मना कर दिया गया। दूल्हा पक्ष एवं मोहल्ले के लोगों ने कुएंपर हक जताने का विरोध किया। लेकिन आरोपी ने कुएं के पास रस्म नहीं करने दी। बारात में देरी होने के कारण लोगों ने इस उक्त रस्म को घर पर ही पूरा का लिया। रविवार को तमाम लोग सभासद पति सोनू खन्ना के पास पहुंचे। सोनू खन्ना के साथ मोहल्ले में होने वाली शादियों को लेकर तमाम लोगों ने पुलिस से शिकायत की। शिकायत के बाद कोतवाल जुगल किशोर पाल ने मामले की जांच की और रस्म न रोकने की आरोपी को सख्त हिदायत दी। रविवार को सागर सैनी की बारात की तैयारी के दौरान जब कुआ बारा रस्म होने को थी तो आरोपी ने कोई विवाद ना किया । इसको लेकर भारी पुलिस बल कुएं के पास तैनात किया गया। पुलिस की मौजूदगी में दूल्हा सागर सैनी ने कुएं की रस्म अदा की। तदोपरांत बारात अमरोहा के लिए रवाना हो गई।

# वार्षिक परीक्षा नौ से 14 फरवरी तक होगी आयोजितः रोहित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मुंशी मौलवी सेकेंडरी एवं आलिम सीनियर सेकेंडरी की वार्षिक परीक्षाओं को सकुशल एवं नकल-विहीन संपन्न कराने के लिए जनपद स्तर पर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। परीक्षाओं के लिए प्रश्न पत्र संबंधित परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों को प्राप्त करा दिए गए हैं, जिन्हें पूरी सुरक्षा के साथ लॉकर में सुरक्षित रखा गया है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार सिंह ने बताया कि वार्षिक परीक्षा 9 से 14 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो पालियों में संपन्न होगी। प्रथम पाली सुबह 8 बजे से 11 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि जनपद के परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में कक्ष निरीक्षक तैनात कर दिए गए हैं। साथ ही बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों की भी ड्यूटी परीक्षा कार्य में लगाई गई है, ताकि परीक्षा की शुचिता बनी रहे। काफी संख्या में मदरसा शिक्षकों को कक्ष निरीक्षक कार्य के लिए रिजर्व में रखा गया है। आवश्यकता महसूस होने पर उनको भी कक्ष निरीक्षक कार्य हेतु भेजा जाएगा। किसी भी परीक्षा केंद्र पर कक्ष निरीक्षकों की कमी नहीं होने दी जाएगी। परीक्षा को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सभी केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती के लिए एसपी को पत्र भी भेजा गया है। परीक्षा से संबंधित उत्तर पुस्तिकाओं एवं अन्य गोपनीय सामग्री के संकलन हेतु जनपद में अनुदानित मदरसा ऐनुल इल्म को संकलन केंद्र बनाया गया है। इस संकलन केंद्र का प्रभारी ताहिर हसन को नामित किया गया है, जोकि परिषद के दिशा-निर्देशों के अनुसार समस्त कार्यों का संचालन करेंगे। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और परिषद द्वारा जारी नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता एवं अनुशासन के साथ संपन्न हो सकें।

# पीलीभीत में पूर्व मंत्री अनीश अहमद उर्फ फूल बाबू ने फर्नीचर शोरूम का फीता काटकर किया उद्घाटन

**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।**

**उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य व्यक्ति, व्यापारी, अधिवक्ता, समाजसेवी और आम नागरिक रहे मौजूद**



फर्नीचर शोरूम का भव्य उद्घाटन हुआ, जिसने स्थानीय व्यापार और समाज में उत्साह की लहर दौड़ा दी।प्रतिष्ठित एडवोकेट राशिद अली के भाई द्वारा स्थापित इस आधुनिक फर्नीचर शोरूम का उद्घाटन पूर्व राज्य मंत्री और पीलीभीत क्षेत्र के प्रमुख राजनीतिक नेता अनीश अहमद खान (उर्फ फूल बाबू) ने रिबन काटकर किया। अनीश अहमद खान, जो बसपा सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण एवं हज राज्यमंत्री रह चुके हैं और बीसलपुर से कई बार विधायक रह चुके हैं, ने इस अवसर पर शोरूम की शानदार व्यवस्था और गुणवत्ता की सराहना की। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य व्यक्ति, व्यापारी, अधिवक्ता, समाजसेवी और आम नागरिक मौजूद रहे। एडवोकेट राशिद अली ने सभी अतिथियों और आए हुए लोगों का हार्दिक आभार व्यक्त किया तथा कहा कि यह शोरूम शहरवासियों को आधुनिक, टिकाऊ और किफायती फर्नीचर उपलब्ध कराने का माध्यम बनेगा।पूर्व मंत्री अनीश अहमद खान ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे नए उद्यम स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं और रोजगार के अवसर पैदा करते हैं। उन्होंने राशिद अली की मेहनत और व्यवसायिक दृष्टिकोण की प्रशंसा की तथा शोरूम की सफलता की कामना की।यह शोरूम विभिन्न प्रकार के घरेलू और ऑफिस फर्नीचर, सोफा सेट, बेडरूम सेट, डाइनिंग टेबल आदि से सुसज्जित है, जो आकर्षक डिजाइन और उचित मूल्य पर उपलब्ध हैं। उद्घाटन के साथ ही विशेष छूट और ऑफर भी घोषित किए गए, जिससे ग्राहकों में खासा उत्साह देखा गया।


**कार्यालयः ग्राम पंचायत गनपतपुर हार्रिया, ब्लाक सिंधौली, शाहजहांपुर**

पत्रांकः ग्रा.पं.ग.ह./2025-26 | दिनांक 08/02/2026

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गनपतपुर हार्रिया, विकास खंड सिंधौली जनपद शाहजहांपुर में वर्ष 2025-26 में ग्राम निधि/मनरेगा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में निम्न कार्य कराये जाने हैं। जिसके लिए सामग्री क्रय हेतु सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 13-02-2026 को दोपहर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं,जो उसी दिन 2 बजे प्रधान/सचिव के द्वारा अधिकृत फर्म/विक्रेताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी। कार्य का नाम व लागत संबंधी जानकारी कार्य दिवस में पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 05:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

| क्र.स. | कार्य का नाम | लागत मूल्य |
|---|---|---|
| 1. | अन्नपूर्णा भवन निर्माण कार्य। | 8.5 लाख |
| 2. | मेन रोड से देव शर्मा के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य (अवशेष कार्य)। | 2.45 लाख |

**मीना कुमारी**
**ग्राम प्रधान**

**रामबहोरन चौधरी**
**सचिव**

## अभूतपूर्व विडंबना

प्रधानमंत्री मोदी लोकसभा में 'धन्यवाद प्रस्ताव' पर अपना जवाब नहीं दे सके। राष्ट्रपति अभिभाषण के संदर्भ में प्रधानमंत्री अपनी बात सदन में नहीं रख सके, जबकि वह सदन के नेता भी हैं। संसदीय इतिहास में यह अभूतपूर्व विडंबना है और देश की संसदीय व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। चूंकि स्पीकर ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को पूर्व सेना प्रमुख जनरल नरवणे की कथित किताब के अंश सदन में पढ़ने की अनुमति नहीं दी, लिहाजा विपक्ष उबल रहा है। विरोध और गुस्से में, सदन में ही, पोस्टर-बैनर लहराए जा रहे हैं। यह कानून और संविधान का उल्लंघन है। कुछ नारे भी आपत्तिजनक हैं। संसद में हंगामा हो रहा है। क्या यही 'न्यू नॉर्मल' है? कमोबेश हंगामे के आसार की सूचना गृहमंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री मोदी को दी होगी! गृहमंत्री और संसदीय कार्य मंत्री ने विपक्ष के नेताओं से भी बातचीत की, लेकिन कोई बर्फ नहीं पिघली। स्पीकर ओम बिरला ने अपने चैंबर में भी पक्ष और विपक्ष के नेताओं की बैठक बुलाई थी, लेकिन वहां भी उग्र और उत्तेजित संवाद हुआ, नतीजतन हंगामा जारी रहा। हमने संसदीय कवरेज के अपने अनुभव में देखा है कि जब प्रधानमंत्री बोलने के लिए खड़े होते हैं, तो विपक्ष का हंगामा खामोश हो जाता है। यह आचार-संहिता भी है, परंपरा भी है और प्रधानमंत्री पद के प्रति सम्मान भी है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के कालखंड में सत्ता और विपक्ष प्रतिद्वंद्वी नहीं, एक-दूसरे के 'कट्टर दुश्मन' बन गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी को इससे पहले भी विपक्ष के हंगामे, शोर, नारेबाजी के बीच ही अपना भाषण देना पड़ा था। इस बार भी विपक्ष जबरदस्त विरोध पर आमादा है, क्योंकि नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया गया और विपक्ष के 8 सांसदों को सत्र भर के लिए निलंबित कर दिया गया है। जहां तक निलंबित सांसदों का सवाल है, हमारा मानना है कि ऐसे सांसदों की सांसदी ही बर्खास्त कर दी जाए। उसके लिए नियम-कानून में संशोधन किया जा सकता है। जिस तरह विपक्षी सांसदों ने 'वेल' में आकर कागज की चिन्दियां स्पीकर के आसन पर फेंकी थीं और मेजों पर चढ़ कर 'हुड़दंगी नृत्य' किया था, कमोबेश सदन में वह अक्षम्य होना चाहिए। पूर्व उपराष्ट्रपति एवं सभापति जगदीप धनखड़ के कार्यकाल में, राज्यसभा में भी, ऐसे हुड़दंग मचाए जा चुके हैं। वहां भी सांसद निलंबित किए गए थे। यदि विपक्ष की यही विरोध-शैली बन गई है, तो यकीनन यह अराजकता, मर्यादाओं का हनन, अनुशासनहीनता और सदन के अध्यक्ष का अपमान है। संसद ऐसे हुड़दंगियों का सदन नहीं बनाई जा सकती। दलीलें दी जाती रही हैं कि विपक्ष में रहते हुए भाजपा ने भी ऐसे ही हंगामे मचाए थे, नतीजतन पूरे सत्र ही धुल गए थे। ऐसे अतीत आज प्रासंगिक नहीं हैं। हम संसद के भीतर ऐसे विरोध, हंगामे को न तो अभिव्यक्ति की आजादी मानते हैं और न ही विपक्ष का विशेषाधिकार मानने को तैयार हैं। लोकसभा में ही वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को भारत-अमरीका व्यापार समझौते पर, विपक्षी शोर के बीच ही, अपना वक्तव्य पढ़ना पड़ा। ऐसी संसद का औचित्य क्या है? यह कोई अखाड़ा नहीं, भारत के लोकतंत्र का सर्वोच्च और गरिमापूर्ण मंदिर है, सर्वोच्च पंचायत भी है। संभवतः प्रधानमंत्री मोदी राज्यसभा में राष्ट्रपति अभिभाषण के संदर्भ में 'धन्यवाद प्रस्ताव' पर बोलेंगे। यदि उच्च सदन में भी विपक्ष की वही चिल्ल-पौं हुई, तो क्या होगा? यह आलेख लिखे जाने तक प्रधानमंत्री मोदी लोकसभा में नहीं बोल पाए थे। अंततः लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित कराना पड़ा। संसद के भीतर यह भी कर लो, क्योंकि एक घंटे में दसियों विधेयक, बिना चर्चा के, इसी सदन में पारित किए जाते रहे हैं। बहरहाल, संसद में जो हो रहा है, वह निरंकुशता और उच्छृंखलता है। क्या संसद इसीलिए बनी है?

# डिजिटल प्रदूषण-बचपन पर मंडराता संकट



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी



बच्चों की डिजिटल गतिविधियों पर नजर रखना, स्क्रीन टाइम सीमित करना और सबसे महत्वपूर्ण खुलकर संवाद करना,आज की आवश्यकता है।भावनात्मक समर्थन और भरोसे का वातावरण बच्चों को आभासी दबाव से बाहर निकाल सकता है। डिजिटल उपकरणों को पूरी तरह बच्चों के भरोसे छोड़ देना जोखिम भरा हो सकता है। स्कूल और समाज : सामूहिक समाधान की दिशा में, स्कूलों में डिजिटल एडिक्शन पर काउंसलिंग और जागरूकता कार्यक्रम शुरू किए जाने चाहिए। बच्चों को खेल, कला, संगीत और सामाजिक गतिविधियों से जोड़ना डिजिटल संतुलन बनाने में मदद कर सकता है। समाज को भी यह समझना होगा कि यह केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है। अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि संतुलन ही समाधान है, डिजिटल युग को नकारा नहीं जा सकता, लेकिन उसे विवेक और संवेदन शीलता के साथ अपनाया जा सकता है। बच्चों की सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक विकास को प्राथमिकता देना सरकार, उद्योग परिवार और समाज, सभी की साझा जिम्मेदारी है। सवाल यह नहीं है कि तकनीक रहे या न रहे, बल्कि यह है कि तकनीक किसके नियंत्रण में और किस उद्देश्य से रहे। यदि आज संतुलित और साहसी निर्णय नहीं लिए गए, तो कल इसकी कीमत आने वाली पीढ़ियों को चुकानी पड़ सकती है

वैश्विक स्तरपर मानव सभ्यता ने हजारों वर्षों में जिन मूल्यों, सामाजिक रिश्तों और विश्वास की संरचनाओं को गढ़ा है, वे आज डिजिटल तकनीक की अभूतपूर्व गति से चुनौती का सामना कर रहे हैं।सोशल मीडिया और ऑनलाइन गेमिंग ने संवाद, मनोरंजन और सूचना के स्वरूप को पूरी तरह बदल दिया है। यह परिवर्तन अपने आप में न तो पूरी तरह नकारात्मक है और न ही पूर्णतः सकारात्मक,लेकिन समस्या तब उत्पन्न होती है जब समाज, विशेषकर बच्चे इस परिवर्तन के मनोवैज्ञानिक, नैतिक और सामाजिक प्रभावों के लिए तैयार नहीं होते। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि भारत जैसे देश में, जहां आध्यात्मिक परंपरा, पारिवारिक मूल्य और सामाजिक सहभागिता जीवन की आत्मा रहे हैं,वहां डिजिटल प्लेटफॉर्म का अनियंत्रित प्रभाव एक गंभीर चेतावनी के रूप में उभर रहा है। सामाजिक सद्भाव, विश्वास और सोशल मीडिया की भूमिका का पुनर्मूल्यांकन करना बहुत जरूरी है, भारतीय समाज की विशेषता उसका सामाजिक ताना–बाना है, जो केवल कानून या संस्थाओं से नहींबल्कि आपसी विश्वास, परंपराओं और सामूहिक चेतना से बना है। सोशल मीडिया ने इस ताने–बाने को एक ओर जोड़ने का माध्यम दिया है, वहीं दूसरी ओर गलत सूचना, घृणा, तुलना और आभासी प्रतिस्पर्धा के जरिए इसे कमजोर भी किया है।नवीनतम आर्थिक सर्वे द्वारा सोशल मीडिया के सामाजिक प्रभावों पर चिंता जताना इस बात का संकेत है कि अब यह विषय केवल नैतिक बहस का नहीं, बल्कि नीति और भविष्य की पीढ़ियों की सुरक्षा से जुड़ा प्रश्न बन चुका है।हालांकि, यह भी स्पष्ट है कि हर समाधान केवल सरकारी नीतियों से नहीं आ सकता। समाज, शैक्षणिक संस्थान, सिविल सोसायटी और सबसे बढ़कर माता–पिता की भूमिका यहां निर्णायक बन जाती है। सरकार नियंत्रण और दिशा दे सकती है, लेकिन बच्चों के दैनिक जीवन में डिजिटल संतुलन लाने की जिम्मेदारी सामूहिक प्रयास से ही निभाई जा सकती है।

साथियों बात अगर हम गाजियाबाद घटना के बाद भारत में सोशल मीडिया का बच्चों के लिए बैन पर विचार करने की करें तो, मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार आर्थिक सर्वे में बच्चों पर डिजिटल प्रदूषण पर चिंता जताए जाने के बाद से यह मुद्दा विचारणीय था लेकिन गाजियाबाद में सोशल मीडिया लत व ऑनलाइन गेमिंग के कारण तीन सगी बहनों की आत्महत्या को देश के नीति निर्माताओं की चर्चा का ट्रिगर पॉइंट माना जा रहा है।आर्थिक सर्वेक्षण–26 में डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के बढ़ते प्रभाव और युवाओं की मानसिक सेहत पर उसके असर को लेकर चिंता जताते हुए बच्चों के लिए सुरक्षित डिजिटल इकोसिस्टम बनाने की दिशा में ठोस नीति बनाने का सुझाव दिया गया था। केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी (आइटी) सचिव ने कहा है कि सोशल मीडिया के लिए न्यूनतम आयु सीमा तय करने का मुद्दा सरकार की समीक्षा के दायरे में है। बच्चों और किशोरों पर सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव को देखते हुए सरकार विभिन्न हितधारकों से परामर्श कर रही है और उचित समय पर इस बारे में निर्णय किया जाएगा। साथियों बात अगर हम ऑनलाइन गेमिंग और सोशल मीडिया : मनोरंजन से मानसिक दबाव तक की यात्रा को समझने की करें तो, आज का बच्चा एक ऐसे डिजिटल परिवेश में बड़ा हो रहा है जहां स्क्रीन उसकी पहली खिड़की बन चुकी है। ऑनलाइन गेमिंग और सोशल मीडिया अब केवल समय बिताने का साधन नहीं रहे, बल्कि वे बच्चों की सोच,भावनाओं और आत्म–छवि को आकार देने लगे हैं। टास्क– आधारित गेम्स बच्चों को लगातार नए लक्ष्य देते हैं ,लेवल पूरा करो, चुनौती स्वीकार करो,आगे बढ़ो और यह प्रक्रिया धीरे–धीरे दबाव में बदल जाती है। कई बार इन चुनौतियों की प्रकृति भावनात्मक रूप से असुरक्षित होती है, जहां हार का डर, असफलता की शर्म और आभासी दुनिया की स्वीकृति वास्तविक जीवन से अधिक महत्वपूर्ण लगने लगती है। विशेषज्ञों का मानना है कि जब बच्चा आभासी दुनिया को वास्तविक जीवन के समकक्ष या उससे अधिक वास्तविक समझने लगता है, तब मानसिक जोखिम कई गुना बढ़ जाता है। आत्म–सम्मान, धैर्य और भावनात्मक संतुलन पर इसका गहरा असर पड़ता है।

साथियों बात अगर हम ऑस्ट्रेलिया का उदाहरण–वैश्विक बहस की शुरुआत को समझने की करें तो,इसी खतरे को गंभीरता से समझते हुए ऑस्ट्रेलिया ने दो माह पहले एक ऐतिहासिक कदम उठाया।16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए टिकटॉक, एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, स्नैपचैट और थ्रेड्स जैसे प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रतिबंध लगाया गया। न केवल नए खाते बनाने पर रोक लगी, बल्कि मौजूदा प्रोफाइल भी निष्क्रिय कर दी गईं। यह कदम अपनी तरह का पहला था और उसने पूरी दुनिया में एक नई बहस को जन्म दिया,क्या बच्चों की सुरक्षा के लिए डिजिटल स्वतंत्रता को सीमित करना जरूरी हो गया है? यह निर्णय केवल तकनीकी नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। अन्य देश इस मॉडल को बारीकी से देख रहे हैं और अपने–अपने सामाजिक संदर्भ में इसके निहितार्थों का आकलन कर रहे हैं।

साथियों बात अगर हम भारत में बढ़ती डिजिटल लत और सुरक्षा चिंताओं को समझने की करें तो, भारत में भी हाल के वर्षों में बच्चों में डिजिटल एडिक्शन के मामले तेजी से बढ़े हैं।गाजियाबाद और भोपाल जैसी घटनाओं ने समाज को झकझोर दिया है,जहां ऑनलाइन गेमिंग और सोशल मीडिया की लत ने मासूम जिंदगियों पर गंभीर असर डाला। विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह संकट आने वाली पीढ़ी के मानसिक स्वास्थ्य को गहराई से प्रभावित करेगा। हालांकि केंद्रीय आईटी मंत्रालय की ओर से अभी कोई आधिकारिक आदेश नहीं आया है, लेकिन 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया उपयोग पर प्रतिबंध लगाने या सख्त नियम बनाने पर गंभीर मंथन चल रहा है। यह बहस केवल तकनीक तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बच्चों के भविष्य, समाज की स्थिरता और राष्ट्रीय मानव पूंजी से जुड़ा प्रश्न है।

साथियों बात अगर हम क्या ऑनलाइन गेमिंग बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही है? इसको समझने की करें तो,लगातार स्क्रीन टाइम बच्चों में अकेलापन, चिड़चिड़ापन तनाव और अवसाद को बढ़ा सकता है। कई अध्ययन बताते हैं कि डिजिटल एडिक्शन बच्चों के व्यवहार और भावनात्मक संतुलन को कमजोर करता है। जब गेमिंग टास्क बच्चों पर लगातार दबाव डालते हैं,जीतने की मजबूरी,हार का डर और सामाजिक तुलना,तो वे मानसिक रूप से टूट सकते हैं। यह स्थिति धीरे–धीरे आत्म–विश्वास की कमी और सामाजिक अलगाव में बदल जाती है।

साथियों बात अगर हम सोशल मीडिया कंपनियों की जिम्मेदारी- मुनाफा बनाम नैतिकता को समझने की करें तो, सोशल मीडिया और गेमिंग कंपनियां एल्गोरिदम के जरिए उपयोगकर्ताओं को अधिक समय तक प्लेटफॉर्म पर बनाए रखने का प्रयास करती हैं। इससे उनका आर्थिक लाभ बढ़ता है, लेकिन बच्चों के संदर्भ में यह रणनीति खतरनाक साबित हो सकती है। आयु सत्यापन, कंटेंट फिल्टर और बच्चों के लिए अलग सुरक्षा ढांचे की कमी इस समस्या को और गहरा करती है। विशेषज्ञों का मत है कि कंपनियों को केवल मुनाफे के बजाय सामाजिक जिम्मेदारी को भी अपने व्यापार मॉडल का हिस्सा बनाना चाहिए।

साथियों बात अगर हम माता– पिता की भूमिका : पहली और सबसे मजबूत सुरक्षा दीवार तथा बैन या नियमन : इसको समझने की करें तो समाधान की जटिलता,पूर्ण प्रतिबंध एक सरल उत्तर प्रतीत हो सकता है, लेकिन व्यवहार में यह जटिल है। तकनीक को पूरी तरह रोकना न तो संभव है और न ही व्यावहारिक। हालांकि, सख्त नियम, समय सीमा, आयु–आधारित एक्सेस और कंटेंट मॉडरेशन जैसे उपाय प्रभावी हो सकते हैं। कई देशों ने बच्चों के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म पर विशेष नियम बनाए हैं। भारत में भी अब इस दिशा में मांग तेज हो रही है कि बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। माता–पिता बच्चों को इस खतरे से बचाने में केंद्रीय भूमिका निभा सकते हैं।

बच्चों की डिजिटल गतिविधियों पर नजर रखना, स्क्रीन टाइम सीमित करना और सबसे महत्वपूर्ण खुलकर संवाद करना,आज की आवश्यकता है। भावनात्मक समर्थन और भरोसे का वातावरण बच्चों को आभासी दबाव से बाहर निकाल सकता है। डिजिटल उपकरणों को पूरी तरह बच्चों के भरोसे छोड़ देना जोखिम भरा हो सकता है। स्कूल और समाज : सामूहिक समाधान की दिशा में, स्कूलों में डिजिटल एडिक्शन पर काउंसलिंग और जागरूकता कार्यक्रम शुरू किए जाने चाहिए। बच्चों को खेल, कला, संगीत और सामाजिक गतिविधियों से जोड़ना डिजिटल संतुलन बनाने में मदद कर सकता है। समाज को भी यह समझना होगा कि यह केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है। अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि संतुलन ही समाधान है, डिजिटल युग को नकारा नहीं जा सकता, लेकिन उसे विवेक और संवेदन शीलता के साथ अपनाया जा सकता है।बच्चों की सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक विकास को प्राथमिकता देना सरकार, उद्योग परिवार और समाज, सभी की साझा जिम्मेदारी है। सवाल यह नहीं है कि तकनीक रहे या न रहे, बल्कि यह है कि तकनीक किसके नियंत्रण में और किस उद्देश्य से रहे। यदि आज संतुलित और साहसी निर्णय नहीं लिए गए, तो कल इसकी कीमत आने वाली पीढ़ियों को चुकानी पड़ सकती है।

विचार

# संसदीय व्यवधान के विकल्प

*हृदयनारायण दीक्षित*

संसद की गरिमा के प्रश्न स्थाई भाव बन रहे हैं। संसद देश काल का दर्पण होती है। यह केवल बजट पास करने या कानून बनाने का ही संवैधानिक निकाय नहीं होती। सदन की गरिमा और मर्यादा बहुधा तार-तार हो रही है। संसद की गरिमा को उच्च स्तर पर बनाए रखने का कर्तव्य सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों का है। उत्तरदायित्व का निर्वाहन शोर-शराबे से नहीं होता। कांग्रेस दीर्घकाल तक सत्ता में रही है। देश की संसदीय राजनीतिक संस्कृति को विकसित करने की जिम्मेदारी कांग्रेस की ही रही है। लेकिन विपक्षी दल की भूमिका में कांग्रेस वैचारिक विकल्प नहीं दे पाई। दुनिया भर के संसदीय जनतंत्रों में सत्ता पक्ष का विकल्प देने की जिम्मेदारी विपक्ष की होती है। सदन में अचानक किसी मुद्दे पर उबाल आ जाना बड़ी बात नहीं है। तीखी नोकझोंक भी संभव है। लेकिन योजना बनाकर सदन के भीतर उत्पात करना किसी भी दशा में उचित नहीं कहा जा सकता।

भारतीय संसद में बहुत कुछ अप्रिय घटित हो रहा है। ऐसा उत्पात सदन की मर्यादा का हनन है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि, कांग्रेस के सांसद किसी अप्रत्याशित घटना को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम देना चाहते थे। बिरला ने कहा कि उन्होंने नेता सदन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सतर्क किया था कि ऐसी कोई बड़ी घटना संभव थी। बिरला ने यह भी कहा कि अभी बुधवार को विपक्ष के कुछ सदस्यों ने जैसा व्यवहार किया वैसा लोकसभा की शुरुआत से लेकर आज तक कभी नहीं हुआ। यद्यपि कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष के दावे को झूठ बताया है। लेकिन मूलभूत प्रश्न है कि प्रधानमंत्री के आसन के सामने तीन महिला सदस्यों का खड़े होना किस दृष्टि से संसदीय है। लोकसभा अध्यक्ष के अनुसार उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अनुरोध किया था कि वे सदन में न आएं।

18वीं संसद में प्रेरक घटनाएं नहीं दिखाई पड़ती। विपक्ष अपने संसदीय दायित्वों के निर्वाहन में सफल नहीं रहा। व्यवधान और शोर बार-बार के स्थगन और संसदीय शब्दों का प्रयोग लगातार हो रहा है। राष्ट्रीय विमर्श के प्रश्न बहस का मुद्दा नहीं बन पाए। वैकल्पिक विषयों पर सदन के पटल पर विकल्प देना, विकल्प के क्रियान्वयन के लिए सुझाव देना विपक्ष की जिम्मेदारी है। यूरोपीय संसदीय राजनीति के विद्वान हेराल्ड लास्की ने विपक्ष के तीन कर्तव्य बताए थे। पहला टू प्रपोज दि गवर्नमेंट-सुझाव देना। दूसरा टू अपोज दि गवर्नमेंट-राष्ट्रीय मुद्दों पर सकारात्मक विरोध करना और तीसरा विकल्प देने के लिए तैयार रहना-टू डिपोज दि गवर्नमेंट। ब्रिटिश संसदीय परंपरा में विपक्ष को गवर्नमेंट इन वेटिंग कहा जाता है। लेकिन यहां शोर और स्थगन ही विपक्ष के हथियार बन गए हैं।

संसद के विशेषाधिकार महत्वपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री सदन का नेता होता है। नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी भी कम नहीं होती। सदन की गरिमा को बनाए रखते हुए उसे सरकार की नीतियों की आलोचना करनी चाहिए। उस आलोचना का आधार होना चाहिए। सदन में प्रयुक्त की जाने वाली भाषा संसदीय व्यवहार का प्रमुख हिस्सा है। अपशब्द विचार प्रकट करने का सही माध्यम नहीं होते। अपशब्दों का प्रयोग संसदीय कर्तव्य के आदर्श निर्वाहन का विकल्प नहीं होता। लेकिन यहां प्रधानमंत्री के आसन के समक्ष खड़े होकर शोर मचाना, महिला सांसदों का आसन को घेर कर खड़े होना जैसे प्रसंग रोजमर्रा की कार्यवाही का हिस्सा बन रहे हैं।

प्रधानमंत्री के विरुद्ध किसी अनहोनी के सम्बंध में बिरला का रहस्योद्घाटन गंभीर प्रकृति का है। यह छोटी-मोटी घटना नहीं है। योजना बनाकर संसद की कार्यवाही को किसी भी रूप में प्रभावित करने की इच्छा भी खतरनाक है। यह सदन के विशेषाधिकार का भी उल्लंघन है। लोकसभा अध्यक्ष को घटना के सभी तथ्यों की जानकारी है। इसलिए ऐसे गंभीर मुद्दे पर विशेषाधिकार के अवमान की कार्यवाही होनी चाहिए। यद्यपि ब्रिटिश संसद को संसदीय मामलों में लोकतंत्र की जननी कहा जाता है, लेकिन ब्रिटिश संसद के जन्म के बहुत पहले भारत में लोकतांत्रिक संस्थाएं थीं। लुडविग जैसे विद्वानों ने वैदिक काल में ही भारत की संसदीय संस्थाओं का उल्लेख किया है। सभा और समितियां ऋग्वेद में हैं। अथर्ववेद में हैं। महाभारत में हैं। वैदिक साहित्य में सभा के सदस्य सभासद कहलाते थे। जो सभेय थे, सभा में सुंदर बोलते थे, वे सभ्य कहे जाते थे। उत्तर वैदिक काल और पुराणों के समय भिन्न-भिन्न जनहितकारी विषयों पर विचार गोष्ठियां होती थीं। भाषा में मधुरता थी। आचार और विचार मर्यादित थे। लेकिन आधुनिक भारत की संसद तमाम प्रतिभाओं के बावजूद मर्यादित रूप में नहीं चलती। संसदीय कार्यवाही प्रेरित नहीं करती। यह हताश और निराश करती है।

संविधान सभा की कार्यवाही लंबे समय तक चली थी। सभा में पंडित जवाहरलाल नेहरू, डॉ. आम्बेडकर, कमलापति त्रिपाठी, विशंभर दयालु त्रिपाठी, मौलाना हजरत मोहानी, हरि विष्णु कामथ, हृदयनाथ कुंजूरू, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे विद्वान सदस्य थे। इस लंबी कार्यवाही में कहीं कोई कटुता नहीं दिखाई पड़ी। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सभा की अध्यक्षता कर रहे थे। संविधान सभा ने देश को एक राज व्यवस्था दी। राष्ट्रवादी मूल और आदर्श दिए लेकिन आश्चर्य है कि ऐसी परंपराओं के उत्तराधिकारी होकर भी हम अपनी संसद को सुव्यवस्थित नहीं चला पा रहे हैं। दुर्भाग्य का विषय है कि प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के पास नीतियों के स्तर पर कोई विकल्प नहीं है। शोर स्थाई भाव है।

सदन राष्ट्रीय विमर्श के संवैधानिक मंच हैं। विपक्ष को तथ्य और तर्क सहित चर्चा करनी चाहिए। मूलभूत प्रश्न है कि प्रश्नों का उद्देश्य क्या है? क्या लोकतंत्र की मजबूती हंगामे से ही संभव है। क्या शोर शराबा और हंगामा ही बहस का उपकरण हो सकते हैं। लोकसभा के मंच से लगातार विपक्ष द्वारा यही कहा जा रहा है कि हंगामा हथियार हो गया है। विपक्ष के पास तथ्य नहीं है। विपक्ष को लगता है कि विपक्ष के पास तथ्य और तर्क से ज्यादा हंगामा और नारेबाजी के उपकरण ही हैं। विपक्ष सरकार को घेरने के अलावा और किसी लक्ष्य से प्रेरित नहीं है। वह राष्ट्रीय आवश्यकता की रणनीति पर कम और हंगामा द्वारा राजनीतिक बढ़त लेने का हथियार ज्यादा है। सदन में अंतर्राष्ट्रीय विषयों पर कम से कम विपक्ष से अपेक्षा की जा सकती है कि वह उत्तरदायी बने। प्रश्न पूछे। विकल्प दे। सुझाव रखे। सरकार को जवाबदेह बनाए। विपक्ष का यह भी कर्तव्य है कि वह सदन को हंगामे का मंच न बनाएं। वैकल्पिक विचार दे और संसदीय कार्यवाही को राष्ट्रहितैषी बनाए।

संप्रभुता अभद्र नहीं होती। संसद सर्वोच्च संप्रभु संस्था है। विधि निर्मात्री है, संविधान संशोधन के अधिकार से भी लैस है। राज्यों के विधानमण्डल इसी की प्रतिछाया हैं, लेकिन संसद और विधानमण्डल स्वयं अपनी बनाई कार्यसंचालन नियमावली का अनुपालन नहीं करा पाते। राष्ट्र क्षुब्ध है।

*(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)*

साहित्य



## तेरे जाने का गम


**दीपक सिंह दीपक**

तेरे जाने का ग़म सहूं तो कैसे सहूं।
ऐ हीर तेरे बिन जियूं तो कैसे जियूं।।
दिल की जुदाई सह पाता नहीं हूं।
घुट से हूं जिंदा कह पाता नहीं हूं।

मर जाऊंगा ये तो कहता नहीं
मिट जाऊंगा कह पाता नहीं हूं।।
दिल पर लगा
जो जख्म सहूं तो कैसे सहूं।

तेरे जाने का ग़म सहूं तो कैसे सहूं।
ऐ हीर तेरे बिन जियूं तो कैसे जियूं।।
इस दिल का जख्म भरता नहीं है।
तेरे बिना कोई सिल सकता नहीं है।।

जो मुझे देखने के बहाने ढूंढते थे।।
अब निकलते हैं तो पता चलता नहीं
है।। वादे निभाने की,
कमसे सहूं तो कैसे सहूं।।
तेरे जाने का ग़म सहूं तो कैसे सहूं।
ऐ हीर तेरे बिन जियूं तो कैसे जियूं।।



## राशिफल

**मेषः-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होने के आसार हैं। घर में खुशहाली रहेगी।

**वृषभः-** जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। बीते हुए दिनों को याद कर भाव-विभोर हो सकते हैं।

**मिथुनः-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे।

**कर्कः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। भविष्य के प्रति मन में चिन्ताएं उत्पन्न होंगी। वर्तमान कार्य से मन में असन्तुष्टि उत्पन्न होगी।

**सिंहः-** किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा। शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन में चिंता उत्पन्न होगी।

**कन्याः-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आन्तरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

**तुलाः-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकता है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगा।

**वृश्चिकः-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरुरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्वबुद्धिजीवियों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशा जनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**धनुः-** कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। सामान्य दिनचर्या के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह अभाव रहेगा।

**मकरः-** किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही तरीके से निर्वहन करें। छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें।

**कुंभः-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

**मीनः-** सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीतिज्ञों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। पारिवारिक दायित्वों की चिंता उत्पन्न होगी।

# खराब कचरा प्रबंधन पर्यावरण के लिए बड़ी चुनौती

*मनोज कुमार मिश्र*

कचरा अब केवल शहरों की समस्या नहीं है। शहरीकरण और आधुनिकीकरण की होड़ में गांव–देहात भी कचरे की समस्या को झेलने को मजबूर हो गए हैं। पर्यावरण के लिए घरों के निकलने वाले कूड़ों से अधिक प्लास्टिक कचरा, मेडिकल कचरा, इलेक्ट्रोनिक कचरा ज्यादा नुकसानदेह है। एक अनुमान के मुताबिक देशभर से हर रोज निकलने वाले करीब तीन लाख मीट्रिक टन कचरे में तमाम नए तरह के कूड़ा पैदा होने के चलते केवल एक चौथाई कूड़े का निबटान आसानी से हो पा रहा है। हिमालय की ऊंची चोटियों से लेकर पवित्र केदारनाथ धाम भी कचरा और खास कर प्लास्टिक कचरे से तबाह है। खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने मन की बात में इसके लिए अपील करनी पड़ी। दिल्ली, मुंबई या दूसरे बड़े शहरों में कचरों के पहाड़ (लैंडफिल) से लोगों को खतरा है ही, उसे खत्म करने के कई प्रयासों के दौरान निकलने वाले गैस से बड़ी संख्या में लोग बीमार हो रहे हैं। जिस तरह से आए दिन दिल्ली के गाजीपुर, भलस्वा और ओखला या मुंबई के मुलुंग के कूड़े के पहाड़ों में आग लगती रहती है वैसी ही आग दिल्ली, मुंबई, देहरादून आदि के कूड़े घर में लगने लगी है। प्लास्टिक और दूसरे कचरों से बड़ी संख्या में समुद्री जीव लगातार मर रहे हैं। शहरों और देहातों में गाय और पालतू जानवरों की मौत का एक बड़ी कारण प्लास्टिक और मेडिकल कचरा है। उत्तराखंड के जंगलों में हाथियों के लीद ((शौच) में प्लास्टिक कचरा मिलने के बाद तो वन जीवों पर संकट के बादल छाने लगे हैं। घरों से हर निकलने वाले कूड़े प्रबंधन एक समस्या है ही क्योंकि माना जाता है कि अगर अलग–अलग कूड़े की छंटाई शुरुवात में घरों से नहीं हुई तो बाद में उन्हें अलग करना कठिन हो जाता है। बड़ी समस्या दूसरे प्रकार के कूड़े से है। अब घरों को तोड़ने से होने वाले मलबे को सड़क बनाने में उपयोग किया जाने लगा है। प्लास्टिक के पुराने बोतलों आदि को भी री–साईकिल कर दूसरी चीज बनाए जाने लगे हैं। बड़ी समस्या मेडिकल कूड़े की है। एक अनुमान के मुताबिक कोरोना महामारी के दौरान हर रोज 710 टन मेडिकल कचरा निकल रहा था। मेडिकल कचरो का सही प्रबंधन न करने पर तो उनमें आपस में ही रासायनिक प्रतिक्रिया होने से खतरनाक गैस निकलने लगते हैं। इसी तरह इलेक्ट्रोनिक कचरा प्रबंधन बड़ी समस्या बन चुका है। अब मोबाइल, टीवी, फ्रिज, एसी, कूलर, गीजर, हीटर इत्यादि सामान हर घर तक पहुंच गया है। उनके बेकार होने पर उसके पुराने सामानों का उपयोग एक हद तक ही होता है। बाद में तो वह कूड़ा ही बन जाता है। इस कूड़े की मात्रा भी लगातार बढ़ रही है।

समस्या इसलिए ज्यादा विकराल होती जा रही है कि हम जिन दुनियां के अमीर देशों की नकल करके आधुनिकता के अंधी दौड़ में फंसे हुए है, वहां भी कचरा प्रबंधन समस्या है लेकिन वहां अपने देश जैसी न तो भारी आबादी है और न कम संसाधन। कुछ दशक पहले तक कूड़ा प्रबंधन शहरों की समस्या थी। गांव में गिनती के पक्के मकान थे। मिट्टी या बांस–फूस के मकानों को तोड़ तक वापस कुछ और मिट्टी या बांस– फूस से नया मकान बनाया जाता था। घरों से निकलने वाला कूड़ा खाद बन जाता था क्योंकि उसमें मिलावटी चीजें नहीं या कम से कम होती थी। गांव में प्लास्टिक के थैलों और बोतलों आदि का उपयोग तो कुछ दशकों से शुरू हुआ है। लोग सामान लाने–ले–जाने के लिए अपने थैलों आदि का उपयोग करते थे। गांव में इलेक्ट्रोनिक सामान गिनती के थे। अब गांव में भी ज्यादातर घर पक्के बन गए। इलेक्ट्रोनिक और मेडिकल कचरा शहरों की तरह गांव में भी इकट्ठा होने लगा है।

शहरीकरण की बढ़ती रफ्तार ने देश के गांवों की आबादी को भी वही सारे रोग दे दिए हैं, जिसे झेलने के लिए शहरों के लोग पहले अभिशप्त थे।

अब कचरा प्रबंधन केवल महानगरों या शहरों की समस्या नहीं है, यह देश की बड़ी समस्या बन गया है। बिना कूड़ा प्रबंधन के प्रदूषण से निजात नहीं मिलने वाला है।

यह साबित हो चुका है कि प्रदूषण का एक बड़ा कार्ण कूड़ा–कचरा है। दुनिया के अमीर देश भी इस समस्या को झेल रहे हैं और उससे निजात पाने के विभिन्न उपाय खोज चुके हैं और हर रोज नए उपाय मिलने की उम्मीद दिखाते हैं। उनका कूड़ा प्रबंधन बेहतर होने से उन देशों में प्रदूषण के मुख्य कारणों में कचरा या कूड़ा नहीं है। उनका खानपान और रहन–सहन उन्हें बीमार बना रहा है। भारत जैसे बड़ी आबादी वाले विकासशील देश में से प्रदूषण के बड़े कारणों में एक कारण मानव के उपयोग में आने वाले विभिन्न तरीके के कचरे हैं। दुर्भाग्य से इस समस्या से हम निजात नहीं पा सके हैं और अमीर देशों की नकल में जीवन शैली में बदलाव कर प्रकृति का सही उपयोग के बजाए उसका दोहन करके अपने को ज्यादा बीमार कर रहे हैं। यही हाल अपने देश में भी अंधाधुंध हो रहे शहरीकरण और विदेशी जीवन शैली का नकल करने से हो रहा है।

नरेन्द्र मोदी साल 2014 में पहली बार प्रधानमंत्री बनते ही जिन चीजों का लगातार और बार–बार आग्रह कर रहे हैं उसमें स्वच्छता, स्वावलंबन और कचरा मुक्त देश बनाने का आग्रह प्रमुख है। सभी को पक्का मकान सरकार दिला रही है, सभी घरों में साफ पानी, शौचालय, बिजली और हर गांव को पक्की सड़क से जोड़ रही है। इसमें सरकार को काफी सफलता भी मिली है। इन योजनाओं का लाभ ज्यादातर देश की आबादी को मिल रहा है। इसी तरह से सभी को शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा भी सरकार उपलब्ध करा रही है। इन सभी योजनाओं पर लाइलाज हो रही कूड़े–कचरे की समस्या पानी फेर रही है।

उत्पादन बढ़ाने की होड़ से अन्न के अवशेष भी जहर बनते जा रहे हैं। पहले अन्न के जिन अवशेषों को प्राथमिकता से घरेलू जानवरों और मवेशियों को खिलाकर उन्हें ताकतवर और ज्यादा उपयोगी बनाते थे। अब वे उन्हीं को खाकर बीमार हो रहे हैं। भारतीय संस्कृति में गाय का गोबर सबसे पवित्र माना जाता है। उसका उपयोग हर पूजा–पाठ से लेकर घरों को शुद्ध करने के लिए किया जाता था। आज प्रदूषित अन्न के अवशेषों ने उसकी पवित्रता को ही खत्म कर दिया। गाय सबसे बड़ी संख्या में प्लास्टिक के पैकेट निगलने और प्रदूषित अन्न अवशेष खाकर मर रही हैं। इन कचरों का सही निबटारा न होने से गांव से लेकर शहरों तक के नदी–नाले भी कचरों की ढेर में तब्दील हो रहे हैं। इससे पानी का संकट तो भयावह होता ही जा रहा है, हर शहर में थोड़ी बरसात से ही बाढ़ आने लगी है। हालात ऐसे बनते जा रहे हैं कि गांव से लेकर शहरों और दिल्ली, मुंबई जैसे महानगरों में आपातकाल जैसे हालात मानकर कचरा प्रबंध प्राथमिकता पर करना जरूरी हो गया है।

*(लेखक, जाने–माने वरिष्ठ पत्रकार हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

**मौदहा(हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपरौंदा में नवविवाहिता ने शनिवार को साड़ी का फंदा लगाकर जान दे दी। मृतका के भाई की शिकायत पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा मौदहा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपरौंदा निवासी अंकित तिवारी की 24 वर्षीय पत्नी आशादेवी ने शनिवार दस बजे घर मे टीनशेड में लगी बल्ली में साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली द्य पति अंकित घर के अंदर आया तो देखा कि पत्नी आशा साड़ी के फन्दा बनाये लटकी है तो उसे आनन फानन में नीचे उतारा और देखा कि उसकी सॉसें थम चुकी है द्य तो वह चिल्ला कर रोने लगा जिस पर उसके मुहल्ले के लोग आ गए द्य इसके बाद पत्नी के मौत की सूचना अपनी ससुराल में दी जहां से उसके भाई और परिजन आ गए द्य आशादेवी के मायके से आये उसके भाई विनय त्रिपाठी ने बताया कि हमारी बहन की हत्या की गई है द्य क्योंकि दस बजे की मरी और हमे सूचना 12बजे दी जाती है और इतनी देर होने के बाद भी इन्होंने पुलिस को सूचना नहीं दी गई है द्य अब आगे की कार्यवाही हम पोस्टमार्टम कराने के बाद करेंगे द्य कोतवाली प्रभारी सन्तोष कुमार सिंह का कहना है कि घटना की जांच कराई है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तपोभूमि में नवदंपती ने वटवृक्ष का पौधा रोप लिया बुजुर्गों से आशीर्वाद



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे के वार्ड संख्या दो भगत सिंह नगर के निवासी नवदम्पति ने गायत्री तपोभूमि के विरक्त आश्रम में बरगद का वृक्ष रोपित करके बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त किया।कस्बे के भगत सिंह नगर निवासी मनीष राज की शादी गत 5 जनवरी को नदेहरा निवासी प्रीति के साथ हुई थी। रविवार को नवदम्पति ने गायत्री तपोभूमि के विरक्त आश्रम में बरगद का पौधा रोपित करके संरक्षित करने का संकल्प लिया। इसके बाद उन्होंने बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण समिति के संरक्षक मुनीर खान, अध्यक्ष संतोष कुशवाहा ग्रीनमैन, सचिव राजेश सहारा, विवेक चौहान, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू, राखी शिवहरे, सिद्दीक अहमद, कुलदीप, सुनीता शिवहरे, अजय प्रजापति, पदमपति सिंघानिया, गौरव पांडे, नीरज साहू, अमरकांत, हरीशराज चक्रवर्ती, शिवकुमार, घनश्याम आदि मौजूद रहे।

### श्री विष्णु महायज्ञ के दौरान भागवत कथा का आयोजन किया गया हजारों लोगों ने छका प्रसाद

**खड़ेही लोधन(हमीरपुर)।** गांव करगांव में चल रही श्रीविष्णु महायज्ञ का रविवार के दिन पूर्णाहुति और भंडारा के साथ सम्पन्न हो गई। जिसमे हजारों लोगों ने छका प्रसाद मुस्करा विकास खंड क्षेत्र के गांव करगांव में चल रही श्री विष्णु महायज्ञ दौरान भागवत कथा का आयोजन किया गया। जिसमे स्वामी निरंजन दास महाराज की पुण्यतिथि पर आयोजित यज्ञ में स्वामी मोनी महाराज हनुमान दास जी महाराज का विशेष सानिध्य रहा। वही रविवार के दिन हवन पूजन के साथ विशाल भण्डारे का आयोजन किया किया गया जिसमे आसपास के गांवों के हजारों लोगों ने प्रसाद खाया यज्ञ के आयोजन में कमेटी अध्यक्ष राम प्रकाश यादव (पूर्व प्रधान)जयकरण सिंह शिवरतन सिंह, उमाकांत विश्वकर्मा, मुन्ना कुशवाहा, राम प्रकाश यादव रामस्वरूप पाल, राजा बाबू खंगार, पंकज कुशवाहा, सुभाष कुशवाहा बच्चा कुशवाहा और राजेश विश्वकर्मा (एड.) समेत समस्त ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

### थाना खरेला पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार



**खरेला/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खरेला नन्देलाल यादव द्वारा गठित वरिष्ठ उपनिरीक्षक शिवदान सिंह मय हमराह उपनिरीक्षक सत्येन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्तगण पूरनलाल अहिरवार पुत्र कालीचरन अहिरवार उम्र 35 वर्ष निवासी मुहल्ला स्वामीदास कस्बा व थाना खरेला एवं बुग्गल सिंह पुत्र लक्ष्मी सिंह उम्र करीब 27 वर्ष निवासी मुहल्ला हल्ले 1 कस्बा व थाना खरेला सम्बन्धित केस नं0 29/25 धारा 147 बीएनएसएस में न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय महोबा द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्तगण को भिन्न-भिन्न स्थानों से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया और उन्हें आवश्यक कार्यवाही को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### साथी के साथ बैठने से नाराज युवक ने कर दी पिटाई

**जालौन (उरई)।** साथी के साथ बैठने से नाराज होकर एक युवक ने दूसरे युवक की पिटाई कर दी। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खंडेराय निवासी दीपक ने पुलिस को बताया कि रविवार की दोपहर वह अपने साथी रामू के साथ उसके घर के बाहर बैठकर बातचीत कर रहा था। तभी वहां मोहल्ले का ही एक युवक आया और उसके बैठने पर आपत्ति जताने लगा। जब उसने कारण पूछा तो गाली, गलौज शुरू कर दी। मना करने पर बेल्टों से पिटाई कर दी। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग बचाने के लिए आए तो जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### युवती फांसी पर झूली

**उरई (जालौन)।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बघौरा में 35 वर्षीय युवती गोमती उर्फ गौरी ने अपने घर के कमरे में साड़ी से फंसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि युवती पिछले दो वर्षों से वैवाहिक विवाद के चलते मायके में रह रही थी और मानसिक तनाव में थी। जिला अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

### भगवान का नव विग्रह हर जीव का कर सकता है कल्याण: पं. अंकित



**जालौन (उरई)।** श्रीवीरबालाजी हनुमान मंदिर देवनगर चौराहे पर आयोजित नवकुंडीय श्रीसीताराम महायज्ञ में दूसरे दिन यज्ञाचार्य ने आहुतियां दिलायीं। मंदिर परिसर में चल रहे यज्ञ के दौरान सुबह मंत्रोच्चार व दोपहर में श्रीमद्भागवत कथा के चलते आसपास का माहौल भक्तिमय हो गया। उरई मार्ग स्थित श्रीवीरबालाजी हनुमान मंदिर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में रविवार की सुबह आयोजन की शुरुआत सुबह यज्ञ से हुई। यज्ञाचार्य पंडित अमित तिवारी ने प्रधान यजमान साधना, रूद्रप्रताप सिंह गुर्जर समेत नौ जोड़ों ने कुंडों पर बैठे भक्तों से विधि विधान से यज्ञ में आहुतियां दिलाई और घर में सुख, समृद्धि एवं देश में सुख शांति के लिए प्रार्थना की। दोपहर में आरती के साथ यज्ञ की परिक्रमा की गई। श्रीराम संकीर्तन के उच्चारण से पंडाल व मंदिर के आसपास का माहौल भक्तिमय हो गया। दोपहर के बाद भागवताचार्य पंडित अंकित पचौरी ने श्रीमद्भागवत कथा के महत्व की चर्चा करते हुए कहा कि भगवान का नव विग्रह हर जीव का कल्याण कर सकता है। इससे पूर्व रात में रामलीला पांडाल में रामलीला का मंचन किया गया एवं मंदिर के बाहर दीपक जलाकर श्रीराम लिखा गया। इस मौके पर मंदिर के पुजारी कमलेश महाराज, राजकुमार विश्नोई, आलोक शर्मा, जितेंद्र आदि मौजूद रहे।

### जेपीएल सीजन-3 में प्रभाकर एकेडमी उरई ने धमाकेदार जीत दर्ज की



**जालौन (उरई)।** जेपीएल सीजन तीन का दूसरा मैच प्रभाकर एकेडमी उरई और सागर इलेवन कोंच के बीच खेला गया। जिसमें प्रभाकर एकेडमी उरई ने 112 रनों से धमाकेदार जीत दर्ज की। जालौन प्रीमियर लीग तीसरे सीजन का दूसरा मैच रविवार को छत्रसाल मैदान पर प्रभाकर एकेडमी उरई और सागर इलेवन कोंच के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरे प्रभाकर एकेडमी उरई के बल्लेबाजों ने शुरू से ही मैच पर पकड़ बनाए रखी। सलामी बल्लेबाज अंकुर यादव ने 33 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 42 रन बनाए। कप्तान श्रीकांत ने उनका बखूबी साथ दिया। उन्होंने भी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 33 गेंदों में छह चौकों और एक छक्के की मदद से 49 रनों की पारी खेली। वह एक रन से अपना अर्द्धशतक बनाने से चूक गए। अभिषेक यादव ने 18 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्कों की मदद से 42 रन बनाए। अवी ने 18 गेंदों में सात चौकों की मदद से 37 रन बनाए। अजय यादव ने 17 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से 23 रन बनाकर टीम का स्कोर पांच विकेट पर 207 रनों पर पहुंचाया। सागर इलेवन कोंच की ओर से कप्तान व गेंदबाज मानस मिश्रा ने चार ओवरों में 50 रन देकर चार विकेट चटकाए। दूसरी पारी में खेलने उतरे सागर इलेवन कोंच के बल्लेबाज शुरुआत से ही दबाव में नजर आए। टीम के सलामी बल्लेबाज वेद शर्मा ने कुछ संघर्ष किया। उन्होंने 13 गेंदों में छह चौकों की मदद से 27 रन बनाए। डैनी ने 13 गेंदों में 14 रन बनाए। टीम के बाकी बल्लेबाज तू चल मैं आया की तर्ज पर दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। पूरी टीम 13.3 ओवर में 95 रनों के स्कोर पर पवेलियन लौट गई। प्रभाकर एकेडमी उरई के गेंदबाज अभिषेक यादव ने 3.3 ओवर में 14 रन देकर चार विकेट झटके। रजत यादव ने तीन ओवर में 15 रन देकर दो विकेट झटके।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद ने यूजीसी प्रस्ताव का किया विरोध

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



कस्बे में तपोभूमि में रविवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के तत्वावधान में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें एकजुटता के साथ यूजीसी के प्रस्ताव का तीखा विरोध किया गया। गोष्ठी में बड़ी संख्या में संत,बुद्धिजीवी मातृशक्ति शामिल हुए।

मुख्य वक्ता संत राजेंद्र दास ने कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियां सनातन संस्कृति को कमजोर करने की दिशा में बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि सनातन पर लगातार हो रहे प्रहारों के कारण संत समाज को अब शांत रहने के बजाय सजग और संगठित होना पड़ रहा है। संत राजेंद्र दास ने भावुक शब्दों में कहा कि आज संतों को एक हाथ में माला और दूसरे हाथ में भाला लेने की मजबूरी पैदा हो गई है, ताकि सनातन धर्म और संस्कृति की रक्षा की जा सके।परिषद की महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष दीपा तिवारी ने कहा कि यूजीसी के नाम पर लाई जा रही एकजुटता की व्यवस्था समाज की विविधता और परंपराओं के लिए खतरा है। इससे धार्मिक स्वतंत्रता और सांस्कृतिक पहचान प्रभावित हो सकती है। वक्ताओं ने सभी सनातन धर्मावलंबियों से एकजुट होकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराने का आह्वान किया कार्यक्रम के अंत में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर सरकार से मांग की गई कि वह यूजीसी जैसे प्रस्तावों पर पुनर्विचार करे और सनातन संस्कृति की मूल भावना का सम्मान करें। इस मौके पर परिषद के संरक्षक अविनाशी त्रिपाठी, नीरज मिश्रा, जिलाध्यक्ष कल्लू बाजपेई, बालजी पांडेय, आलोक अवस्थी, राखी पांडेय, जयप्रकाश त्रिपाठी, सुनील त्रिपाठी,अमित तिवारी, बबली मिश्रा, गीता ओमर, उमा शुक्ला, वंदना तिवारी, ब्रजेश बादल, जीतू शुक्ला, उर्मिला सिंह सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के महिला पुरुष मौजूद रहे।संचालन रमाकांत शुक्ला एवं अम्बे मिश्रा ने किया।

## युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**मौदहा, हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र में इचौली गांव के पास 25 वर्षीय युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। वह घर से खेत जा रहा था, तभी रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा द्यमौदहा कोतवाली क्षेत्र के बाँदा-कानपुर रेलवे ट्रैक पर गांव इचौली श्यामनाला पुल के पास खेत जा रहे ग्राम नायकपुरवा निवासी 25 वर्षीय युवक श्यामलाल पुत्र जयपाल निषाद की ट्रेक से कटकर मौत हो गई। घटना के बाद उसका शरीर दो हिस्सों में बंट गया। इचौली चौकी पुलिस मौके पर पहुंच कर शव की शिनाख्त की पहचान होने पर परिजनों को घटना की सूचना दी ग्राम नायकपुरवा निवासी मृतक श्यामलाल के चचेरे भाई रमेश ने बताया की श्यामलाल गांव में मजदूरी व बलकट लेकर खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता था। शनिवार को शाम छह बजे वह घर से खेत पर जाने की बात कहकर निकला था। इसके बाद नहीं लौटा। जैसे ही वह गांव से निकली रेलवे लाइन पर पहुंचकर उसे पार करने लगा। इसी बीच सामने से कोई ट्रेन आ रही थी। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाता, उसकी चपेट में आ गया। जिससे उसके शरीर के चीथड़े उड़ गए। मृतक के माँ की बचपन ही मौत हो गई थी वही पिता जयपाल की मृत्यु भी पांच साल पहले हो गई थीद्य मृतक अपने परिवार में सबसे बड़ा था दो भाई एक बहन है जिंसमे किसी की शादी नही हुई है अब 19 वर्षीय बहन के शादी की जिम्मेदारी छोटे भाई पर आ गई है द्य शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि युवक की ट्रेन से कटकर मौत हुई है द्य पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कारण स्पष्ट होंगे। घटना की जांच की जा रही है।

## चिकासी-मुहाना पुल बंद, सपा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सरीला(हमीरपुर)।** चिकासी-मुहाना मार्ग पर स्थित बेतवा पुल के पुनर्निर्माण कार्य के चलते पुल बंद होने से क्षेत्र में आवागमन प्रभावित हो गया है। पुल बंद रहने से छात्र-छात्राओं, मरीजों और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम सरीला को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने बताया कि पुल बंद होने से लोगों को कई किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। क्षेत्र में कई इंटर कॉलेज स्थित हैं और इन दिनों बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं। जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वहीं एंबुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाओं को भी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। सपा



नेताओं ने मांग की कि जनहित को देखते हुए बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर समीपवर्ती स्थान से अस्थायी कट खुलवाया जाए। जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके एसडीएम ने ज्ञापन लेकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया इस मौके पर महिला सभा की जिला अध्यक्ष नीलम यादव, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राजपूत चंद्रावती वर्मा, विधानसभा अध्यक्ष गोकुल राजपूत, कामता राजपूत सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नेत्र शिविर में 65 कम रोशनी वालों को बांटा गया चश्मा

- नेत्र शिविर में 35 मरीजों की जांच की गयी जिसमें से तीन मरीज मोतियाबिंद के पाये गये
- कुसमरा गांव में लगाया गया कैंप

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**




कुरारा पंचायत भवन कुसमरा में निशुल्क चश्मा वितरण संध्या वर्मा जिला उपाध्यक्ष भाजपा अनु मोर्चा के द्वारा किया गया जिसमें 65 लोगो की पास की रोशनी कम निकली थी जो नेत्र शिविर दिनांक 9 नवम्बर को लगाया गया था जिसमे डा सुरेश द्वारा जांच की गई थी जिन लोगो की नजर कमजोर निकली उन लोगो को निशुल्क चश्मा वितरण किया गया और जिन लोगो की आखों में मोतियाबिंद था उनका निशुल्क ऑपरेशन कराया गया और उनको भी निशुल्क चश्मा दिया गया और उसके बाद डा सुरेश नेत्र चिकित्सक ने 35 मरीजो की जांच भी की जिसमे 3 मोतियाबिंद मरीज मिले बाकी मरीजो की रोशनी की जांच की जो मोतियाबिंद के मरीजो को ब्लड शुगर जांच के लिऐ जिला अस्पताल रिफर किया गया उसके बाद निशुल्क ऑपरेशन किये जायेंगे इस मौके पर संध्या वर्मा जिला उपाध्यक्ष भाजपा ने कहा की हम समाज सेवी है अभी तक हम और मेरे पती डा सुरेश हमीरपुर मुख्यालय में लोगो की सेवा की बड़ी बड़ी आपदा में हमने लोगो की सेवा की है कोरोना काल मे लोगो की मदद की और हमीरपुर बाढ़ आती है तो बाढ़ पीड़ितों को खाना खिलाने के काम करते और अब हम गांव के लोगो से जुड़ना चाहते है आप लोगो के हर दुख सुख में साथ देगे जो भी आप लोगो की समस्या होगी हम आप की मदद करेंगे इसी मौके पर डा सुरेश ने कहा कि हम गांव गांव में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन कर रहे और लोगो की निशुल्क आखो का ऑपरेशन करवा रहे है और निःशुल्क चश्मा भी दे रहे यह सेवा हम बराबर करते रहेंगे और अस्पताल में किशी को कोई परेशानी हो तो हमको बताओ गें तो उसमें भी हम मदद करेंगे और जब तक जीवन है तब तक हम सेवा करते रहेंगे।

# पुरानी परम्पराओं को जीवित रखने के लिए बैलगाड़ी से बारात लेकर ससुराल पहुंचे बराती

- बरात के पहुंचते ही खुशी में झूमे लोग, खूब हुआ स्वागत और सम्मान

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में एक अनोखी बारात का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें दूल्हा बने दिलीप कुशवाहा अपनी दुल्हनिया को लेने बैलगाड़ी में सवार होकर ससुराल पहुँचे। बता दें कि आज के युग में आधुनिकता की चकाचौंध भरी जिन्दगी के बीच जहां लोग बारातें लग्जरी गाड़ियों से ले जाने में अपनी शान समझते हैं और विदा कराने के लिए हेलीकाप्टर तक का सहारा लेकर अपने रसूख को दिखाने की कोशिशफ होती है,तो वहीं दूसरी तरफ पुरानी परम्पराओ को जीवित रखने के लिए लोग आज भी बैलगाड़ी से



बारात निकाल लोगों को कम खर्च और परंपराओं से जोड़ने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। दरअसल वायरल वीडियो में दूल्हा बने नजर आ रहे दिलीप कुशवाहा ने बीते दिनों चार फरवरी को अपनी बारात को बैलगाड़ी से निकालकर समाज को संदेश दिया कि हमारी असली पहचान हमारी संस्कृति और परंपरा में बसती है जनपद के पिंडारी गाँव से निकली यह बारात कबरई ब्लॉक के ग्योड़ी गांव पहुंची। जहां बारात को देखकर कन्या पक्ष में खुशी का माहौल देखने को मिला। यह एक विवाह की यात्रा नहीं बल्कि बुंदेलखंड की आत्मा को जीवंत करने की ओर बढ़ाया गया कदम है। बैलगाड़ी से निकली यह बारात साबित करती है कि सादगी में ही असली भारत बसता है और परंपराओं को जीवित रखने वाले ऐसे प्रयास समाज को नई दिशा देते हैं। इस बारात का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है जिसमें बैलगाड़ी में बैठे दूल्हे का कन्या पक्ष टीका करता है और बड़ी शान से दूल्हा बैलगाड़ी पर सवार होता है। वायरल वीडियो में दिलीप कुशवाहा कहता नजर आ रहा है कि यह पुरानी परंपरा की शुरुआत है और बैल हमारे धर्म का प्रतीक है और माता- पिता की इच्छा से जब विवाह होता है तो वह धर्म विवाह होता और यह मेरा धर्म विवाह है इसलिए मैं भी धर्म रथ में बैठकर अपने दुल्हनिया को लेने जा रहा हूं।

## नवोदय विद्यालय की कक्षाओं में रिक्त सीटों के लिए परीक्षा सम्पन्न

- जिला प्रशासन व पुलिस व्यवस्था के बीच सुव्यवस्थित तरीके से परीक्षा सम्पन्न

**महोबा।** पीएम श्री नवोदय विद्यालय महोबा परीक्षा केन्द्र में नवमीं एवं ग्यारहवीं कक्षाओं में प्रवेश हेतु लेटरल एंट्री के माध्यम से जिले भर के छात्र - छात्राओं की परीक्षा अनुशासित तरीके से सम्पन्न कराई गई। बताया गया है कि ग्यारहवीं के कुल 76 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 53 उपस्थित एवं 23 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार नवमीं कक्षा के लिए कुल 238 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 195 उपस्थित एवं 43 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे । परीक्षा को सुचारू रूप से संपादित कराने के



लिए प्राचार्या वन्दना श्रीवास्तव एवं उपप्राचार्य राजेंद्र सिंह ने कहा कि परीक्षाऐं समस्त सुव्यवस्थित तरीके से सम्पन्न कराई गई। परीक्षा केन्द्र पर सेन्टर लेबल आब्जर्वर के रूप में सी के सेंगर एवं मनोज अग्रवाल का सराहनीय योगदान रहा। नवोदय प्रवेश परीक्षा प्रभारी विजय प्रजापति व विद्यालय के समस्त कर्मचारियोंने पूर्ण सहयोग किया। जिला प्रशासन व पुलिस विभाग ने भी यथा संभव सहयोग दिया।

## महा शिवरात्रि पर नगर बनेगा ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन का साक्षी

- नगर में शिव बारात, शिव विवाह कार्यक्रम का होगा आयोजन

**जालौन (उरई)।** महाशिवरात्रि के पर्व पर इस वर्ष नगर एक ऐतिहासिक और धार्मिक आयोजन का साक्षी बनने जा रहा है। जय बाबा बर्फानी ग्रुप एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के संयुक्त तत्वावधान में नगर में पहली बार भव्य शिव बारात और शिव विवाह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। समाजसेवी दीपक मित्तल ने बताया कि महाशिवरात्रि भगवान शिव और माता पार्वती के पावन विवाह का प्रतीक पर्व है और इसी भाव को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से महाशिवरात्रि के पर्व पर 15 फरवरी दिन रविवार को पूरे श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ नगर में पहली बार शिव बारात निकाली जाएगी। शिव बारात का शुभारंभ शाम चार बजे मनोहर लाल आयुर्वेदिक अस्पताल के पास स्थित बाजपेई मंदिर से किया जाएगा। यहां विधिवत पूजन-अर्चन के बाद भगवान शिव की बारात विभिन्न झांकियों के साथ नगर भ्रमण के लिए रवाना होगी। बारात नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए बड़ी माता मंदिर पहुंचेगी, जहां विधि-विधान से शिव विवाह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठान, वैदिक मंत्रोच्चारण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

# विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने पति सहित तीन को भेजा जेल

- मृतका के भाई ने लगाया था पति, ससुर व ननद पर दहेज को लेकर हत्या का आरोप

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली अंतर्गत ग्राम बुधौरा में एक महिला का शव संदिग्ध अवस्था में मृत पाये जाने से गांव में हड़कंप मच गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मध्य प्रदेश के छतरपुर कोतवाली अंतर्गत ढड़ारी ग्राम निवासी नरेश पुत्र रामदीन ने कुलपहाड़ कोतवाली में




दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि मेरी बहिन पुष्पा उम्र करीब 28 वर्ष का विवाह करीब दो वर्ष पूर्व दिनांक 4 मई 2024 को कुलपहाड़ कोतवाली अंतर्गत ग्राम बुधौरा में अरविन्द अहिरवार पुत्र भवानीदीन के साथ हुआ था। आरोप लगाया कि मेरी बहिन को दहेज की मांग को लेकर मेरा जीजा अरविन्द व उसका पिता भवानीदीन व बहिन सुदामा आए दिन प्रताड़ित करते थे। जिसे दिनांक 7/2/2026 की शाम करीब पांच बजे मेरे जीजा अरविन्द व उसके पिता भवानीदीन व उसकी बहन सुदामा ने मिलकर दहेज की मांग के चलते गला घोंटकर हत्या कर दी। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि मृतका के भाई नरेश की तहरीर के आधार पर पति अरविंद, ससुर भवानीदीन व ननद सुदामा के खिलाफ बी एन एस की धारा 85, 80 (2) एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम 3 व 4 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों को जेल भेज दिया है। जिसकी विवेचना पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत गोंड द्वारा की जा रही है।

## राजमार्ग किनारे पेड़ से लटका मिला अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का शव

**पनवाड़ी/महोबा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत झाँसी-बिलरायां राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे एक पेड़ से अज्ञात व्यक्ति का शव लटका मिलने से हड़कम्प मच गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं। फिलहाल मौत की वजह आत्महत्या है या कुछ और, पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। थाना पनवाड़ी क्षेत्र हरपालपुर-झांसी रोड पर बैदों मोड़ के पास एक अज्ञात अधेड़ का शव पेड़ से लटका पाया गया। सुबह-सुबह अपने गंतव्य को जा रहे राहगीरों की नजर जैसे ही शीशम के पेड़ से झूलती लाश पर पड़ी, पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों का भारी हुजूम जमा हो गया और तरह-तरह की आशंकाएं जताई जाने लगीं। सूचना मिलते ही थाना पनवाड़ी पुलिस की टीम दलबल के साथ मौके पर पहुंची। वरिष्ठ उपनिरीक्षक महेंद्र वर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ कर मृतक की पहचान करने की कोशिश की। प्रारंभिक जांच के बाद शव को पेड़ से उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी भेजा गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे आधिकारिक तौर पर मृत घोषित कर दिया। पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती मृतक की शिनाख्त करना है। शव के पास से फिलहाल ऐसी कोई वस्तु बरामद नहीं हुई है जिससे उसकी पहचान तुरंत हो सके। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और यदि मृतक के बारे में कोई सुराग मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। फिलहाल पनवाड़ी पुलिस सभी तकनीकी और जमीनी पहलुओं से मामले की तफ्तीश में जुटी है। अब सबकी नजर पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी है, जिससे इस रहस्यमयी मौत का सच सामने आ सकेगा।

# मधुमक्खी हमले के बाद जागा प्रशासन, बीडीओ के निर्देश पर मोक्षधाम में हुई सफाई

- घटना का बीडीओ संदीप मिश्रा ने लिया था संज्ञान में

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत बड़ागांव के मजरा महमूद नगर डाले का पुरवा स्थित श्मशान घाट में दो दिन पूर्व अंतिम संस्कार के दौरान हुए मधुमक्खियों के जानलेवा हमले के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। खंड विकास अधिकारी संदीप मिश्रा ने मामले का संज्ञान लेते हुए तत्काल मौके पर जेसीबी मशीन भेजकर विशेष साफ-सफाई अभियान शुरू कराया। गौरतलब है कि 78 वर्षीय बीर सिंह के अंतिम संस्कार के दौरान जैसे ही



शव को जमीन पर रखा गया, श्मशान घाट में मौजूद मधुमक्खियों का झुंड अचानक उग्र हो उठा और अंतिम यात्रा में शामिल ग्रामीणों पर हमला कर दिया। हमले से मौके पर भगदड़ मच गई और दर्जनों लोग मधुमक्खियों के डंक का शिकार हो गए। चंद्रशेखर (56), देवी चरन (62), धीरू सिंह (30), विजय राज शर्मा (34) समेत कई ग्रामीण घायल हुए। अन्य घायलों में श्याम सुंदर, हर्षू, दीपू, बीरू, शिव शंकर, प्रदीप, रवि सिंह, सीलू, धर्मेंद्र सिंह, मन सिंह, राजू परिहार, अशोक सिंह और संत सिंह शामिल बताए गए। घायलों को निजी वाहनों से सीएचसी कदौरा पहुंचाया गया था। घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासनिक लापरवाही के आरोप लगाए थे और समय पर व्यवस्था न होने पर नाराजगी जताई थी। इसके बाद बीडीओ संदीप मिश्रा ने श्मशान घाट परिसर में फैली झाड़ियों, कचरे और वर्षों से उपेक्षित अव्यवस्थाओं को हटाने के लिए जेसीबी से सफाई अभियान चलवाया। प्रशासन का कहना है कि क्षेत्र को सुरक्षित बनाना और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना प्राथमिकता है। त्वरित कार्रवाई से ग्रामीणों में राहत देखी गई है, हालांकि लोग जिम्मेदारी तय किए जाने की भी मांग कर रहे हैं।

## पुश्तैनी जमीन पर पड़ोसी को अवैध निर्माण से रोका तो वृद्धा को दी धमकी

**जालौन (उरई)।** पुश्तैनी जमीन पर पड़ोसी अवैध रूप से निर्माण कार्य कर रहे हैं। मना करने पर धमका रहे हैं। पीड़ित बुजुर्ग महिला ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खटीकान निवासी देवकी ने पुलिस को बताया कि मोहल्ले में उसका पुश्तैनी मकान है। जब उन्होंने अपने मकान का निर्माण कराया तो पड़ोसी के पास निकलने की रास्ता नहीं थी। मोहल्ले के लोगों के कहने पर उन्होंने कुछ हिस्सा छोड़ दिया था। ताकि पड़ोसी को आने जाने का रास्ता मिल जाए। लेकिन अब उन्होंने उस पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है और वहां निर्माण कार्य करा रहे हैं। जब उन्होंने ऐसा करने से मना किया तो वह झगड़े पर आमादा हो गए।

# सेवानिवृत्त हुए वाहन चालकों को दी गई भावभीनी विदाई

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** राजकीय वाहन चालक महासंघ उत्तर प्रदेश की बाराबंकी इकाई का गठन तहसील नवाबगंज के सभागार में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रिजवान अहमद सिद्दीकी, विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री जयप्रकाश त्रिपाठी और विकास भवन कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष मुस्तफा खान उपस्थित रहे और नवगठित कार्यकारिणी को शपथ दिलाया। कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध हास्य व्यंग्य के रचनाकार अनिल श्रीवास्तव 'लल्लू' ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी एवं पत्रकार रत्नेश कुमार ने भी नवगठित कार्यकारिणी को बधाई दी। इस मौके पर विभागीय इकाइयों के अध्यक्ष, मंत्री सहित

- वाहन चालक की जगह वाहन सारथी नाम से घोषित कराया जाएगा पद नाम : रिजवान अहमद सिद्दीकी

अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिसमें प्रमुख रूप से अध्यक्ष नंदकिशोर चिकित्सा विभाग, मंत्री विनोद कुमार, सहदेव सोनकर, सर्वेश श्रीवास्तव, मोहम्मद उस्साक खां की उपस्थिति रही। इस मौके पर सेवानिवृत्ति हुए वाहन चालक पवन कुमार शुक्ला, चंद्रिका प्रसाद, भगगन प्रसाद को संगठन की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में वाहन चालक महासंघ के अनेक पदाधिकारियों द्वारा वाहन चालकों की समस्याओं को रखा गया, जिसमें से प्रमुख रूप से राजकीय वाहन



चालकों को तृतीय श्रेणी कर्मचारी घोषित कराने तथा वाहन चालक के वरिष्ठता क्रम में वरिष्ठतम विभाग अध्यक्षों के वाहनों का संचालन कराया जाना और आठवें वेतनमान को लागू किया जाने की प्रमुख मांगे रखी गई। राजकीय वाहन चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रिजवान अहमद सिद्दीकी ने शासन स्तर पर की गई कार्यवाहियों को बताया और आश्वस्त किया कि वाहन चालक पद नाम का संशोधन कराकर वाहन सारथी रखने का प्रस्ताव दिया गया है। रविवार को हुए कार्यकारिणी गठन में जिला अध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष पारस पाठक, जिला मंत्री फूलचंद, संयुक्त मंत्री विजय कुमार गोस्वामी, संगठन मंत्री गोकर्णनाथ मिश्रा, उप मंत्री राम लखन वर्मा, कोषाध्यक्ष रामनारायण वर्मा, प्रचार मंत्री मुनीर अहमद, संस्कृति मंत्री मोहम्मद कामिल, ऑडिटर लाल कुमार वर्मा एवं संरक्षक सैयद हसन मेहंदी को मनोनीत किया गया। सभी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई तथा माला फूल से स्वागत सम्मानित किया गया।

# एसपी व सीडीओ ने सीएम के दौरे की तैयारियों का लिया जायजा

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर सिरौली गौसपुर तहसील क्षेत्र के दुल्हादेपुर कुटी में तैयारियां तेज हो गई हैं। यहां 10 फरवरी को श्री हनुमंत विराट महायज्ञ एवं रामाचार्य पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री शामिल होंगे। प्रशासन और आयोजक मिलकर कार्यक्रम स्थल को अंतिम रूप दे रहे हैं।रविवार की शाम करीब चार बजे मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय और ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी तेजस के ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल



और पार्किंग व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल पर यज्ञशाला को तैयार किया जा रहा है, जिसकी रंगाई-पुताई का कार्य जारी है। इसके अतिरिक्त, अधिकारियों द्वारा पार्किंग, टेंट लगाने और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। जनसभा स्थल के साथ ही धार्मिक आयोजन स्थल को भी व्यवस्थित किया जा रहा है।कार्यक्रम के आयोजक बाबा बलराम दास ने बताया कि मुख्यमंत्री 10 फरवरी को दोपहर 12 बजे पहुंचेंगे। उन्होंने लोगों से सुबह 10 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने की अपील की ताकि व्यवस्थाएं सुचारु रहें। अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह और क्षेत्राधिकारी रामनगर जटाशंकर मिश्रा, बीडीओ दरियाबाद, पुरेडलाई, लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी तथा पूर्व एमएलसी हर गोविंद सिंह, रवि सिंह, भाजपा नेता नीरज वर्मा, प्रहलाद कुमार विमल, अमित भैया राम जी सहित कई भाजपा नेता, कार्यकर्ता और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिला मुख्यालय गौरीगंज में आरक्षित भूमि पर किए गए अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया गया। नगर पालिका क्षेत्र गौरीगंज अंतर्गत पलिया वार्ड नंबर 5 में स्थित अम्बेडकर स्थल की जमीन पर अवैध रूप से बनाए गए मकानों पर प्रशासन ने कार्रवाई की है। आरक्षित भूमि पर रामअंजोर, कल्लू पुत्र अनवर, रामखेलावन व रामचंद्र यादव द्वारा किए गए अवैध निर्माण को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त किया गया। यह कार्रवाई जिलाधिकारी से की गई शिकायत के बाद की गई है।

## छिनैती की घटनाओं का खुलासा करते हुए दो लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रामनगर बाराबंकी।** थाना रामनगर की पुलिस ने मोबाइल छिनैती की घटनाओं का खुलासा करते हुये दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है।एक बाल अपचारी को संरक्षण में लेकर विधिक कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से छीने गए तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान शुभम उर्फ छोटू निषाद पुत्र राजेश निवासी ग्राम जगजीवन थाना मोहम्मदपुर खाला तथा अंकित निषाद पुत्र नगेसर निवासी ग्राम सूरतगंज मौसंडा थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी के रूप में हुई है।पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे अपने अन्य साथियों के साथ मोटरसाइकिल से आसपास के क्षेत्रों में घूमकर



राहगीरों को निशाना बनाते थे और मौका पाकर मोबाइल छीन लेते थे।आरोपितों ने 31 जनवरी को थाना रामनगर क्षेत्र के भगहर झील के पास से गुजर रही एक युवती से मोबाइल छीनने की घटना भी स्वीकार की है। इसके अलावा दो अन्य मोबाइल भी राहगीरों से छीने जाने की बात सामने आई है।

पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। गिरोह के अन्य साथियों की तलाश जारी है।

# पीएचसी पर लगाया गया आरोग्य मेला

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** बदोसराय, महमूदाबाद और सैदनपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में कुल 155 मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं और आवश्यक दवाइयां प्रदान की गई।मेले में डॉक्टरों ने मरीजों की जांच की और उन्हें उचित परामर्श दिया। इस दौरान मौसम में हो रहे बदलाव के कारण सर्दी, जुकाम और बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या अधिक रही, जिन्हें विशेष रूप से उपचार दिया गया।यह मेला सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह के नेतृत्व में तीनों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित हुआ। बदोसराय में 55



मरीजों को दवाइयां दी गई, जबकि महमूदाबाद में 60 मरीज अस्पताल पहुंचे और उन्हें उपचार मिला। इसी प्रकार, सैदनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भी डॉक्टरों द्वारा 40 मरीजों को दवाइयां वितरित की गई।डॉ. संतोष सिंह ने मरीजों को मौसम परिवर्तन से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अचानक ठंड बढ़ने और धूप निकलने जैसी स्थितियां सर्दी-जुकाम जैसी बीमारियों का कारण बन सकती हैं। उन्होंने सभी को मौसम के बदलाव से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी।

# ड्रोन से महादेवा की हो रही निगरानी



**समृद्धि न्यूज़, रामनगर, बाराबंकी।** लोधेश्वर महादेव मंदिर में शिवरात्रि मेले में ड्रोन से सतर्क निगरानी कर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में थाना रामनगर क्षेत्रान्तर्गत स्थित लोधेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में शिवरात्रि (फाल्गुनी मेले) की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस द्वारा ड्रोन के माध्यम से सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। ड्रोन से हो रही यह रीयल टाइम मॉनिटरिंग सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बना रही है तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित कर रही है।

## खबरें एक नजर में

### संगठित होकर युवक पर चाकू से हमला जो बचाने आए उन्हें भी दबंगों ने जमकर पीटा

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज रायबरेली।** थाना क्षेत्र में मामूली विवाद के चलते एक युवक पर चाकू से हमला किया गया। इस हमले में युवक अनुज सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उन्हें बचाने आए दो अन्य लोग भी मारपीट में घायल हुए। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं दो अन्य फरार हैं जिनकी तलाश जारी है।यह घटना शनिवार देर शाम कोटवा मोहम्मदाबाद गांव में हुई। बताया गया कि नशे की हालत में दो युवक गांव पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। ग्रामीणों द्वारा समझाने-बुझाने पर वे मौके से चले गए,हालांकि, मामला यहीं नहीं थमा। देर रात दोनों युवक अपने दो अन्य साथियों के साथ चाकू और अवैध असलहे लेकर दोबारा लौट आए। लौटकर आए आरोपियों ने स्थानीय निवासी अनुज सिंह (25 वर्ष, पुत्र स्वर्गीय त्रिमोहन सिंह) पर हमला कर दिया।अनुज को बचाने पहुंचे आशु सिंह (33 वर्ष, पुत्र कंचन सिंह) और आशीष सिंह (30 वर्ष, पुत्र स्वर्गीय दिनेश सिंह) के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों शिब्बू और बृजेश (पुत्रगण श्याम, निवासी रामकोला मजरे कोटवा मोहम्मदाबाद) को हिरासत में ले लिया।थाना प्रभारी जगदीश यादव ने बताया कि मामले में कानूनी कार्यवाही की जा रही है। मारपीट में शामिल दो अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

### अस्पताल में चार दिन जिंदगी और मौत से जूझने के बाद युवक की हुई मृत्यु

**समृद्धि न्यूज़, बछरावां रायबरेली।** थाना क्षेत्र की चौकी थुलेंडी अंतर्गत राघवपुर गांव में बीते गुरुवार की दोपहर किसी बात से नाराज युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया था। गंभीर हालत में परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया था। जहां चार दिन जिंदगी और मौत से जूझने के उपरांत लखनऊ के अस्पताल में युवक की मौत हो गई।



बता दें उक्त युवक राहुल कुमार पुत्र दिलीप कुमार उम्र 26 वर्ष निवासी राघवपुर ने बीते गुरुवार को किसी बात से नाराज होकर अपने कमरे के अंदर पंखे में फांसी के फंदे से लटककर आत्महत्या करने का प्रयास किया था, दम घुटने लगा तो उसकी चीख पुकार सुनकर परिजन एवं आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे और अंदर से बंद दरवाजे को किसी तरह तोड़कर युवक को फांसी के फंदे से नीचे उतार कर तत्काल उनके द्वारा निजी वाहन से गंभीर हालत में उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां फिर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया, जहां चार दिन जिंदगी और मौत से जूझने के बाद रविवार दोपहर 12 के करीब उसकी मौत हो गई। मौत खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## खंड शिक्षा अधिकारी को राज्य मंत्री ने किया सम्मानित

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज रायबरेली।** ब्लॉक स्तर पर चल रहे बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा निपुण भारत मिशन के अंतर्गत चल रहे बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता में शैक्षिक वातावरण बेहतर होने पर अमावां ब्लॉक की खंड शिक्षा अधिकारी ऋचा सिंह को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अमील शम्सी व राज्यमंत्री दानिश आज़ाद अंसारी अल्पसंख्यक कल्याण वक्फ़ एवम हज उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महताब खान प्रधान अध्यापक प्राथमिक विद्यालय वसालत नगर,मोइनुल हक,विनोद यादव ,मोहम्मद नसीम अफरोज अहमद, सुशील कुमार, प्रतिभा देवी,



सरिता सोनकर, स्वाति मिश्रा, रितेश, जेपी रावत, अब्दुल मन्नान, राजू श्रीवास्तव, नीरज कुमार, हरिश्चंद्र पांडेय, मानवेन्द्र सिंह विकास क्षेत्र अमावा के साथ-साथ सुनील यादव एवम राजवंत सिंह,अमावां ब्लॉक में कर्यरत समस्त ,रायबरेली जनपद के अन्य कार्यालय के समस्त स्टाफ ने अमावां को इस उपलब्धि की ढेरों बधाई की।

## अंबेडकर समिति ने श्रद्धापूर्वक मनाई संत रविदास की जयंती

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड जामों के अंतर्गत ग्राम राजामऊ में रविवार को अम्बेडकर समिति राजामऊ के बैनर तले महान संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक चेतना के साथ मनाई गई। यह कार्यक्रम केवल एक धार्मिक या सांस्कृतिक आयोजन नहीं रहा, बल्कि सामाजिक जागरूकता, शिक्षा, समानता और संविधान की रक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-विमर्श का मंच बना। कार्यक्रम की शुरुआत संत रविदास जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। उपस्थित लोगों ने संत रविदास जी के विचारों को स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। आयोजन स्थल पर ग्रामीणों, युवाओं, महिलाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं की



उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि समाज के हर वर्ग में सामाजिक परिवर्तन की चेतना तेजी से जागृत हो रही है। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध बिरहा गायक अनिल नादान ने अपनी ओजपूर्ण प्रस्तुति से श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। उन्होंने संत रविदास, बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर, सामाजिक न्याय, शिक्षा और संघर्ष पर आधारित बिरहा गीत प्रस्तुत किए।

## नल लगे, टंकी बनी फिर कहां गया पानी, बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण

- कतार में खड़े होकर करते हैं अपनी बारी का इंतजार तब जसीब होता है बाल्टी भर पानी
- पानी की किल्लत कई वर्षों से झेल रहे ग्रामीण, सुनने वाला कोई भी नहीं

**समृद्धि न्यूज़, लालगंज रायबरेली।** ग्रामीण पेयजल योजना के तहत लाखों की लागत से बनी बाजपेयीपुर सोडांसी गांव में पेयजल योजना बदहाली का शिकार है। पाइप लाइन से लेकर टंकी के निर्माण जो खेल हुआ वह अलग है। ग्रामीणों की माने तो लगभग 10 वर्षो से बोर भ्रष्ट है। मोटर में जंग लग चुका है। पानी की टंकी तक जाने का भी रास्ता नही है। वहां पूरा जंगल खड़ा हो गया है। ग्रामीणों को गांव के किनारे से लगभग



1 किलोमीटर की दूरी तय कर पानी लाना पड़ता है कोई बाल्टी से तो कोई पीपा से तो कोई साइकिल से और कोई कंधे से पानी लेकर आता है कई राजनेता गांव में कार्यक्रम में सम्मिलित होते तो आते हैं लेकिन किसी की नजर इस गांव के पेयजल की व्यवस्था पर नहीं पड़ती है। गांव के ही आदर्श आनंद मिश्रा, ओम नमः शिवाय तिवारी,जानकी शरण त्रिवेदी, दुर्गा दीक्षित, वंश गोपाल दीक्षित, जगन्नाथ द्विवेदी, राम आसरे साहू, बुधाना देवी,सावित्री, कोमल, मंजुला, विमला देवी,चन्द्र मणि सोनी, लल्ला मिश्रा का कहना है कि गांव में ही सरकारी स्कूल इंटर कॉलेज है पेयजल शुद्ध न होने की वजह से गांव के लोग स्कूल में बच्चों को न पढ़ाकर बाहर पढ़ाते हैं। गांव के किनारे एक हैंडपंप है जहां पर भी कतार में लोग खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते हैं तब जाकर कहीं एक दो बाल्टी पानी मिलता है। इसके चलते ग्रामीणों को एक किलोमीटर दूर से पानी लाना मजबूरी है। गावो में लगे इंडिया मार्का नल खारा पानी उगल रहे हैं। वह भी पूरी तरह से खराब पड़े हुए ग्राम प्रधान का ध्यान भी इधर नहीं पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी की दिक्कत होने की वजह से लोग गांव में शादी करने के लिए तैयार नहीं होते हैं लोग मजबूर है आखिर यह ग्रामीण जाएं तो कहां जाएं किसके पास शिकायत लेकर जाएं कौन है उनकी पीड़ा सुनने वाला क्षेत्रीय विधायक चाहे वर्तमान हो या पूर्व हूं दोनों के पास इन्होंने चक्कर लगाए मिला क्या सिर्फ आश्वासन। ग्रामीणों ने बताया कि यदि पेयजल की व्यवस्था सही नहीं की गई तो गांव के बाहर से ही राजनेता को बाहर कर दिया जाएगा गांव में प्रवेश करना वर्जित है का बोर्ड लगाएंगे और साथ में जल नहीं तो वोट नहीं का भी बैनर लगवाएंगे ग्रामीणों ने जल नहीं तो वोट नहीं के नारे भी लगाए। फिर भी इन ग्रामीणों का दर्द सुनने वाला कोई नहीं।

## चोरी के मोबाइल फोन के साथ एक गिरफ्तार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस द्वारा अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में रविवार को थाना अमेठी पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान थाना अमेठी से संबन्धित अभियुक्त अखिलेश कुमार तिवारी पुत्र सुरेन्द्र कुमार तिवारी निवासी कस्बा अमेठी धम्मौर रोड थाना अमेठी को गिरफ्तार किया गया है।

तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से एक रेडमी 12 मोबाइल फोन बरामद हुआ है। पूछताछ में अखिलेश ने बताया कि बीते 5 फरवरी को सगरा तिराहे से उसने एक रिक्शा वाले के पास से यह मोबाइल चोरी किया था। बरामदगी के आधार पर पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में निकली भव्य शोभायात्रा



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड जामों के अंतर्गत मुख्यालय के समीप बीरीपुर गांव में पत्रकार कुलदीप तिवारी के यहां मां दुर्गा मंदिर का निर्माण किया गया। जिसकी प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। उक्त शोभायात्रा में क्षेत्र के हजारों की संख्या में पुरुष, स्त्री व बच्चे अपने-अपने साधनों से मंदिर स्थल से रंग गुलाल उड़ाते हुए दुर्गा मंदिर शमसेरियन तक गये। इस मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत प्रीतिभोज का आयोजन किया जायेगा। दुर्गा मंदिर के निर्माण और शोभा यात्रा में प्रमुख सहयोगी परमहंस आश्रम कल्याणपुर के महंत राघवेंद्र जी, अमरनाथ तिवारी, संदीप तिवारी, कुलदीप तिवारी, सुनील तिवारी, ताड़कनाथ तिवारी, कमलेश तिवारी, सुरेश तिवारी, चंद्रमणि तिवारी, सुनील तिवारी, संतोष तिवारी, पंकज सिंह, विजय प्रताप सिंह, नवीन तिवारी, ओम नारायण मिश्रा और क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के सहयोग से संपन्न हुआ। यात्रा के दौरान पं० राजकरन तिवारी द्वारा पूजा अर्चना की गई।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक संपन्न

**सीतापुर।** जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर० की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों, योजनाओं एवं विभागीय कार्यों की गहनतापूर्वक समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न इंडीकेटर्स पर जनपद की प्रगति को देखा तथा धीमी प्रगति वाली योजनाओं में सुधार के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के सभी पात्र लाभार्थियों का शीघ्र ही पंजीकरण करते हुए ब्लॉकवार मिले लक्ष्य को अतिशीघ्र पूरा कराकर लाभान्वित कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि आर०सी०एच० पोर्टल पर पी०एम०एम०वाई० का रजिस्ट्रेशन होगा, तत्पश्चात बाल विकास परियोजना अधिकारी अपने एम०ओ०आई०सी० से सम्पर्क कर आर०सी०एच० का डेटा लेने के उपरान्त फिर अग्रिम कार्यवाही करेंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी को मुख्य चिकित्सा



अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के पात्र लाभार्थियों की प्रगति बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री/सहायिका की भर्ती में द्वारा शासनादेश में निहित व्यवस्था एवं दिशा-निर्देशों का पूर्णतः अनुपालन करते हुए निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया जल्द से जल्द पूर्ण करायें। वी०एच०एस०एन०डी० सत्रों को व्यापक रूप से आयोजित कराया जाये। वी०एच०एस०एन०डी० सत्र पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पास 02 रजिस्टर होना अनिवार्य है, जिसमें सैम मैम बच्चों का डेटा तथा गर्भवती महिला का ट्रैकिंग रजिस्टर होना अनिवार्य है, जिस पर बच्चा पैदा होने की सम्भावित तिथि का भी अंकन होना जरूरी है और उसका डेटा आशा, आंगनबाड़ी एवं ए०एन०एम० से मैच होना चाहिये। वी०एच०एस०एन०डी० सत्र पर सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री जी०एम०डी० डिवाइस अवश्य लेकर आयें। पोषण ट्रैकर ऐप पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं की के०वाई०सी० कराये जाने के निर्देश दिये गये। उक्त के अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री होम विजिट आशा एवं ए०एन०एम० के साथ करेंगी तथा एफ०आर०एस० का कार्य अगले 15 दिन में 100 प्रतिशत पूर्ण करना है। सैम से मैम में आ गये बच्चों की नियमित निगरानी की जाये। एन०आर०सी० एडमिशन कम्युनिटी बेस्ड होना चाहिये, अति गम्भीर बच्चों के उपचार एवं कुपोषण की रोकथाम हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जनपद में पोषण पुनर्वास केन्द्र संचालित हैं।

# महोली की गौशाला राई में गोवंशों पर अत्याचार का मामला, डीएम ने लिया संज्ञान

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** जनपद के विकासखंड महोली की ग्राम पंचायत राई में संचालित गौशाला में गोवंशों के साथ लगातार हो रहे कथित अत्याचार का मामला सामने आया है। गौ रक्षा के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा गौशाला राय का अचानक निरीक्षण किए जाने पर जमीनी हकीकत चिंताजनक पाई गई। निरीक्षण के दौरान कई गोवंश खुले में मृत अवस्था में पड़े मिले तथा कुत्तों द्वारा उन्हें नोचते हुए भी देखा गया। बताया गया कि मृत गोवंशों का निस्तारण भी नियमानुसार न कर दबंगों के माध्यम से कराया गया। मामले को लेकर खबर प्रकाशित होने के बाद जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने





इसे गंभीरता से लेते हुए संज्ञान लिया। हालांकि आरोप है कि खंड विकास अधिकारी महोली प्रशांत शुक्ला द्वारा जिलाधिकारी को वास्तविक स्थिति से अवगत नहीं कराया गया और भ्रामक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। सूत्रों के अनुसार बीडीओ ने केवल सचिव को चेतावनी दिए जाने की बात बताकर मामले को हल्का करने का प्रयास किया, जबकि निरीक्षण में सामने आई स्थितियां कहीं अधिक गंभीर थीं। गौ रक्षा समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार के अनुसार निरीक्षण में गौशाला की स्थिति बेहद खराब मिली। कई गोवंश मृत पाए गए और उनके उचित निस्तारण की व्यवस्था नहीं थी।

### सूचना

मेरा पासपोर्ट संख्या K3983980 दिनांक 04/05/2012 को जारी हुआ है जिसमें पिता का नाम NAIM UR REHMAN KHAN दर्ज हो गया है। जबकि सही नाम NAEEM UR REHMAN KHAN AFRIDI है। माता का गलत नाम SHABNAM BEGUM दर्ज हो गया है जबकि सही नाम SHABNAM KHAN AFRIDI है। मोईन खान अफरीदी पुत्र नईम उर रहमान खान अफरीदी निवासी सुभानपुर थाना कायमगंज,फर्रुखाबाद।

### सूचना

मैंने नगर पालिका से पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र बनवाया था, जिसका रजि०न०-बी-2026099033700005 87 है, जिसमें त्रुटिवश पुत्र का नाम अयान्श कटियार दर्ज हो गया है, जो कि गलत है, जबकि पुत्र का सही नाम शिवार्थ कटियार है,जो सही है। जिसे मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज करने की कृपा करें। **गौतमऋषु कटियार पुत्र राकेशचन्द्र कटियार निवासी ग्राम बुढ़नामऊ, पोस्ट फतेहगढ़, तहसील सदर, जनपद फर्रुखाबाद।**

# रोमांचक मैत्री मैच में बार इलेविन ने कोर्ट टाइगर्स को हराया

- मनीष राजपूत ने टीम के लिए सर्वाधिक 47 रनों की उपयोगी पारी खेली



**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।** सेंट पॉल स्कूल के मैदान पर आयोजित रोचक मैत्री क्रिकेट मैच में छिबरामऊ बार इलेविन ने कोर्ट टाइगर्स इलेविन को 1 विकेट से मात देकर विजय प्राप्त की। यह मैच बार एसोसिएशन के सदस्यों और कोर्ट से जुड़े खिलाड़ियों के बीच उत्साहपूर्ण माहौल में खेला गया। कोर्ट टाइगर्स इलेविन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। 16 ओवर के मैच में उनकी टीम ने 8 विकेट खोकर 116 रन बनाए। मनीष राजपूत ने टीम के लिए सर्वाधिक 47 रनों की उपयोगी पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी छिबरामऊ बार इलेविन ने शानदार प्रदर्शन किया। अंकुर सिंह ने नाबाद 54 रनों की तूफानी पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। टीम ने 9 विकेट के नुकसान पर 121 रन बनाकर 9 गेंद शेष रहते मैच अपने नाम किया। यह मुकाबला अंत तक रोमांचक बना रहा। मैच की शुरुआत से पहले दोनों टीमों की जर्सी का अनावरण बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह राठौर और महासचिव ललित प्रताप सिंह ने किया। विजेता और उपविजेता ट्रॉफी का अनावरण विशिष्ट अतिथियों अपर सिविल जज अंकुश श्रीवास्तव, अपूर्वा, अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह राठौर, महासचिव ललित प्रताप सिंह, संजीव श्रीवास्तव, रावेंद्र सिंह चौहान, जयवीर सिंह यादव और फहीम जमा खान ने किया। पुरस्कार वितरण समारोह में मैन ऑफ द मैच अंकुर सिंह को अपर सिविल जज अंकुश श्रीवास्तव ने सम्मानित किया। बेस्ट बलर मान बहादुर, बेस्ट फील्डर शुभम दुबे, बेस्ट मैचसमैन मनीष राजपूत और फाइटर ऑफ द मैच मनमोहन को भी पुरस्कृत किया गया। उपविजेता टीम को मेडल महासचिव ललित प्रताप सिंह और रावेंद्र सिंह चौहान ने दिए, जबकि विजेता टीम को अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह राठौर और संजीव श्रीवास्तव ने पुरस्कार प्रदान किए। दोनों टीमों को ट्रॉफी विशिष्ट अतिथियों ने सौंपी। अंपायर अनुराग और मेल्विन, कमेंटेटर प्रणव सक्सेना व गौरव अमर त्रिपाठी, तथा स्कोरर कृष्ण कांत व शफात को भी अपूर्वा ने सम्मानित किया।

# मतदाता सूची सुधार और बजट में व्यापारियों की अनदेखी पर चर्चा

- समाजवादी व्यापार सभा की बैठक



**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।** समाजवादी व्यापार सभा के जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष प्रियतेश सिंह तोमर की अध्यक्षता में पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें मुख्य रूप से मतदाता सूची संशोधन (फॉर्म नंबर 6-7) और वर्तमान बजट पर विस्तृत चर्चा हुई। फॉर्म नंबर 6-7 के संबंध में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिन योग्य मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हैं, उनके वोट बनवाए जाएंगे। साथ ही गलत या अयोग्य नामों को नियमानुसार कटवाया जाएगा ताकि सूची सटीक और निष्पक्ष बनी रहे। बजट पर चर्चा के दौरान पदाधिकारियों ने सरकार पर व्यापारी वर्ग की उपेक्षा का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि छोटे व्यापारियों के लिए बजट में कोई ठोस राहत पैकेज या सुविधा नहीं दी गई है। बैठक में सरकार से मांग की गई कि व्यापारियों के हित में विशेष योजनाएं शीघ्र लागू की जाएं तथा उनके आर्थिक बोझ को कम करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। बैठक में सभी ने एकजुट होकर व्यापारी हितों की रक्षा का संकल्प लिया।

इस अवसर पर गोविंद यादव, अरविंद गुप्ता, विजेंद्र सिंह, अवनीश गुप्ता, बलराम, विपिन, अयान खान, रामू वर्मा, उज्ज्वल गुप्ता सहित अन्य कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पिकअप की टक्कर से साइकिल सवार एक किशोर की मौत, दूसरा गंभीर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम मटेना के पास तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने साइकिल सवार दो किशोरों को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में एक की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल दूसरे को तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मिघौली निवासी राजमिस्त्री अशोक कुमार का 14 वर्षीय पुत्र जीतू 13 वर्षीय आशीष पुत्र मानसिंह के साथ साइकिल से ग्राम प्रेमपुर गया था। वहां से आटे की बोरी लेकर बापस घर लौटते समय ग्राम मटेना के पास सामने से आ रही पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल पहुंचाया।

# बार एसोसिएशन मतदान के लिए सीओपी आवश्यक



**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**

- प्रत्याशियों ने तेज किया जनसंपर्क

बार एसोसिएशन चुनाव में मतदान के लिए सीओपी आवश्यक है। उधर प्रत्याशियों ने जनसंपर्क तेज कर दिया है। 16 फरवरी को मतदान एवं 17 फरवरी को मतगणना होगी। निर्वाचन आयोग की बैठक में तय किया गया कि मतदान के दिन बिना सीओपी वाले वकील मतदान नहीं कर सकेंगे। बैठक में सर्वसम्मति से चुनाव के लिए निर्देश जारी किए गए। बार एसोसिएशन के मुख्य निर्वाचन अधिकारी रामचंद्र यादव ने बताया कि मतदान करने वाले वकील अपने साथ मतदाता सूची का क्रमांक तथा सीओपी कार्ड लेकर आएं।

सीओपी कार्ड दिखाने पर ही मतदान कर सकेंगे। मतदाता बूथ पर रखे हुए लाल स्केच पेन से प्रत्याशी के सामने वाले कालम में सही का चिह्न लगाएं। मतदान के दिन मतदाता के अतिरिक्त एल्डर्स कमेटी के सदस्य तथा वर्तमान अध्यक्ष व महासचिव ही मतदान कक्ष में सहयोग के लिए आ सकते है।

अन्य किसी को अंदर आने की इजाजत नहीं होगी। मतदान कक्ष में किसी मतदाता से वार्ता, वाद-विवाद या सलाह देना वर्जित है।

मतदान की गोपनीयता बनाए रखने तथा शांतिपूर्ण ढंग से मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए सभी वकील सहयोग करें। बैठक में सहायक निर्वाचन अधिकारी राकेश दुबे, एसएमए रिजवी आदि मौजूद रहे।

## सदर विधायक गौरीशंकर ने मोहाना में प्रवेश द्वार का भूमि पूजन किया



**उरई (जालौन)।** रविवार को सदर गौरीशंकर वर्मा के द्वारा ग्राम मोहाना में विधायक निधि से बनने वाले स्वामी ब्रह्मानंद लोधी एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह बाबूजी की स्मृति में प्रवेश द्वार का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इस अवसर पर सदर विधायक ने कहा कि हमारी प्रदेश सरकार एक ओर जहां बगैर किसी भेदभाव से विकास कार्यों का भूमि पूजन ही नहीं करती बल्कि समय से कार्य पूर्ण होने के बाद उसका शुभारंभ भी करती है। जबकि पूर्व की सरकारों में जो भी विकास कार्य कराये जाते हैं उनकी शुरूआत तो हो जाती है लेकिन वह कब पूरे होंगे इसका कोई टाइम नहीं होता था। यही कारण है कि पूर्व की सरकारों में जो कार्य आधे अधूरे रह गये थे उन्हें भी पूरा कराया गया। इसीक्रम में उन्होंने कहा कि स्वामी ब्रह्मानंद लोधी जिन्होंने पिछड़े क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने का काम किया था दूसरे प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कल्याण सिंह जिन्होंने कुशल शासक की तरह प्रदेश में सत्ता की बागडोर संभाली थी। आज उनकी स्मृति में प्रवेश द्वार का भूमि पूजन कर उनकी स्मृति को लंबे समय तक लोगों के दिलों दिमाग में रहे ताकि लोग उनके बताये रास्ते पर चलकर समाज की सेवा बगैर किसी स्वाथ के कर सके।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**





ग्राम भवानीगढ़, कैथोली विकासखंड किशनी, (मैनपुरी) में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ अत्यंत श्रद्धा-भक्ति एवं वैदिक विधि-विधान से कलश यात्रा के साथ हुआ।

इस पावन अवसर पर उद्योगपति एवं समाजसेवी महावीर सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बाबा साहेब अंबेडकर वाहिनी (समाजवादी पार्टी) ने मुख्य अतिथि के रूप में भागवताचार्य जागेश्वर शास्त्री का माल्यार्पण कर कलश यात्रा एवं कथा का विधिवत शुभारंभ किया। पूरा वातावरण भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा। प्रथम दिन की कथा में आचार्य जागेश्वर शास्त्री ने श्रीमद् भागवत की महिमा का बखान करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण वेदों एवं उपनिषदों का सार है। यह परमहंस संहिता है, जो कैतव रहित विशुद्ध भक्ति प्रदान करती है। इसका श्रवण, पठन और कीर्तन से जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं, मनुष्य को त्रिविध तापों से मुक्ति मिलती है तथा मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। भागवत कथा भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का अमृत है, जो कलियुग में भक्ति का सर्वोत्तम साधन है। श्रद्धालु भावविभोर होकर सुनते रहे। कार्यक्रम में संतोष यादव (प्रधान), ओम बाबू यादव (अध्यापक), रामबाबू यादव (अध्यापक), अंकित यादव, अंकुर यादव, अनुज यादव, अनुराग यादव, अंश यादव, केशव यादव, नवीन यादव, लक्ष्मण यादव सहित अनेक गणमान्यजन एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### एंटी रोमियो अभियान के अंतर्गत पुलिस ने छात्राओं-महिलाओं को किया जागरूक



**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश पुलिस के मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान (फेज-5.0) एवं एंटी रोमियो अभियान के अंतर्गत जनपद कन्नौज पुलिस द्वारा छात्राओं एवं महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को मिशन शक्ति के उद्देश्यों, महिला सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबरों, एंटी रोमियो टीम की भूमिका तथा उत्पीड़न की स्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराधों को लेकर सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल व लिंक से बचाव और डिजिटल सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी विस्तार से जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त विधवा पेंशन, मुख्यमंत्री आवास, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह एवं सुमंगला जैसी सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र महिलाओं को लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

### मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में चिकित्सकों ने 205 मरीजों का किया उपचार

**कालपी (जालौन)।** शासन की महात्वाकांक्षी योजना के तहत रविवार को कालपी, बाबई, न्यामतपुर, चुर्खी तथा महेवा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकीय टीमों के द्वारा 205 मरीजों का उपचार करके स्वस्थ रहने का परामर्श दिया गया। रविवार को सुबह 10 से 4 बजे नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदनपुरा कालपी में चिकित्साधिकारी डॉक्टर अमित पोरवाल की अध्यक्षता में आयोजित मेले में 78 मरीजों का इलाज किया गया। जिसमें 41 पुरुष तथा 37 महिला मरीज शामिल रहे। इस दौरान शुगर के 7 टेस्ट किए जबकि बुखार तथा स्किन के 8-8 मरीजों की जांच की गयी। महिला चिकित्सक डॉ रंजना सिंह ने परिवार कल्याण कार्यक्रमों तथा स्वास्थ्य के बारे में जानकारियां देते हुये जागरूक किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महेवा में चिकित्साधिकारी डॉ शेख शहरयार, कर्मचारियों मनीष कुमार, कमलेश कुमार की मौजूदगी में आयोजित मेले में 32 मरीजों का इलाज किया गया। सरकारी चिकित्सालय बाबई में 34 तथा न्यामतपुर चिकित्सालय में 29 मरीजों का इलाज हुआ। चुर्खी चिकित्सालय में चिकित्सकीय टीम के द्वारा 32 मरीजों का इलाज किया गया। मेले में नागरिकों को जागरूक करते हुये चिकित्सा अधिकारी डॉ शेख शहरयार ने कहा कि बदलते मौसम में सभी लोग अपनी सेहत का ख्याल रखें।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कासगंज निवासी अपनी बहन को उसके ससुराल छोड़कर वापस बाइक से ग्राम कुंवरपुर बनवारी स्थित अपने घर लौट रहे युवक की सराय दायमगंज में किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मौत हो गई। शव घर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुर बनवारी निवासी राममिलन शर्मा का पुत्र आशीष शर्मा शनिवार को अपनी बहन को उसकी ससुराल कासगंज बाइक से छोड़ने के लिए गया था।

रविवार को वहां से अकेले लौटते समय सराय दायमगंज के पास किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

घटना में आशीष की दर्दनाक मौत हो गई। मामले की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## मझवार, तुरैहा आरक्षण को सदन में उठाने के लिए जिले के विधायकों को सौंपा ज्ञापन



**उरई (जालौन)।** राष्ट्रीय अध्यक्ष निषाद पार्टी एवं कैबिनेट मंत्री डॉक्टर संजय निषाद के निर्देशानुसार निषाद पार्टी द्वारा प्रदेश के समस्त विधायक एवं विधान परिषद सदस्यों को ज्ञापन सौंपा जा रहा है। इसीक्रम में निषाद पार्टी की जिला कमेटी एवं विधानसभा कमेटी द्वारा जनपद विधायकों से अनुरोध किया कि वह आगामी विधानसभा क्षेत्र में लोकमहत्व का विषय उठाकर सहयोग करें। जनपद के तीनों विधायकों को सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया कि शासनादेशों अधिसूचनाओं के बाबजूद प्रदेश के अनेक जनपदों एवं तहसीलों में आज भी निषाद केवट मल्लाह, कश्यप, कहार, धीमर, बिंद, बाथम, तुरैहा, गोड़िया, मांझी, मछुआरा आदि जातियों को अन्य पिछड़ा वर्ग का प्रमाण पत्र निर्गत किया जा रहा है जो कि महामहिम राज्यपाल एवं भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचनाओं का स्पष्ट उल्लंघन है। पार्टी पदाधिकारियों द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वह आगामी विधानसभा सत्र में इस विषय को लोक महत्व का विषय बनाकर सदन में उठाएं तथा यह सुनिश्चित कराएं। जिला कमेटी द्वारा अवगत कराया गया कि यह केवल सामाजिक न्याय का ही नहीं बल्कि संवैधानिक शासनादेशों एवं विधिक प्रक्रिया के सम्मान से जुड़ा हुआ है। इस पर शीघ्र निर्णय लिया जाना आवश्यक है यह विषय केवल सामाजिक न्याय सही नहीं बल्कि संविधान के सम्मान और शासनादेशों के अनुपालन से जुड़ा हुआ है इसलिए आगामी विधानसभा सत्र में से लोक महत्व के विषय के रूप में उठाया जाना अत्यंत आवश्यक है। सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, विधायक माधौगढ़ मूलचंद्र निरंजन, विधायक कालपी विनोद चतुर्वेदी से अपील है कि मछुआ समाज की वर्षो पुरानी पीड़ा को समझते हुए इस विषय

## छात्रों का आत्मविश्वास उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की शक्ति देता




**उरई (जालौन)।** शहर के सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम हुआ जहां पर मुख्य अतिथि सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रत्यूष प्रकाश रहे। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के मौके पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को पेश कर समा बांध दिया। इस दौरान स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरुस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया गया। इस दौरान स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर वेकार हैदर ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत स्कूल में वर्ष 2026 सेशन में आने वाली हर बेटी की फीस आधी करने का ऐलान किया। कार्यक्रम शुरूआत दीपोत्सव और स्वागत वंदन के साथ की गई। इस दौरान स्कूली बच्चों व उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रत्यूष प्रकाश ने कहा कि खुद पर और अपनी संपूर्णता पर विश्वास रखो। जानो कि तुम्हारे भीतर कुछ ऐसा है जो हर बाधा से बड़ा है। जबकि अभिभावकों को चाहिए कि वह बच्चों को उनकी आंतरिक शक्ति को पहचानने और यह विश्वास करने के लिए प्रेरित करें कि वह किसी भी बाधा को पार कर सकते हैं। यह आत्मविश्वास उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की शक्ति देगा, चाहे उन्हें कितनी भी चुनौतियों का सामना करना पड़े। इस मौके पर स्कूली बच्चों ने देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से जुड़े प्रोग्राम से मौजूद लोगों का दिल जीत लिया।

# डेढ़ साल में सांसद निधि से गिनाए विकास, भाजपा बताए कन्नौज में अपने 9+12 साल का हिसाब : सपा

- प्रेस वार्ता में सपा प्रवक्ता के आक्रामक तेवर
- इत्र-आलू उद्योग व योजनाओं पर मांगा जवाब



**कन्नौज।** समाजवादी पार्टी ने सांसद अखिलेश यादव के डेढ़ साल के कार्यकाल को लेकर भाजपा के आरोपों पर तीखा पलटवार करते हुए जिले के विकास कार्यों का पूरा लेखा-जोखा सार्वजनिक करने की चुनौती दी है। पार्टी प्रवक्ता विजय द्विवेदी ने प्रेस वार्ता में कहा कि सीमित सांसद निधि के बावजूद क्षेत्र में कई जनहित कार्य कराए गए हैं और 50 से अधिक प्रस्ताव विभिन्न विभागों को भेजे गए हैं। उन्होंने दावा किया कि सांसद लगातार क्षेत्र की समस्याओं पर नजर रखे हुए हैं और जनता के बीच सक्रिय बने हुए हैं। द्विवेदी ने भाजपा पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि सांसद निधि और सरकार के बजट में बड़ा अंतर होता है, फिर भी विकास कार्यों की रफ्तार थमी नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा 9 साल और केंद्र में 12 साल से सत्ता में रही है, साथ ही कन्नौज में भाजपा के सांसद और तीनों विधानसभा क्षेत्रों में उनके विधायक रहे हैं। ऐसे में भाजपा को अपनी निधि और सरकारी योजनाओं से जिले को मिले ठोस लाभ का हिसाब जनता के सामने रखना चाहिए। सपा ने इत्र और आलू उद्योग की बदहाल स्थिति का मुद्दा उठाते हुए कहा कि भाजपा सरकार इन पारंपरिक उद्योगों को नई दिशा देने में विफल रही है। साथ ही कार्डियोलॉजी और कैंसर संस्थान जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं अब तक शुरू न हो पाने को लेकर भी सवाल खड़े किए गए। प्रवक्ता ने कहा कि जो सरकार वर्षों में बड़े संस्थान शुरू नहीं करा सकी, वह डेढ़ साल के विकास कार्यों पर सवाल उठा रही है।

## 33 ग्रामीण व 3 नगरीय केन्द्रों पर लगा मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला, 1996 मरीजों को मिला लाभ



**कन्नौज।** मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला रविवार को जनपद के 33 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं 3 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता के निर्देश पर नोडल अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी व अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों ने विभिन्न केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं और सेवाओं की गुणवत्ता का जायजा लिया। मेले में आमजन को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व उपचार, बच्चों व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, परिवार कल्याण सेवाएं, हेपेटाइटिस बी व सी जांच, टीबी संभावित मरीजों की स्क्रीनिंग, नेत्र परीक्षण तथा आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड निर्माण की सुविधा दी गई। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार कुल 1996 मरीजों ने सेवाओं का लाभ उठाया, जिनमें 905 पुरुष, 784 महिलाएं और 307 बच्चे शामिल रहे। साथ ही 28 आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाकर पात्र लाभार्थियों को वितरित किए गए।

## उद्योग व्यापार मंडल ने फौजी भाईयों को बार्डर-2 फिल्म निःशुल्क दिखाई

**उरई (जालौन)।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की जिला इकाई के जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता के नेतृत्व एवं पूर्व वेलफेयर सैनिक प्रकोष्ठ के संयोजक कैप्टन अखिलेश नगाइच, कैप्टन संतोष रायकवार द्वारा देश के सजग प्रहरी हमारे वीर फौजी भाइयों के सम्मान में एक प्रेरणादायी आयोजन किया गया। इस अवसर पर अर्चना सिनेप्लेक्स, कालपी रोड, उरई में फौजी भाइयों को बार्डर-2 फिल्म निःशुल्क दिखाई गई। यह कार्यक्रम देशभक्ति, सम्मान और कृतज्ञता की भावना से ओत-प्रोत रहा। फिल्म के शुभारंभ से महिला व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष सुनीता राज ने सभी उपस्थित फौजी भाइयों को तिरंगा पट्टी एवं तिरंगा भेंट कर सम्मानित किया। यह क्षण अत्यंत भावुक और गर्व से भर देने वाला रहा। इसके उपरांत राष्ट्रगान एवं देशभक्ति नारों के साथ फिल्म का प्रदर्शन प्रारंभ हुआ। मध्यावकाश के दौरान सभी अतिथियों एवं फौजी भाइयों के लिए समोसा और लड्डू की व्यवस्था की गई, जिससे कार्यक्रम में आत्मीयता और अपनत्व का वातावरण बना रहा। जिला महामंत्री संजीव सिपौल्या एवं प्रदीप द्विवेदी ने देश भक्ति के नारे लगवाए जिससे थिएटर 'वन्दे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारों से गूंज उठा। यह आयोजन न केवल फौजी भाइयों के प्रति सम्मान का प्रतीक था, बल्कि समाज में राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना को और अधिक मजबूत करने वाला सिद्ध हुआ। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का यह प्रयास सराहनीय एवं प्रेरणास्पद रहा।

# भारत युवाओं का देश है युवाओं के हित में कार्य करना चाहिए

- नगर के विराट हिन्दू सम्मेलन में गूंजा वन्देमातरम
- छात्राओं ने घर आए राम भक्ति गीत पर दी प्रस्तुति
- अध्यक्ष प्रतिनिधि सहित नागरिकों हुए सम्मानित



**समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज कन्नौज।** माधव बस्ती में विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया। पुष्पांजलि, शंकर की बारात, नारी सशक्तिकरण, वंदेमातरम व भारत की बेटी जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। ख्यालों के बच्चों ने सामूहिक जीत पर अपनी प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। रविवार को नगर के जी टी रोड स्थित राम जानकी मंडपम में कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रमेश जी ने कहा कि भारत की संस्कृति महान रही है। कालांतर में कुछ आक्रांताओं ने इसको क्षति पहुंचाने का कार्य किया। लेकिन अब समाज जागृत हो चुका है और अपने पुराने वैभव को प्राप्त करने के लिए अग्रसर है। अपनी भेष भूषा, भजन, भाषा, भवन और भ्रमण से इसे सुधारा जा सकता है।इस कार्य में नारी शक्ति का विशेष सहयोग अपेक्षित है। सीताराम महाराज ने कहा कि भारत युवाओं का देश है। इसमें युवाओं के देश हित के कार्य करने चाहिए। व्यसनों से दूर रहते हुए ही यह संम्भव है। भंते शील सागर जी ने कहा कि भले ही हमारी पूजा पद्यति अलग हो लेकिन सब हिन्दू हैं और भारत माता की जय के साथ देश को आगे ले जाएंगे। नारदानंद जी ने कहा कि देश की सभ्यता और संस्कृति सनातन की है। इसको पहचान कर आत्मसात करने की आवश्यकता है।

भारत माता की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर अंकित धनंजय, शशिकांत, राकेश वर्मा , राम कुमार पाठक , रजनीश , मयंक गुप्ता, जीतू तिवारी,देवेंद्र देव, संजू गुप्ता, राजीव चौहान, बृजेश कौशल, शैलेश कुमार, बृजेश गुप्ता, गौरव गुप्ता, प्रदुम्न, जितेंद्र गुप्ता, बबलू, कंचन, उमेश गुप्ता, आशीष गुप्ता, पूर्व सभासद ज्ञानेंद्र गुप्ता रिशी गुप्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

**मेरे घर राम आए भक्ति गीत पर छात्राओं ने दी प्रस्तुति**

कार्यक्रम में के सी एजुकेशन सेंटर के छात्र एवं छात्राओं ने मेरे घर राम आये भक्ति गीत पर अपनी प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों ने शिव तांडव कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में नगर के सभी सम्मानीय जनों का अंग वस्त्र पहनाकर उनका सामान किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, कार्यक्रम के अध्यक्ष राम कुमार पाठक , राकेश चंद वर्मा वर्मा,, ,देवेंद्र देव,जीतू तिवारी सहित गणमान्य नागरिकों को कार्यक्रम के आयोजक रामू गुप्ता बृजेश कौशल ने सम्मानित किया विराट हिंदू सम्मेलन के कार्यक्रम का संचालन राकेश कौशल ने किया।

# अंग्रेजी में अच्छे अंक पाने के लिये व्याकरण का रोज करें अभ्यास



**गुरसहायगंज, कन्नौज,समृद्धि न्यूज़।** हाईस्कूल व इंटरमीडिएट अंग्रेजी की परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को एनसीईआरटी और यूपी बोर्ड की पाठ्य-पुस्तकों का गहन अध्ययन करना चाहिए। इन पुस्तकों से अधिकांश प्रश्न पूछे जाते हैं। अंग्रेजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए व्याकरण का प्रतिदिन अभ्यास करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। गीता इंटर कालेज के प्रबंधक रामनाथ प्रजापति ने परीक्षा की तैयारी के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को परीक्षा से पहले नियमित रूप से रिवीजन करते हुए अपना आत्मविश्वास बनाए रखना चाहिए। परीक्षा में अच्छे अंक पाने के लिए उपयोगी सुझाव देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले वर्षो के प्रश्नपत्रों का अभ्यास करने से विद्यार्थियों को प्रश्नों के पैटर्न को समझने में मदद मिलती है। उत्तर लिखते समय साफ-सुथरी लिखावट पर ध्यान देना चाहिए। इन उपायों से परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त किए जा सकते हैं।

# भाजपा पीडीए समाज को वोट के अधिकार से वंचित करना चाहती है : अखिलेश कटियार

- अमृतपुर विधानसभा में पीडीए पंचायत/प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन
- डा. जितेन्द्र सिंह यादव द्वारा कराया गया कार्यक्रम


संबोधित करते राष्ट्रीय सचिव अखिलेश कटियार


मौजूद कार्यकर्ता व ग्रामीण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी 193 विधानसभा अमृतपुर डॉ. जितेंद्र सिंह यादव द्वारा विकासखंड शमसाबाद के ग्राम अमलैया आशानंद व ग्राम खिनमिनी में अखिलेश जन संदेश व पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं जनपद के पीडीए प्रहरी अखिलेश कटियार भाजपा पर जमकर बरसे। कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियां और विचारधारा लोकतंत्र और संविधान की धुर विरोधी है। वो जनमत का हरण करके देश पर कब्जा किए रहना चाहते हैं। इस एसआईआर प्रक्रिया में खुलेआम लोकतंत्र का चीर हरण हो रहा है, फर्जी तरीके से पीडीए समाज और खासकर यादव और मुस्लिम बूथों को टार्गेट करके वोट कटवाने की साजिश की जा रही है। भाजपा कार्यालय से प्रिंटिड फॉर्म कार्यकर्ताओं को दिए जाने का भी आरोप लगाया। निर्वाचन आयोग और सरकार अगर निष्पक्ष तरीके से इस अभियान को निपटना चाहते है तो फर्जी फॉर्म भरने बालों के खिलाफ शिकायत करने के बावजूद कार्यवाही क्यों नहीं करती। आप सभी को और सभी मतदाताओं को सजग रहकर अपने वोट की रक्षा करनी होगी। उन्होंने अमृतपुर विधानसभा के अमलैया आसानंद एवं खिनमिनी में पीडीए पंचायत/प्रशिक्षण शिविर लगाकर कार्यकर्ताओं एवं बूथ पदाधिकारियों से मुलाकात कर एसआईआर प्रक्रिया में उन्हें आ रही परेशानियों को जाना, तथा किस प्रकार बूथों पर भाजपा साजिशन फर्जी तरीके से फॉर्म 7 भरकर थोक के भाव में पीडीए वोटों को कटवाने की साजिश कर रही है इस बात पर भी चर्चा हुई। बीते दिन सपा जिलाध्यक्ष ने भोजपुर विधानसभा के ग्राम भड़ौसा में बीएलओ के पास फार्म-7 बड़ी मात्रा में पकड़े थे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष चन्द्र पाल सिंह यादव, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, जिला उपाध्यक्ष नवरंग सिंह यादव, जिला अल्पसंख्यक सभा के अध्यक्ष साजिद अली, सलोना के जिलाध्यक्ष अनुराग यादव, जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव, जिला सचिव/सह प्रवक्ता राधेश्याम सविता आदि ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। वहीं अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष साजिद अली खान ने कहा कि डा0 जितेन्द्र सिंह यादव हमेशा जनता के हित में काम करते आ रहे है। वह आम जन मानस में नेता नहीं सेवक बनकर काम कर रहे है। यही बजह है कि क्षेत्रीय जनता का उनके प्रति लगाव दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। इस मौके पर जिला सचिव वीके गंगवार, कल्लू चतुर्वेदी, संजय राजपूत, आदेश यादव, बंटी यादव, मुनीम खां, अभय यादव, अजीत गंगवार, अरविंद यादव, रानू गंगवार, मुनीम खान, आदेश यादव, अभय यादव, शाकेब खान, रवि यादव, अवनीश यादव, युसूफ खान, मुबीन खान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत



**कमालगंज, समृद्धि न्यूज़।** खुदागंज रेलवे स्टेशन पर एक युवक की ट्रेन की चपेट में आ जान से कटकर मौत हो गयी। जिससे मौके पर भीड़ लग गयी। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने जांच पड़ताल की। मृतक की पहचान एटा जनपद के नया गांव थाना क्षेत्र स्थित रामनगर निवासी रजत राजपूत पुत्र रामशरण के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, जनपद एटा के थाना नया गांव निवासी रजत राजपूत अपनी पत्नी रिंकी उर्फ नारायण देवी, साली द्रोपदी और ससुर के साथ लखनऊ से छपरा एक्सप्रेस द्वारा वापस लौट रहा था। जब ट्रेन खुदागंज स्टेशन पर रुकी तो 112/17 पोल के समीप रजत लघुशंकर करने के लिए नीचे उतरा। उसी दौरान दूसरी ओर से आ रही 15040 कासगंज-कानपुर एक्सप्रेस की चपेट में आने से कटकर मौके पर ही मौके पर मौत हो गई। सूचना मिलते ही खुदागंज चौकी पुलिस और रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं पुलिस ने जांच-पड़ताल की। परिजनों के मुताबिक, रजत की शादी लगभग तीन वर्ष पहले हुई थी। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही मृतक का भाई अमन अन्य परिजनों के साथ पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गया।

# कार व बाइक की भिड़ंत में चार घायल


घटना स्थल पर मौजूद पुलिस


अस्पताल में भर्ती घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज़।** बाइक व कार की आमने-सामने भिड़ंत में चार लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

जनपद एटा के थाना जैथरा क्षेत्र के गांव खिरिया निवासी 24 वर्षीय शिवा पुत्र रामपाल जाटव अपनी मौसी रीमा पत्नी पंचम को बाइक पर बैठाकर कायमगंज से दवा दिलाकर वापस अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह गांव ढमडेरा के निकट पहुंचा, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार शिवा व रीमा सड़क पर जा गिरे और गम्भीर रूप से घायल हो गये। वहीं कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। कार में सवार अनीता उम्र 50 वर्षीय पत्नी शीशराम निवासी इजौर थाना कायमगंज, प्रियंका उम्र 24 वर्षीय पत्नी विशाल निवासी शमसाबाद भी घायल हो गई। सूचना पर पहुचे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी, कस्बा चौकी इंचार्ज सोमवीर सिंह, सिपाही विजय गुर्जर, सिपाही पुष्पेन्द्र ने चारों घायलों को 108 एम्बुलेन्स द्वारा कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 अमरेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर चारों लोगों को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# आलू के दाम गिरने पर किसान ने खेत में जोतवाई फसल

- मण्डी तक पहुंचाने का भी खर्च भी नहीं निकल पा रहा था
- बकरी बेचकर लाये मक्का का बीज


आलू की फसल पर ट्रैक्टर चलाता किसान

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत दरौरा पेरी में आलू की कीमतों में भारी गिरावट के चलते व लागत भी न निकल पाने कारण किसान दुर्विजय सिंह व भूरेलाल ने आलू की फसल को खेत में ही टैक्टर से जुतवाकर नष्ट कर दिया।

किसान दुर्विजय सिंह ने बताया कि इस समय आलू मात्र 100 रुपये प्रति पैकेट बिक रहा है, जबकि एक बीघा आलू की खेती में 10 हजार से 15 हजार रुपये तक की लागत आती है। मौजूदा हालात में आलू बेंचने पर प्रति बीघा करीब 5 हजार रुपये ही निकल पा रहे हैं, जिससे सीधा घाटा हो रहा है। फसल निकालने और मंडी तक पहुंचाने का खर्च भी नहीं निकल पा रहा है। वहीं भूरेलाल ने बताया कि यदि आलू की यही स्थिति बनी रही तो वह अपने 10 से 12 बीघा खेत में खड़ी फसल भी जुतवा देंगे। उन्होंने कहा कि फसल बेचने से बेहतर है कि खेत खाली कर अगली फसल की तैयारी की जाए, ताकि और नुकसान से बचा जा सके। ग्रामीणों के अनुसार यह समस्या केवल एक किसान तक सीमित नहीं है। ग्राम पंचायत दरौरा पेरी में अब तक कम से कम 15 से 20 बीघा आलू की फसल खेत में ही जुतवाई जा चुकी है।

किसानों का कहना है कि अधिक उत्पादन और बाजार में उचित समर्थन मूल्य न मिलने के कारण आलू के दाम लगातार गिर रहे हैं। किसानों ने प्रशासन व कृषि विभाग से मांग की है कि आलू के दामों को लेकर कोई ठोस व्यवस्था की जाए।

## खबरें एक नजर में

### बोर्ड परीक्षाः संवेदनशील केंद्रों पर प्रशासन व शिक्षा विभाग की रहेगी विशेष नजर

**अतिरिक्त पुलिस बल भी रहेगा तैनात**

**छह उड़न दस्ता के कंधों पर नकलची छात्रों को पकड़ने की होगी जिम्मेदारी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** यूपी बोर्ड ने संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिये है। 18 फरवरी से शुरू होने वाली हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा जनपद में 79 केंद्रों पर होगी। जिसमें तीन परीक्षा केंद्रों को बोर्ड ने संवेदनशील घोषित किया है। इन केंद्रों पर प्रशासन एवं शिक्षा विभाग विशेष रूप से सतर्कता बरतेंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, नकल विहीन सकुशल बोर्ड परीक्षाओं को सम्पन्न कराने हेतु प्रशासन एवं शिक्षा विभाग ने कमर कस ली है। इस हेतु सचल दल, सेक्टर मजिस्ट्रेट, बाह्य केंद्र व्यवस्थापकों एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की जा चुकी है। इसके अलावा पूरी परीक्षा पर नजर रखने के लिए जिला कंट्रोल रुम की डीआईओएस कार्यालय में स्थापना की गई। जिसका प्रभारी प्रधानाचार्य रामलखन पाल को बनाया गया। कन्ट्रोल रुम में अन्य कर्मचारियों को भी परीक्षा की मानीटरिंग के लिए तैनात किया गया है। जनपद में जिन तीन परीक्षा केंद्रों को उनके इतिहास के आधार पर संवेदनशील घोषित किया गया है। उनमें जवाहर लाल इंटर कॉलेज जरारी, नीरज इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन परमनगर, बाबा रामदीन इंटर कालेज मोहम्मदाबाद इन केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। परीक्षा में कुल 46,235 परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिनमें से 24,733 तथा इंटर में 21,502 में अपना भाग्य आजमाएंगे।

### पति पर बच्चे को गायब करने का आरोप

**फतेहपुर।** जनपद की एक महिला ने अपने पति पर नवजात बच्चे को गायब करने और दूसरी शादी रचाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। यह घटना उत्तर प्रदेश के फतेहपुर और कानपुर जिलों से संबंधित है। मोहाल गंगानगर निवासी नीलम पुत्री शिवकरन ने बताया कि लगभग चार वर्ष पूर्व उसने वहीं के निवासी नितिन कुमार के साथ प्रेम विवाह किया था। परिजनों की नाराजगी के कारण दोनों उन्नाव में किराए के मकान पर रहने लगे थे। पीड़िता के अनुसार, मार्च 2024 में नितिन अपनी बहन की शादी का बहाना बनाकर उसे उन्नाव में ही छोड़ आया और काफी समय तक वापस नहीं लौटा। इसी दौरान नीलम गर्भवती थी। नीलम ने बताया कि 24 अक्टूबर 2025 को उसने लखनऊ के एक अस्पताल में ऑपरेशन के जरिए बच्चे को जन्म दिया। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद नितिन उसे कृष्णा नगर स्थित एक होटल में ले गया। पीड़िता का आरोप है कि जब वह दवा खाकर सो गई, तब उसका बच्चा गायब मिला। पूछने पर नितिन ने गाली-गलौज की और उसे रास्ते में छोड़कर फरार हो गया। पीड़िता को जानकारी मिली कि उसका पति नितिन कुमार 8 फरवरी 2026 को कानपुर के कोयला नगर में अपनी पहली शादी की बात छिपाकर दूसरी शादी करने जा रहा है।

# सड़क किनारे घायलावस्था में मिले दो किसान, एक की मौत

- कोल्ड स्टोरेज में आलू डालकर घर आते समय घटी घटना
- तीसरा साथी ट्रैक्टर चालक सुरक्षित


अस्पताल में मौजूद परिजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज़।** कोल्ड स्टोरेज में आलू रखकर ट्रैक्टर से घर जा रहे दो किसान संदिग्ध अवस्था में सड़क किनारे पड़े मिले। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां एक को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे को रेफर कर दिया। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

कोतवाली क्षेत्र के गाँव नगला खुमारी निवासी 40 वर्षीय मुकेश पुत्र राजेश व 22 वर्षीय अनेक वर्षीय पुत्र राम रहीस तथा 37 वर्षीय फूल सिंह ट्रैक्टर से कायमगंज आलू डालने कोल्ड स्टोर आए थे। देर शाम वपस घर लौटते समय मुकेश व अनेक मई हादीदादपुर एवं ज्योना के बीच ट्रैक्टर के पास बेहोशी की हालत में मिले। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन में दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में लाकर भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ0 अमरेश कुमार ने मुकेश को मृत घोषित कर दिया तथा उसके उसके साथी अनेक सिंह को प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं तीसरा साथी जो ट्रैक्टर चला रहा था फूल सिंह को किसी प्रकार की कोई चोट नहीं बतायी गई है। मृतक अपने पांच भाइयों में सबसे बड़ा था। मृतक की पत्नी किरन, पुत्र व दो बेटियों व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## दबंगों ने ई-रिक्शा चालक को पीटा, एनसीआर दर्ज


जानकारी देता पीड़ित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** ई-रिक्शा चालक को बाइक सवार युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया। शिकायत के अधार पर पुलिस ने तीनों भाइयों के विरुद्ध शिकायत दर्ज कर घायल का डाक्टरी परीक्षण कराया।

थाना मऊदरवाजा के ग्राम भिड़ौर निवासी अमित दुबे पुत्र स्व0 कैलाश दुबे ने थाना मऊदरवाजा पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि शनिवार रात्रि 09:30 बजे लगभग ई-रिक्शा लेकर घर जा रहा था, तभी गांव के वीरेन्द्र पुत्र राम सिंह व जहान सिंह पुत्र राम सिंह व आशीष पुत्र जहान सिंह अपनी बाइक से भी घर की ओर जा रहे थे। जैसे ही गांव भिड़ौर के पास पहुंचे तो अपनी बाइक को ई-रिक्शा के आगे लगा दिया और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों भाइयों के विरुद्ध एनसीआर दर्ज कर घायल का डाक्टरी परीक्षण कराया।

# जरुरतमंद 50 छात्राओं को वितरित की गई साइकिलें



साइकिल के साथ छात्राएं व अतिथि

- अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन का हुआ आयोजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज़।** सीपी विद्या निकेतन इंण्टर कॉलिज परिसर में अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन एवं समर्पण सेवा समिति की ओर से 50 जरुरतमंद छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें वितरित की गई। मुख्य रूप से उन छात्राओं को चिन्हित किया गया जो ग्रामीण क्षेत्रों से पैदल चलकर स्कूल आती थीं। साइकिल पाने वाली छात्राओं में शकुंतला देवी बालिका इंटर कॉलेज, श्रीराम हायर सेकेंडरी स्कूल, कन्या विद्यापीठ इंटर कॉलेज, श्री राम शिक्षा सदन फतेहपुर परिउली, सीपी विद्या निकेत स्कूल की बेटियां शामिल रहीं। साइकिल मिलते ही छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। साइकिल वितरण पूर्व विधायक अमर सिंह खटीक, कॉलेज प्रबंधक सत्यप्रकाश अग्रवाल और महासम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व स्कूल डायरेक्टर डॉ0 मिथलेश अग्रवाल द्वारा किया गया। अतिथियों ने कहा कि बेटियों को सशक्त बनाना ही समाज की असली प्रगति है। इस अवसर पर अंग्रेजी माध्यम के प्रधानाचार्य आरके बाजपेई, हिंदी माध्यम के प्रधानाचार्य योगेश चंद्र तिवारी, उप प्रधानाचार्य मनोज तिवारी, केवीपी प्रधानाचार्य विश्व मोहिनी पांडेय के अलावा अमरदीप दीक्षित, देवेंद्र दुबे, अशोक वर्मा, महेंद्र राजपूत, किशन गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## दो दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट शुरू, 14 टीमों ने लिया हिस्सा

**फतेहपुर।** जनपद के नगर पंचायत हथगाम स्थित पाशा नगर में दो दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 8 फरवरी को शुरू हुआ। इसमें कुल 14 टीमों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच टिकरी और हरदों की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें हरदों की टीम विजयी रही। अन्य टीमों ने भी बारी-बारी से अपने खेल का प्रदर्शन किया। इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 9 फरवरी को आयोजित होगा। प्रथम विजेता टीम को 31,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा, जबकि उपविजेता टीम को 21,000 रुपये मिलेंगे।

टूर्नामेंट का आयोजन आसिफ उर्फ पप्पू भाई ने किया।

## अनियंत्रित बाइक विद्युत पोल से टकरायी, दो घायल



**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज़।** मंझना मार्ग भारत मोड़ के पास बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गयी। जिससे दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। थाना कादरीगेट के क्षेत्र आईटीआई निवासी कमलेश चन्द्र पुत्र राम बिहारी लाल अपने साथी डा0 जागेश्वर प्रसाद सक्सेना पुत्र मुंशीलाल सक्सेना के साथ नवाबगंज क्षेत्र किसी कार्य से गये। वहां से लौटते समय मंझना मार्ग भारत मोड़ के पास बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गयी। जिससे कमलेश चन्द्र व डा0 जागेश्वर प्रसाद गंभीर रुप से घायल हो गये। सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राजीव कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां उनका उपचार जारी है।

## युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, घर में घुसकर वारदात को दिया था अंजाम

**फतेहपुर।** जनपद में एक युवती से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने के बाद से फरार चल रहे आरोपी को जेल भेज दिया गया है। यह घटना जिले के बकेवर थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई। आरोपी युवक ने युवती के घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म किया। वारदात को अंजाम देने के बाद उसने युवती को जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गया। पीड़िता के परिजनों के घर पहुंचने पर उन्हें घटना की जानकारी हुई। इसके बाद उन्होंने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने दुष्कर्म सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। थाना प्रभारी तुषार श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर धारा 64(1)/308(2)/351(2) बीएनएस के तहत फरार अभियुक्त रोहित सविता (23) पुत्र विजयशंकर सविता को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी बिजुरी का निवासी है और वर्तमान में कस्बा बकेवर में रहता था। उसे नारायण ढाबा के पास से मुखबिर की सूचना पर पकड़ा गया। गिरफ्तार युवक को जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है और पीड़िता का मेडिकल कराया गया है। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रमेश कुमार राय, कांस्टेबल ओमनारायन और संदीप चौधरी शामिल थे।

# ग्राम विकास अधिकारी एसो. के अध्यक्ष सुभाष पाण्डेय व कोषाध्यक्ष बने शशिदेव

- डिप्लोमा इंजीनियरिंग संघ भवन लखनऊ में चुनाव हुआ सम्पन्न


प्रदेश कोषाध्यक्ष चुने जाने पर प्रमाण पत्र दिखाते शशिदेव सिंह मौजूद अन्य पदाधिकारी

**लखनऊ/फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन उ0प्र0 के द्विवार्षिक अधिवेशन में पदाधिकारियों का भी चुनाव कराया गया। कार्यक्रम रविवार को डिप्लोमा इंजीनियरिंग संघ भवन लखनऊ में हुआ, जिसमें निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई। जिसमें ग्राम विकास अधिकारी संघ (एसो) जनपद फर्रुखाबाद के जिलाध्यक्ष शशि देव सिंह ने कुल 111 मत पाकर प्रदेश कोषाध्यक्ष पद पर विजय हासिल की। निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होने के सभी निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कराया गया। उसके पश्चात जवाहर भवन जाकर आयुक्त ग्राम्य विकास उ0प्र0 से सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने भेंट की। बताते चले ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के द्विवार्षिक अधिवेशन/निर्वाचन रविवार को डिप्लोमा इंजीनियरिंग संघ भवन लखनऊ में सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार थे। जिसमें सर्वाधिक मत 119 पाकर सुभाष पाण्डेय प्रदेश अध्यक्ष बने। वहीं गणेश शुक्ला को 98 व संजय मिश्रा को 2 मत मिले। वहीं महामंत्री पद के लिए पांच उम्मीदवार थे। जिसमें सर्वाधिक 96 मत पाकर नरेन्द्र प्रधान महामंत्री बने। सुरेन्द्र वीर को 54 मत, सियाराम गौतम को 30, प्रदीप कुमार दुबे को 23, अजीत शर्मा को 14 वोट मिले। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार थे। जिसमें सर्वाधिक 138 मत पाकर जितेन्द्र यादव ने जीत हासिल की। ऋषि कुमार को 79 मत मिले। वहीं कोषाध्यक्ष के पद पर दो उम्मीदवार में से फर्रुखाबाद के शशि देव सिंह 111 मत पाकर प्रदेश कोषाध्यक्ष बने। वहीं आलोक कलवरिया को 101 मत मिले। संगठन मंत्री 113 मत पाकर शिवदत्त तिवारी बने। गोविन्द सिंह यादव को 97 वोट मिले। वहीं संयुक्त मंत्री पद पर दो उम्मीदवार थे, जिसमें विनीत कुमार राय 119 मत पाकर संयुक्त मंत्री बने व विनोद कुमार सिंह को 91 मत मिले। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत कर शपथ दिलायी गई। इस अवसर पर निर्वाचन से जुड़े अधिकारी व संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## युवक को बाइक ने टक्कर मारी, गंभीर घायल

**फतेहपुर।** जनपद के बिंदकी नगर में एक सड़क दुर्घटना में 21 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया गया है। यह घटना खजुहा मुगल रोड स्थित नजाही बाजार के समीप हुई। नीरज (21 वर्ष), पुत्र गोविंद, निवासी रजीपुर, कोतवाली बिंदकी, पैदल जा रहा था तभी एक बाइक सवार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।

दुर्घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। राहगीरों की मदद से घायल नीरज को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी पहुंचाया गया। नीरज के पिता गोविंद ने बताया कि उनका पुत्र सुबह बिंदकी बाजार करने आया था और सामान लेकर घर लौट रहा था, तभी रास्ते में यह दुर्घटना हो गई।

# बजट के प्रावधानों, नीतियों से उद्योग होंगे विकसित : मुकेश राजपूत


वार्ता करते सांसद व जिलाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रविवार को केंद्रीय बजट 2026 के संदर्भ में आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पर सांसद मुकेश राजपूत एवं जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने पत्रकारों से संवाद किया। उन्होंने बजट से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। केंद्र के जन कल्याणकारी बजट को 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया।

सांसद मुकेश राजपूत ने कहा 2014 में केंद्र में बीजेपी की सरकार बनने के बाद लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में जनहित और जन कल्याण के अनेकों निर्णायक फैसले हुए हैं। 1 फरवरी को केंद्र द्वारा दिए गए बजट में हर वर्ग की जरूर को पूरा करने का प्रयास किया है। बजट के प्रावधानों नीतियों से उद्योग विकसित होंगे। रोजगार की संभावनाएं बढ़ेगी और महिलाओं का सशक्तिकरण होगा। 2014 से पूर्व कांग्रेस के शासनकाल में भारत 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत इन 12 वर्षों में लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर होकर आज विश्व की चौथी आर्थिक महाशक्ति बन चुका है। बजट से देश ही नहीं प्रदेश के साथ-साथ जिले को भी व्यापक लाभ प्राप्त होगा। ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेना को मजबूत करने के लिए 7 लाख करोड रुपए का प्रावधान किया गया है। बजट के माध्यम से शिक्षा स्वास्थ्य ग्रामीण विकास एवं सभी क्षेत्रों में मजबूती देने के लिए भी बजट में प्रावधान किया गया है। आज वैश्विक स्थिति को देखते हुए अनेकों प्रकार की चुनौतियों को स्वीकार करते हुए सरकार ने अनेकों प्रयास करके एक जन कल्याणकारी बजट पेश किया है। जिसके दूरगामी परिणाम दिखाई देंगे। भारत के भविष्य को बदलने वाला यह बजट 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य को चरितार्थ करेगा। स्वावलंबी भारत के तहत बढ़ावा देने के लिए प्रस्तुत बजट में प्रावधान किया गया है। जिसके लिए कंटेनर निर्माण को भी प्रावधान किया गया है। गरीब एवं मध्यम वर्ग की समस्याओं को हल करने वाला यह बजट है। 17 जीवन रक्षक दावों पर सीमा शुल्क या शून्य करने का निर्णय लेकर स्वास्थ्य से जुड़े हुए लोगों को लाभ देने का कार्य किया गया। हर जिले में महिला छात्रावास की स्थापना करने का प्रावधान है और लखपति दीदी के तर्ज पर क्रेडिट लिंक्ड आजीविका योजना के जरिए उद्यमिता को बढ़ावा दिया जाएगा। देश की कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए छोटे-छोटे उद्योगों को बढ़ावा देकर भारत को आर्थिक रूप से मजबूत करने के सारे प्रयास किए गए हैं।

जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा है यह भविष्य के भारत को मजबूत करने वाला बजट है। प्रदेश के साथ ही जिले में भी निरंतर प्रगति के कार्य हो रहे हैं। सड़कों को सड़कों से जोड़ना, जिससे आवागमन सुलभ हो रहा है। नया भारत हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। कार्यकर्ता घर-घर जाकर

# संडे बाजार का स्थान बदलने से नहीं दिखे ग्राहक


संडे बाजार में पसरा सन्नाटा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संडे बाजार स्थानांतरित होने से सन्नाटा रहा। नेहरु रोड पर लगने वाले संडे बाजार को प्रशासन ने ठंडी सड़क पर स्थानांतरित कर दिया है। जिस कारण नई मार्केट बनने में समय लगेगा। ठंडी सड़क पर रविवार को दुकानें तो ठीकठाक लगी, लेकिन ग्राहक नहीं दिखे। जबसे बाजार स्थानांतरण हुआ है तब से यह दूसरा संडे है। दुकानदरों ने बताया कि ज्यादातर लोगों को अभी बाजार स्थानांतरण के बारे में पता नहीं है और ऐसे में शहर के बाहर ग्राहक भी नहीं पहुंच रहे है। सर्दी का सीजन समाप्त होने वाला है। जिन दुकानदारों के पास सर्दी का माल पहले से स्टाक था, वह औने-पौने दामों में बेंचने को मजबूर है। उसके बावजूद भी ग्राहक नहीं पहुंच रहे है। अगले माह होली है, होली का त्यौहार नजदीक आने पर दुकानदार सीजनी कपड़े लाना चाहते है पर बिक्री न होने के कारण असमंजस में पड़े है। संडे बाजार व्यापार मण्डल के अध्यक्ष नितिन गुप्ता ने बताया कि बाजार ठीकठाक चलने में समय लगेगा। ऐसी स्थिति में ग्राहक ठंडी सड़क संडे बाजार नहीं पहुंच रहे है। नव भारत सभा भवन से पंजाब बैंक तक लगने वाले संडे बाजार में रविवार को रौनक फीकी रही। बिक्री न होने पर दुकानदार मायूस दिखे। यही स्थिति लगातार बनी रही तो संडे बाजार के व्यापारी ठंडी सड़क पर लगने वाले संडे बाजार का विरोध करेंगे और मांग करेंगे कि इसकी जगह पुनः पुराने स्थान नेहरु रोड पर बाजार लगवाया जाये।

# नेत्र शिविर में 74 मरीजों का हुआ परीक्षण


दीप प्रज्वलित करती मिथलेश अग्रवाल

**16 मरीज मोतियाबिंद के लिए हुए चयनित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सेवा धर्म समिति के तत्वाधान में निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन शुकरुल्लापुर स्थित ग्रामीण बैंक स्थित गली वाली मार्केट में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि मिथलेश अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारम्भ किया। अतिथि के रुप में पहुंचे अनुराग अग्रवाल, हरिओम अवस्थी, अनिल अवस्थी, ज्ञानेन्द्र अवस्थी, महेन्द्र राजपूत द्वारा मां गंगा के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। कैम्प का संचालन अमन अवस्थी ने किया। अध्यक्षता डा0 राजेश बाबू ने की। आये हुए अतिथियों को मां गंगा का स्मृति चिन्ह एवं गंगाजल समिति के सचिव अविनाश सारस्वत एवं कोषाध्यक्ष शैलजा सारस्वत, अमन शुक्ला व रितिक पाल, अभिजीत मिश्रा ने देकर सम्मानित किया। रामा अस्पताल कानपुर द्वारा आये डा0 राम शर्मा, डा0 शालिनी पाल, डा0 अंकुर पाल, विशाल कुमार, अरजीत सिंह द्वारा ओपीडी में 74 मरीजों का परीक्षण किया गया।

जिसमें 16 मरीजों का मोतियाबिंद निकला। 58 मरीजों को अन्य बीमारियों की जांच कर दवाइयां दी गई। मरीजों की व्यवस्था निःशुल्क थी और दवा भी निःशुल्क उपलब्ध करायी गई।

कैम्प की व्यवस्था अविनाश सारस्वत, शैलजा सारस्वत, अभय अवस्थी, अभिजीत मिश्रा, रितिक पाल, विवेक मिश्रा आदि ने देखी।

# भाकृए की बैठक में किसानों की समस्याओं पर हुई चर्चा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय कृषक एसोसिएशन की राष्ट्रीय पंचायत मुन्नालाल सक्सेना के आवास पर प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संचालन राष्ट्रीय सचिव रामवीर जाटव ने किया। पंचायत में मुन्नालाल सक्सेना को वरिष्ठ प्रवक्ता का नियुक्ति पत्र दिया गया। रामलाल गुप्ता को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, बिंदु सिंह गंगवार को महिला प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय महासचिव, पंडित गोपाल तिवारी को प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे ने कहा कि जिला प्रशासन देहातों में लगने वाले हाट को लगने में दिक्कत महसूस करती है या लगने नहीं दे रही। गांव पितौरा सहित तमाम जगह किसानों की सुविधा के लिए साप्ताहिक बाजार लगते हैं। परंतु कायमगंज का एसडीएम बाजार नहीं लगने दे रहे है। हाट लगने में बाधा उत्पन्न होती है तो एसडीएम कार्यालय का घेराव होगा, अन्य समस्याओं पर चर्चा हुई। इस मौके पर सुनील कुमार दुबे, मुन्नालाल सक्सेना, रामलाल गुप्ता, रामवीर जाटव, बिंदु सिंह गंगवार, महिपाल सिंह, विनीत सक्सेना, प्रताप सिंह गंगवार, श्योराज सिंह शाक्य आदि उपस्थित रहे।

# छपरा एक्सप्रेस के सामने टूटी बिजली की लाइन, बड़ा हादसा टला


ट्रैक पर खड़ी ट्रेन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मिशन कंपाउंड के पास बड़ा हादसा होने से टल गया। छपरा एक्सप्रेस के सामने ओएचई लाइन टूट कर गिरने से हड़कंप मच गया, लेकिन स्थानीय युवकों की सूझबूझ और इशारे के कारण ट्रेन समय रहते रुक गई और एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद रेल यातायात बाधित होने से यात्री परेशान रहे और मौके पर आरपीएफव स्थानीय पुलिस ने पहुंचकर स्थिति को संभाला। लगभग दोपहर 2:30 बजे के करीब मिशन कम्पाउंड ग्राउंड के सामने रेलवे लाइन के ऊपर ओएचई तार में पतंग उलझ गई थी। पतंग उलझने की वजह से तार टूटकर लटकने लगा। तार नीचे पटरी को भी छू रहा था। पास के ग्राउंड में क्रिकेट खेल रहे युवकों ने टूटे तार को देखा, तभी उन्हें ट्रेन की आवाज सुनाई दी। उन्होंने तुरंत ग्राउंड से एक लाल कपड़ा लिया और फर्रुखाबाद स्टेशन से आ रही ट्रेन को दिखाया। जिसके बाद लोको पायल अयोध्या प्रसाद ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी। इसके बाद नीचे उतरे। उन्होंने युवकों से ट्रेन रोकने का कारण पूछा तो उन्होंने कहा पतंग फंसने की वजह से आएचई तार टूट गया है। वह पटरी से भी टच हो रहा है। इस बीच ट्रेन के यात्री भी नीचे उतर आए। जिससे युवकों की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया। ट्रेन करीब एक घंटे तक ट्रैक पर खड़ी रही। उसे दोबारा फर्रुखाबाद स्टेशन पर लौटा दिया गया। ट्रेने एक किलोमीटर तक उल्टा चलकर स्टेशन पर वापस गई। रेलवे के कर्मी मौके पर पहुंच गए हैं। वहीं लोको पायलट अयोध्या प्रसाद ने बताया कि तेज हवा होने के कारण तार टूट गया है। जो पटरी पर छूने लगा, जिससे पटरी पर कई जगह स्पॉट पड़ गये। सुरक्षा को देखते हुए ट्रेन को आगे ले जाना संभाव नहीं था।

# डा. बीपी अग्रवाल शिक्षा निकेतन में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**विजेताओं को ट्राफी व चेकर देकर किया गया पुरुस्कृत**


ट्राफी के साथ विजेता छात्र


प्रदर्शनी में मॉडल के साथ छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद के कल्याण कुंज क्षेत्र याकूतगंज में डॉ0 बी0पी0 अग्रवाल शिक्षा निकेतन परिसर में रविवार को विज्ञान कौशल प्रदर्शन के प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रबन्धक डॉ0 बी0पी0 अग्रवाल, व निदेशक डा0 विशाल के नेतृत्व में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। मुख्यअतिथि एमआईसी के प्रधानाचार्य ले0 गिरिजा शंकर रहे। अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

विद्यालय की छात्रा श्रेया व हुमैमा एवं काव्या ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रधानाचार्य ले0 गिरिजा शंकर ने इस वैज्ञानिक युग में विज्ञान की उपयोगिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विज्ञान में रुचि बढ़ाने की प्रेरणा दी। निर्णायक मण्डल के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। डा0 केएलके माहोर, डा0 सौरभ पाण्डेय, बीपी पाण्डेय, डा0 केके सिंह, आरएन वर्मा ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। छात्र-छात्राओं द्वारा बनाये गये मॉडल की बारीकिया परखी। विज्ञान प्रदर्शनी में ड्रोन फ्लाइंग मॉडल प्रथम रहा। जिसे 3100 रुपये का चेक प्रदान किया गया। कार्बन प्योरीफिकेशन मॉडल द्वितीय स्थान पर रहा। वाटर टू एनर्जी मॉडल तृतीय स्थान पर रहा।सभी विजेताओं को ट्राफी देकर उत्साहवर्धन किया गया।साथ साइंस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 8 के चित्रांश पाल, कक्षा 9 के प्रांशु पाल एवं राज्य महाजन तथा कक्षा 10 के ध्रुव पाल विजयी रहे। प्रबंधक डॉ0 बी0पी0 अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# क्रिकेट मैच में विजेता बनी राइजिंग स्टार टीम


खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करते मुदित टंडन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** खत्री सभा द्वारा क्रिकेट मैच का आयोजन स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में सम्पन्न हुआ। खत्री सभा के अध्यक्ष मुदित टंडन, महामंत्री गौरव धवन, कोषाध्यक्ष प्रसून टंडन की देखरेख में मैच सम्पन्न हुए। पहले बल्लेबाजी करते हुए राइजिंग स्टार ने 244 रन का विशाल लक्ष्य रखा। जबाव में उतरी सुपर स्टार की टीम 231 रन पर ही आलआउट हो गयी। मैच में विजेता बनी राइजिंग स्टार के कप्तान को बधाई दी गई। विजेता व उप विजेता टीम के कप्तान को बधाई दी गई। दोनों टीम के कप्तान अनुज टंडन एवं विवेक अरोरा ने आयोजन की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। राइजिंग स्टार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 244 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में उतरी सुपर स्टार टीम 231 रन पर ही ऑलआउट हो गई। मैन ऑफ द मैच बने अर्चित खन्ना जिन्होंने बेहतरीन विकेट कीपिंग और बैटिंग करते हुए 81 रन बनाए। बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार सूरज टंडन ने प्राप्त किया। बोलिंग में अपने जौहर दिखाते हुए विजेता टीम के कप्तान अनुज टंडन ने बेस्ट बॉलर का पुरस्कार भी अपने नाम किया। खत्री समाज के वरिष्ठ सदस्य किशन मुरारी सचदेवा ने विजेता खिलाड़ियों को पुरुस्कार दिये। अध्यक्ष मुदित टंडन ने सभी खिलाड़ियों व समाज के लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर वरिष्ठ सदस्य रमेश टंडन, मुकुल टंडन, आशु टंडन, प्रदीप मेहरोत्रा, संजय मेहरोत्रा, निमिष टंडन आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### युवक ने लगायी फांसी, मौत



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम पियनापुर निवासी संदीप पुत्र स्व0 राजवीर सिंह ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। संदीप का शव सुबह नीम के पेड़ पर लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। वहीं सूत्रों की माने तो मृतक वंदना नामक महिला से प्रेम करता था और शादी करना चाहता था, लेकिन वंदना के मना करने पर उसने यह कदम उठाया है। मौत की सूचना पर मृतक की मां गायत्री देवी, भाई शिव आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### सिंधी कालोनी में हिन्दू सम्मेलन का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पटेल नगर बस्ती में हिंदू सम्मेलन झूलेलाल मंदिर के प्रांगण में सिंधी कॉलोनी में सम्पन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता ईश्वर दास शिवानी ने की। मुख्य वक्त राजकिशोर रहे। संचालन राहुल परिहार ने किया। इस दौरान कुमार सक्सेना, पीयूष पाल, विनोद कुमार, आतिश सक्सेना, सचिन कृपलानी, अशोक, ज्योति जसवानी, कोमल ओचनी, हर्षा बुधवानी, रजनी लौंवानी, पूजा गंगवानी आदि मौजूद रहे।

### बहुजन क्रांति पार्टी की बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बहुजन क्रांति पार्टी की बैठक प्रेस क्लब में सम्पन्न हुई। प्रदेश में होने वाले पंचायती चुनाव की रणनीति बनायी गई। सर्वसम्मति से रामसेवक कठेरिया को पंचायत एवं स्थानीय निकाय की जिम्मेदारी सौंपी गई। पंचायत राज व्यवस्था में अमूल-चूल परिवर्तन पार्टी करेगी। संविधान संसोशन करने की बात पंचायतों को पूर्ण स्वयतः नहीं दी गई है। रामसेवक कठेरिया ने कहा कि समस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। देवेन्द्र कुमार ने कहा कि सभी जातियों को विधानसभा चुनाव में वरीयता दी जायेगी। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष रंजीत सिंह, देवेन्द्र कुमार, चित्रांश, रामसेवक कठेरिया, रामप्रसाद कठेरिया, अमित कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार के जिलाध्यक्ष बने सावन मिश्रा

**पीड़ित व कमजोर व्यक्ति की मदद करना मेरा उद्देश्यः धीरज पाण्डेय**


नवयुक्त जिलाध्यक्ष के साथ पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष धीरज कुमार पांडेय ने जनपद का जिलाध्यक्ष सावन कुमार मिश्रा को नियुक्त किया है। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के कार्यकर्ताओं की तरफ से स्वागत एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन रेलवे रोड स्थित अनंत होटल के सभागार में सम्पन्न हुआ। 20 नये पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। प्रदेश अध्यक्ष धीरज कुमार पाण्डेय ने कहा कि संगठन हमेशा गरीब, कमजोर, पीड़ित व्यक्ति की आवाज बनता आया है। उसको न्याय दिलाने का काम पिछले 9 वर्षो से लगातार किया जा रहा है। तीसरी बार संगठन ने हमारे कार्यो को देखते हुए पुनः उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। जिसका निर्वाह्न ईमानदारी से कर रहा हूं। संगठन सदैव मानव के हितों में काम करता है और हमेशा करता रहेगा। उन्होंने कहा कि क्राइम फ्री उत्तर प्रदेश की मुहीम है। प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम सुंदर लाला वर्मा ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सावन मिश्रा को बधाई दी। प्रदेश सचिव संजय कटियार ने मानव के मौलिक अधिकार तथा उनके अधिकारों के लिए आवाज उठाने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। फर्रुखाबाद विकास मंच के भईयन मिश्रा ने कहा कि संगठन लगातार गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याएं सुन रहा है और उसके निस्तारण भी करवा रहा है। धरातल पर काम करने वाला फर्रुखाबाद जनपद में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन वास्तव में लोगों की पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ सेवा कर रहा है। जिलाध्यक्ष सावन मिश्रा ने कहा कि जो हमें जिम्मेदारी मिली है उसका मैं निर्वाह्न करूंगा। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। कोमल पांडे ने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर आशुतोष अग्निहोत्री, आसिफ जमा खान, राजीव यादव, गीतेश तिवारी, संजीव चौहान, आरिफ खान, भगवान दास शुक्ला, शिवम वर्मा, नेंद्र शर्मा, मनोज चतुर्वेदी, शिवेंद्र चतुर्वेदी, शिव प्रताप सिंह, राजीव कुमार शुक्ला, राहुल दीक्षित, राहुल दुबे, रजनीश कटियार, मनीष यादव, सनी कटियार, अतुल मिश्रा, राजेश यादव, विनीत शाक्य, सत्यम वर्मा, शिवांश श्रीवास्तव, अभिषेक राजपूत, विश्वनाथ राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

# भाकियू लोकशक्ति की पंचायत में किसानों ने रखी समस्यायें


पंचायत में मौजूद किसान नेता

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के ब्लाक अध्यक्ष सोहन खान अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जाहिर अहमद, राहित द्वारा ग्राम रायपुर खास में किसान पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष अली क़ायम मौजूद रहे। इस दौरान किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा हुई। वहीं 17 फरवरी को लखनऊ में होने वाली महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में जाने को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर रागिब हुसैन खां, नजमुद्दीन, अजहरुद्दीन, अजीमुद्दीन खान, अकिल, मुफीद खान उर्फ़ फखर्मियां, तशकील खान, आतिफ खान उर्फ़ राजा, वारिस खान, राहुल कुमार शाक्य, मुजाहिद खान, इमरान खान, मुजीब आदि मौजूद रहे।

# लिंक एक्सप्रेस के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाएगी भाकियू टिकैत


बैठक में मौजूद भाकियू नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद में बन रहे लिंक एक्सप्रेसवे में किसानों की बेस कीमती जमीनें जा रही है। किसान और भारतीय किसान यूनियन टिकैत अब सर्किल रेट न बढ़ाए जाने पर विरोध कर रहा है। इसके लिए 14 फरवरी को एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इसी परिवेक्ष में किसान यूनियन टिकैत लिंक एक्सप्रेसवे से प्रभावित गांव-गांव बैठके करके किसानों से बड़ी संख्या में मुख्यालय आने का आवाह्न किया जा रहा है। रविवार को ब्लॉक मोहम्मदाबाद के ग्राम मानपुर, लुखरियाई, बराकेशव, नीमकरोरी एवं नवाबगंज में की जिनमें किसानों ने सर्वसम्मति से फैसला लिया कि सभी 43 गांवों में लिंक एक्सप्रेसवे में जा रही जमीनों के सर्किल रेट अगर भी बड़े तो विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि जनपद में एक तरफबाढ का प्रकोप दूसरी तरफलिंक एक्सप्रेसवे में किसानों की बेस कीमती जमीनें जिला के अधिकारी जबरदस्ती अधिग्रहण करना चाहते हैं, जबकि सूबे के मुख्यमंत्री पहले ही कह चुके है कि किसानों का जमीनों के साथ भावनात्मक रिश्ता होता है, इनके साथ जबरदस्ती नहीं की जानी चाहिए। जनपद के प्रतिनिधि भी किसानों के लिये सोचे सिर्फ वोट लेकर घर बैठना ही राजनीति करना भी होता। किसान यूनियन द्वारा कराए गए कार्यो का श्रेय खुद लेना जनप्रतिनिधियों की आदत हो गई है, अबकी बार ऐसा नहीं होगा। जनपद के सांसद और विधायक सर्किल रेट बढ़वाए अगर, वह इसे बढ़वाने में विफल होते है तब किसान यूनियन सर्किल रेट बढ़वाना जानती है। 14 फरवरी को जिला मुख्यालय पर 72 घंटे का धरना प्रदर्शन किया जाएगा, यदि इस पर भी बात नहीं बनी तो फिर लिंक एक्सप्रेसवे नहीं बनने दिया जाएगा। किसान किसी भी कीमत पर अपनी जमीन नहीं देगा।

# रेलवे पैसेंजर वेलफेयर एसो. की वार्षिक बैठक सम्पन्न

**बैठक में काव्य की बही धारा**


कार्यक्रम के दौरान प्रदीप सक्सेना, सुमन श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रेलवे पैसेंजर वेलफेयर एसोसिएशन की वार्षिक बैठक केजीएम में रेल यात्रियों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में प्राप्त सुझावों और प्रयासों को रेलव प्रशासन को भेजने का निर्णय लिया गया। पक्कापुल स्थित कायस्थ सोशल सभा भवन में हुई बैठक में संयोजक प्रदीप सक्सेना और सह संयोजक विनोद सक्सेना ने सभी आये हुए मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। सचिव नारायण प्रसाद अग्रवाल ने संस्था की वार्षिक आख्या प्रस्तुत की। रेलवे पैसेंजर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश हजेला ने सदस्यों को संगठन के बारे में जानकारी दी। बैठक में उमेश चन्द्र गुप्ता, उमेश बाबू राठौर, विकास गुप्ता ने विचार व्यक्त किये। साथ ही काव्य गोष्ठी सम्पन्न हुई। अध्यक्षता ज्योतिस्वरुप अग्निहोत्री ने की। डा0 गरिमा पाण्डेय, रत्नेश पाल, भारती मिश्रा, सत्यपाल सिंह प्रगल्भ ने काव्यपाठ किया। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया। प्रधानाचार्य रामलखन सिंह, प्रधानाचार्य डा0 महेश चन्द्र राजपूत, प्रधानाचार्य शिवओम द्विवेदी, प्रशासनिक अधिकारी भुवनेश पाण्डेय, प्रशासनिक अधिकारी अर्चना सक्सेना, अखिलेश चन्द्र अग्निहोत्री मौजूद रहे। संयोजक प्रदीप सक्सेना ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में जिला पर्यावरण की नामित सदस्य सुमन श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। इस मौके पर देवेन्द्र श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, जितेन्द्र श्रीवास्तव, सुशील श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।


## खबरें एक नजर में

### सड़क हादसे में बाइक बनी आग का गोला, दो की दर्दनाक मौत



**बिजुआ (खीरी)।** लखीमपुर-भीरा राजमार्ग पर शनिवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक में आग लग गई और वह देखते ही देखते आग का गोला बन गई। हादसा भीरा थाना क्षेत्र के नब्बूपुरवा गांव के पास हुआ। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार युवक उछलकर दूर जा गिरे। कुछ ही पलों में बाइक धू-धू कर जलने लगी। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को बिजुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान ग्राम तिखड़ा निवासी राम प्रसाद (55) और अक्षय कुमार (28) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, दोनों क्रेशर पर मजदूरी करने थे और काम खत्म कर बाइक से घर लौट रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। घटना के बाद राजमार्ग पर काफी देर तक यातायात बाधित रहा। पुलिस ने मौके से जली हुई बाइक को हटवाकर मार्ग सुचारु कराया। फिलहाल पुलिस अज्ञात वाहन और चालक की तलाश में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। मामले की जांच जारी है।

### अतिक्रमण हटाओ अभियान पर उठे सवाल, गरीबों पर चला बुलडोजर, अमीरों पर नरमी के आरोप



**मोहम्मदी, खीरी।** नगर में चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान प्रशासन की कार्रवाई को लेकर पक्षपात के आरोप लगने लगे। उपजिलाधिकारी चलुवराज के आदेश पर नगर क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई की गई, जिसमें मुख्य रूप से सड़क किनारे बनी छप्परियाँ, खोखे और अस्थायी दुकानें हटाई गईं। अभियान की शुरुआत आस्था खरे हॉस्पिटल के पास से महिला अस्पताल गेट तक की गई। इसके बाद लेफ्ट साइड को छोड़ते हुए टीम बरवर चौराहे से बाजार गंज की ओर अतुल रस्तोगी की दुकान तक पहुंची, जहां कई लोगों की छप्परियाँ तोड़ी गईं। यहीं से टीम वापस लौट आई। इसके बाद बरवर चौराहे पर डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा के चारों ओर बने खोखे-छप्परों को भी जमकर तोड़ा गया और ट्रॉलियों में लादकर हटाया गया। अभियान का नेतृत्व नायब तहसीलदार बालकराम और अधिशासी अधिकारी जे.पी. मौर्या ने संयुक्त रूप से किया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनज़र एसआई अंशुल कुमार के साथ भारी पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासन ने नेशनल हाईवे और अति संवेदनशील माने जाने वाले सरकारी अस्पताल रोड पर विशेष रूप से कार्रवाई की। बरवर चौराहे से बरवर जाने वाले राष्ट्रीय मार्ग पर सड़क किनारे किए गए स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया गया। ठेले, तख्त और अन्य सामान जब्त कर ट्रॉलियों में भरकर हटाया गया। हालांकि कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग चयनात्मक अतिक्रमण का आरोप लगाते दिखे। स्थानीय लोगों का कहना था कि गरीब दुकानदारों और रेहड़ी-पटरी वालों को ही निशाना बनाया गया, जबकि कथित रूप से प्रभावशाली और संपन्न लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण, खासकर सेल्फी प्वाइंट और अन्य स्थानों पर, अनदेखे छोड़ दिए गए। अभियान के बाद नगर में प्रशासन की कार्यशैली को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

### सीएमओ ने किया मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का निरीक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं की परखी गुणवत्ता



**लखीमपुर खीरी।** जनपद में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले के प्रभावी संचालन और आमजन तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से रविवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कलआम का औचक निरीक्षण किया। उनके साथ डिप्टी सीएमओ डॉ. प्रमोद वर्मा भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने मेले में आने वाले मरीजों की संख्या, उपलब्ध चिकित्सकीय सुविधाओं, दवाओं के स्टॉक, जांच व्यवस्थाओं तथा स्टाफ की कार्यप्रणाली का गहन परीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि यह शासन की महत्वपूर्ण योजना है, जिसका लाभ पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। सीएचसी फरधान के अधीक्षक डॉ. अमित बाजपेई ने बताया कि मेले में सामान्य रोगों के लिए निःशुल्क परामर्श, जांच व उपचार की सुविधा दी गई। इस दौरान 20 पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए, जिससे उन्हें पांच लाख रुपये तक के निःशुल्क उपचार का लाभ मिल सकेगा। मेले में ब्रेस्ट, ओरल व सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग की गई। एनसीडी मरीजों का उपचार डॉ. संदीप राजवंशी ने किया, जबकि तंबाकू सेवन से संबंधित रोगियों की काउंसलिंग एनसीडी काउंसलर दीपक कुमार द्वारा की गई। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने कहा कि जन आरोग्य मेला निःशुल्क जांच, उपचार और स्वास्थ्य जागरूकता उपलब्ध कराने की प्रभावी पहल है। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों से सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने व अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं से जोड़ने का आह्वान किया तथा अधीक्षक की कार्यप्रणाली की सराहना की।

### मैलानी-बहराइच बड़ी लाइन की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**पलिया कलां खीरी।** मैलानी जंक्शन रेलवे स्टेशन पर पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवंकर के दौरे के दौरान नगर व्यापार मंडल पलिया (मिश्रा गुट) के प्रतिनिधिमंडल ने उनसे मुलाकात कर मैलानी-बहराइच रेल प्रखंड के अमान परिवर्तन (मीटर गेज से ब्रॉड गेज) की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। नगर अध्यक्ष अनूप मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र में अब यही एक प्रमुख रेल प्रखंड बचा है जहां अमान परिवर्तन का कार्य लंबित है। उन्होंने मांग की कि इस कार्य को शीघ्र शुरू कराया जाए, जिससे विश्व प्रसिद्ध दुधवा नेशनल पार्क आने वाले पर्यटकों को सीधा लाभ मिल सके। साथ ही इससे रेलवे के राजस्व में भी वृद्धि होने की संभावना है। जिला उपाध्यक्ष अमर गुप्ता ने कहा कि जब तक अमान परिवर्तन का कार्य शुरू नहीं होता तब तक इस रेल प्रखंड पर संचालित मीटर गेज ट्रेनों का समन्वय मैलानी जंक्शन से चलने वाली ब्रॉड गेज ट्रेनों से कराया जाए ताकि यात्रियों को सुविधा मिल सके। महाप्रबंधक उदय बोरवंकर ने प्रतिनिधिमंडल को मांगों पर जल्द उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में नगर अध्यक्ष अनूप मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष अमर गुप्ता, नगर महामंत्री संदीप बंसल और नगर कोषाध्यक्ष अनिल वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### सपा प्रतिनिधिमंडल पहुंचा पक्के पोखरा, पीड़ित परिवार को दिया आर्थिक सहयोग



**मिर्ज़ापुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री माननीय अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल नगर विधानसभा क्षेत्र के शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के पक्के पोखरा वार्ड मोहल्ला पहुंचा। जहां पक्के पोखरा में धारदार हथियार से पंचदेव चौहान पुत्र डंगहर चौहान की हत्या कर दी गई थी। समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल मौके पर जाकर वस्तुस्थिति की जानकारी लिया और अपनी रिपोर्ट जिला कार्यालय में प्रस्तुत किया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक से मांग की कि नामजद आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। इस दौरान ई. सतीश मिश्रा ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग भी दिया। प्रतिनिधिमंडल में सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी, अशोक यादव, सत्यप्रकाश यादव, मुन्नी यादव, सतीश मिश्रा, संतोष गोयल, मनोज चौहान, रामराज यादव, रवि सोनकर राम सजीवन चौहान आदि शामिल थे।

### दो बाइक में हुई टक्कर, एक सवार गिरा, पिकअप ने कुचला, मौत

**जिगना(मिर्ज़ापुर)।** विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र के अष्टभुजा चौकी अंतर्गत भटेवरा गाँव के सामनेरविवार को दो बाइकों की टक्कर मेंसड़क पर गिरेएक बाइक चालक को पिकअप नेकुचल दिया। जिससेघटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटनास्थल पर पहुंचेचौकी प्रभारी सुनील मिश्रा नेबताया कि मृतक की पहचान 28 वर्षीय किशोरी बैरागी उर्फ डाक्टर बंगाली के रूप मेंहुई। वहकोलकाता का निवासी है। बीतेतीन माह सेजिगना थाना क्षेत्र के दुबहां गाँव मेंकिजी क्लीनिक खोलकर दवा इलाज करता था। सुबहवह बाइक सेमिर्जापुर की ओर जा रहा था। तभी विपरीत दिशा सेआ रही बाइक सेउसकी टक्कर हो गई मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। इसी दौरान पिकअप की चपेट मेंआनेसेसाइकिल सेसड़क पार कर रहेभटेवरा गाँव निवासी12 वर्षीय हिमांशुमौर्यपुत्र मंगल मौर्या, दस वर्षीय रितेश पाल भी घायल हो गए। दोनों को पीएचसी सरौंई भेजा कराया गया। चौकी प्रभारी नेबताया कि चालक मौके सेभाग निकला। पिकअप कब्जेमेंलेकर जांच पड़ताल की जा रही है। मृतक किशोरी बैरागीका शव कब्जेमेंलेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जबकि गंभीर रूप सेघायल पवन मिश्रा के परिवार वालेअस्पतालपहुंचेहुए हैं।

## खीरी में रफ्तार का तांडवः 24 घंटे में तीन बड़े हादसे

# अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच की मौत, कई घायल

- महमदपुर के पास बस को ओवरटेक करते समय बाइक टकराई, 18 वर्षीय युवक की मौके पर मौत
- बसंतापुर पुलिया के पास ट्रक कटाव में अनियंत्रित टेंपो पलटा, 3 की सीएचसी में व चालक की जिला अस्पताल में मौत
- पिकअप की टक्कर से 3 घायल, निघासन के झंडी रोड पर तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक मारी, दो की हालत गंभीर

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

जिले की सड़कों पर तेज रफ्तार और लापरवाही का खौफनाक मंजर लगातार सामने आ रहा है। बीते 24 घंटे के भीतर जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए तीन भीषण सड़क हादसों ने पांच लोगों की जिंदगी छीन ली, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इन हादसों ने न सिर्फ कई परिवारों के घरों के चिराग बुझा दिए, बल्कि सड़क सुरक्षा व्यवस्थाओं की पोल भी खोल दी है। खास बात यह है कि फरवरी माह की शुरुआत से अब तक सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ तेजी से बढ़ा है और बीते आठ दिनों में ही मौतों का आंकड़ा दहाई पार कर चुका है, जिससे जिले भर में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

लगातार हो रहे हादसों ने जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। फरवरी माह की शुरुआत से अब तक, खासकर गोला गोकर्णनाथ क्षेत्र सहित आसपास के मार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं में आठ दिनों के भीतर 11 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 20 से अधिक लोग घायल हुए हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि तेज रफ्तार, ओवरटेक की होड़, यातायात नियमों की अनदेखी, रात में भारी वाहनों की बेलगाम आवाजाही और प्रभावी ट्रैफिक नियंत्रण की कमी इन हादसों की बड़ी वजह बन रही है।



रविवार को गोला गोकर्णनाथ क्षेत्र के गोला-अलीगंज मार्ग पर महमदपुर गांव के पास तेज रफ्तार का सबसे दर्दनाक मंजर देखने को मिला। अलीगंज की ओर से गोला आ रही एक बाइक ने आगे चल रही बस को ओवरटेक करने का प्रयास किया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सड़क पर उस समय वाहनों की आवाजाही बनी हुई थी। ओवरटेक के दौरान बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सीधे बस से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और सवार दूर जा गिरे। हादसे में 18 वर्षीय करन पुत्र शिशुपाल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार 45 वर्षीय गीता पत्नी राजेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों ने दोनों को तुरंत उठाकर अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक करन दम तोड़ चुका था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को सीएचसी गोला भिजवाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।



इसी क्रम में शनिवार देर रात धौरहरा-ऊंचगांव मार्ग पर बसंतापुर पुलिया के पास एक और बड़ा हादसा हो गया। धौरहरा से किसी कार्यक्रम में शामिल होकर ऊंचगांव लौट रहा टेंपो ट्रक कटाव में अनियंत्रित होकर पलट गया। टेंपो में कुल नौ लोग सवार थे। पलटते ही चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घायलों को बाहर निकाला। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौरहरा ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान खुशबू, अबू तालिब और अजरा की मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल टेंपो चालक जीशान (30) पुत्र वारिस निवासी रसूलपुर ने जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में किस्मतुन (45), साकिया, सादिया, निदा (10), अकील (18) व इसराइल उर्फ जीसान सहित अन्य लोग घायल हुए, जिनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने सभी शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।



तीसरा हादसा निघासन थाना क्षेत्र में रविवार को हुआ, जहां झंडी रोड स्थित श्रीराम गोमती के पास तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार तीन लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। मौके पर अफरातफरी मच गई। राहगीरों और ग्रामीणों की मदद से घायलों को निघासन सीएचसी पहुंचाया गया, जहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। दो घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर कर दिया गया, जबकि एक का इलाज स्थानीय स्तर पर जारी है। घायलों की पहचान राकेश, उमेश निवासी गंगाबेहड़ और हरि निवासी नई बस्ती के रूप में हुई है। बताया गया कि तीनों एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल पिकअप वाहन को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## श्री गुरु नानक देव पब्लिक स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह संपन्न

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

गोला गोकर्णनाथ के अलीगंज स्थित बांसी में श्री गुरु नानक देव पब्लिक स्कूल में 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के सम्मान में विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का माहौल उत्साह, उमंग और भावुक पलों से सराबोर रहा। 12वीं के विद्यार्थी सजे-धजे अंदाज में समारोह में पहुंचे, जहां उनका तिलक लगाकर स्वागत व सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के मैनेजर देवेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों के साथ फीता काटकर किया। इसके बाद केक सेरेमनी आयोजित हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को केक खिलाकर यादगार पल साझा किए। समारोह का आयोजन 11वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं द्वारा



किया गया था, जिन्होंने अपने सीनियर्स के लिए रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान विभिन्न मनोरंजक खेलकूद प्रतियोगिताएं भी कराई गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। समारोह को संबोधित करते हुए मैनेजर देवेंद्र सिंह ने कहा कि 12वीं कक्षा जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव होती है, जहां से विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य की दिशा तय होती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और संस्कारों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी तथा विश्वास जताया कि विद्यालय के विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों में भी आगे रहेंगे। प्रधानाचार्या पूनम सक्सेना ने सभी छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय परिवार को अपने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर गर्व है और उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। समारोह का समापन स्मृति-चिन्ह भेंट व सामूहिक फोटो सेशन के साथ हुआ, जिसने इस विदाई को विद्यार्थियों के लिए सदैव यादगार बना दिया।

### तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा न्यायालय

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** न्यायालय द्वारा बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद न्यायालय में हाजिर नहीं होने पर इंद्रवार गांव निवासी वारंटी कृष्ण कुमार सिंह तथा रतेह गांव निवासी माधव चौरसिया व चिन्ता चौरसिया को एसआइ त्रिलोचन प्रताप सिंह,एसआइ मूलचंद वर्मा हेड कांस्टेबल संतोष यादव ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन ने बताया कि न्यायालय द्वारा जारी वारंट के अनुपालन में दो अलग-अलग गांवों से तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

## भारत-नेपाल सीमा के वंचित क्षेत्रों तक पहुंचेगी स्वास्थ्य सेवा

- 800 डॉक्टरों के दल के साथ 3 लाख लाभार्थियों तक पहुंचने का संकल्प
- मेगा चिकित्सा शिविर के साथ छठवीं गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवायात्रा का समापन



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

धर्म सभा इंटर कॉलेज परिसर में रविवार को नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन अवध प्रांत एवं सहयोगी संगठनों की ओर से आयोजित छठवीं गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवायात्रा का भव्य समापन 'मेगा चिकित्सा शिविर' के रूप में हुआ। उत्तर प्रदेश के प्रतिष्ठित चिकित्सकों और चिकित्सा छात्रों की उपस्थिति में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों ने परामर्श एवं उपचार का लाभ उठाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि यह स्वास्थ्य सेवायात्रा केवल एक चिकित्सा अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा का व्यापक संकल्प है। भारत-नेपाल सीमा से सटे थारू जनजातीय एवं समीपवर्ती जिलों—लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज—में वर्षों से यह यात्रा आयोजित होती आ रही है। इस वर्ष जनपद पीलीभीत को भी इसमें सम्मिलित किया गया है, जिससे सेवायात्रा का दायरा और विस्तृत हुआ है। आयोजकों के अनुसार 800 चिकित्सकों के दल के साथ तीन लाख से अधिक लाभार्थियों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में सुलभ एवं सस्ती चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह अभियान लगातार सक्रिय है।

### 43 वर्षों से राष्ट्र सेवा में सक्रिय नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन

वर्ष 1977 में स्थापित नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन एलोपैथिक मेडिकल एवं डेंटल छात्रों और डॉक्टरों का प्रमुख राष्ट्रवादी संगठन है। संगठन ने आंध्र प्रदेश साइक्लोन, भोपाल गैस त्रासदी के दौरान दरभंगा यूनिट द्वारा हमीदिया अस्पताल संचालन, नॉर्थ-ईस्ट और झारखंड में मेडिकल कैंप, बाढ़ राहत कार्य, गुजरात भूकंप सहित विभिन्न आपदाओं में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। बीते 43 वर्षों से संगठन निरंतर राष्ट्र सेवा का दायित्व निभाता आ रहा है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुनील सिंह, विभाग प्रचारक सीतापुर अभिषेक, सह विभाग प्रचारक अविनाश, विभाग संपर्क प्रमुख सचिन एवं नीरज कुमार सिंह, सदर विधायक योगेश वर्मा, ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता, अध्यक्ष डॉ. आर.आर. मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पंचायत सहयोग से कॉलेज निर्माण प्रकरण को मिली गति, सुप्रीम कोर्ट ने दिए जांच के निर्देश



**निघासन खीरी।** ग्राम पंचायत सिंगहा कला में प्रस्तावित डिग्री कॉलेज निर्माण का वर्षों पुराना मामला एक बार फिर तेज हो गया है। पंचायतवासियों के सहयोग और प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित के प्रयासों के चलते सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार के माध्यम से जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी को पूरे प्रकरण की तथ्यात्मक जांच कर चार माह में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।लगभग साढ़े आठ एकड़ भूमि पर कॉलेज निर्माण का प्रस्ताव वर्षों पूर्व पारित हुआ था, लेकिन आज तक निर्माण शुरू नहीं हो सका। वर्ष 2012 में न्यायालय ने संबंधित समिति को निर्माण का आदेश दिया था, जबकि 2014 में कागजों में महाविद्यालय संचालित दिखाया गया, पर जमीनी स्तर पर कोई भवन नहीं है। उच्च शिक्षा से वंचित क्षेत्रीय छात्रों की समस्या को लेकर प्रधान प्रतिनिधि द्वारा दायर याचिका पहले हाईकोर्ट से खारिज हुई, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। अब डीएम को जांच कर कार्रवाई के निर्देश मिले हैं। बैठक में श्याम मोहन दीक्षित सहित कई ग्रामीण व गणमान्य लोग मौजूद रहे।




### गुमशुदा युवती को पुलिस ने किया बरामद, परिजनों को सौंपा

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव से गुमसुदा एक युवती को पुलिस ने जांच पड़ताल करने के बाद युवती को बरामद कर युवती को उसके परिजनों को सौप दिया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के पिता ने थाने में तहरीर देकर युवती के गुम होने पर गुमशुदगी दर्ज कराया था। पुलिस द्वारा गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करते हुए युवती को बरामद कर उसके परिजनों को सौप दिया है। बरामद युवती ने पुलिस को बताया की भूल से प्रयागराज बस पकड़ कर चली गई थी। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष श्यामलाल ने बताया की गुमसुदा युवती को बरामद कर उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

## प्रांतीय लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता ने संपर्क मार्ग का किया सर्वे



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** भारतीय किसान समिति के पदाधिकारी गण की पहल पर नैड़ी कठारी रतेह चौराहा मड़वा धनावल, सोनगढ़ा संपर्क मार्ग का सर्वे जेई सुशील कुमार प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग के भारतीय किसान समिति के जिलाध्यक्ष परशुराम मिश्रा जिला महासचिव सुरेन्द्र बहादुर सिंह,ग्राम प्रधान शिव गोविंद चौरसिया एवं प्रदीप कुमार दुबे भारतीय किसान समिति प्रदेश अध्यक्ष कि मौजुदगी किया गया। समस्या का समाधान के लिए उच्च अधिकारियों को निर्देश जारी किया गया। अगले वित्तीय वर्ष के कार्योजना में शामिल करने का प्रस्ताव देने का दिशा निर्देश भी जारी कर पदाधिकारीगण को अवगत कराया गया।अधिशासी अभियंता द्वारा त्वरित रिपेयरिंग का कार्य कराने का आश्वासन दिया। इस संबंध में अवर अभियंता सुशील कुमार ने बताया की सम्पर्क मार्ग का सर्वे कर प्रस्ताव भेजा जायेगा।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित जन आरोग्य मेला में 227 मरीजों का हुआ उपचार

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज़।**

उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 227 मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया है। उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में चिकित्सक विवेक खरे ने कुल 51मरीजों का उपचार किया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार मे आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी के देखरेख में 39 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य



मेला का आयोजन डॉक्टर बाल कृष्ण मिश्रा के देखरेख में 45मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला डॉक्टर शालिनी सिंह के देखरेख में 43मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला चिकित्सक मनीष कुमार की देखरेख में 49 मरीजों का उपचार कर दवा वितरण किया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंन्द्रो मतवार, ड्रमण्डगंज, बरौधा मुड़पेली में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में कुल 227 मरीजों का उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। इस दौरान फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा, मनोज कुमार, सुभाष पटेल, दशरथ पटेल एलटी राकेश पटेल, स्टॉफ नर्स माया, आदि मौजूद रहें।

